# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## मंगलवार दोपहर 1.45 बजे उत्तराखंड के धराली में बादल फटा, करीब 4 की मौत, 300 से ज्यादा लापता



16 टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुटी

### 34 सेकंड में 'गंगा का मायका' कहा जाने वाला धराली गांव गायब, यह गांव गंगोत्री धाम से सिर्फ 7 किलोमीटर दूर

# जल-प्रलय....ने तोड़ी जिंदगी की 'लय'

एजेंसी ▶▶ उत्तरकाशी

उत्तरकाशी के धराली गांव में मंगलवार को दोपहर 1.45 बजे बादल फटने से भारी तबाही मच गई। इसमें अब तक 4 लोगों की मौत हो गई। 300 से ज्यादा लोग लापता हैं। प्रशासन का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी की टीमें बचाव और रेस्क्यू के काम में जुटी हैं। खीर गंगा नदी में पहाड़ों से बहकर आए मलबे से धराली का बाजार, मकान और होटल बह गए। सिर्फ 34 सेकंड सब कुछ बर्बाद हो गया। ▶▶ शेष पेज 5 पर

**खीर गंगा नदी में पहाड़ों से बहकर आए मलबे से धराली का बाजार, मकान और होटल बह गए**

**पीएम नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री धामी से बात की और केंद्र की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया**





### वीडियो में लोग भागो-भागो चिल्लाते हुए जान बचाते दिखे 30 फीट तक मलबा जमा

**हेल्पलाइन नंबर**
01374222126, 01374222722 और 9456556431

इस आपदा के कई वीडियो सामने आए। इनमें लोग जान बचाने के लिए यहां-वहां भागते नजर आए। चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। जो लोग इसके वीडियो बना रहे थे, वो लोगों से दूरी होने के बाद भी चिल्ला-चिल्लाकर बचने के लिए कह रहे थे। आपदा के बाद धराली में 30 फीट तक मलबा जम गया। बाजार की कई दुकानें और आसपास के मकान जमींदोज हो गए।

### मलबे से घिसटते हुए निकला एक अकेला शख्स

धराली में बादल फटने के बाद आए सैलाब में जिंदा बचे शख्स का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि धराली का एक बाजार क्षेत्र तेज़ बारिश और मलबे से पूरी तरह भर चुका है। लोग चीखते-चिल्लाते भाग रहे हैं। इसी बीच एक व्यक्ति पानी के तेज़ बहाव में बहता चला जा रहा था, लेकिन उसने हार नहीं मानी। वो लगातार खुद को खींचते हुए बाहर लाने की कोशिश करता है। एक समय ऐसा आता है जब लगता है कि वह पूरी तरह बह जाएगा, लेकिन फिर वह किसी तरह से बच निकलता है। लोग इस व्यक्ति को देखकर एयर इंडिया फ्लाइट एआई 171 के इकलौते बचे यात्री विश्वास कुमार रमेश से तुलना कर रहे हैं। वह भी इसी तरह मौत को चकमा देकर जीवन में दोबारा लौटा था।

**सेब के बागानों और राजमा की खेती के लिए मशहूर**

सेब के बागानों और राजमा की खेती के लिए मशहूर धराली में हर साल हजारों टूरिस्ट जाते हैं। यहां की हरियाली, खीर गंगा नाला, और भागीरथी नदी का संगम पर्यटकों को आकर्षित करता है। सूर्योदय और सूर्यास्त के नजारे यहां से देखने लायक होते हैं।









### रूस से तेल, हथियारों की खरीद पर कम नहीं हो रही अमेरिकी राष्ट्रपति की नाराजगी...

# भारत पर अगले 24 घंटे बहुत भारी, ट्रंप ने दी टैरिफ में बेतहाशा बढ़ोतरी करने की चेतावनी

### भारत ने पहले ही एक आधिकारिक बयान जारी कर मामले पर साफ कर दिया है अपना रुख, अमेरिकी राष्ट्रपति के बयानों को अवैध बताते हुए रूस ने इन्हें बताया महज धमकियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली


भारत की रूस से जारी तेल और सैन्य हथियारों की खरीद से चिढ़े अमेरिका के राष्ट्रपति का गुस्सा कम होने की बजाय दिनों दिन सातवें आसमान पर पहुंचता हुआ नजर आ रहा है। जिसकी बानगी डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मंगलवार को दिए गए बयान से मिलती है। जिसमें उन्होंने एक बार फिर से कहा कि भारत, अमेरिका का अच्छा व्यापारिक भागीदार नही है। वो हमारे साथ बहुत अधिक व्यापार करते हैं।

लेकिन हम उनके साथ व्यापार नहीं कर पाते हैं। इसलिए मैंने 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। अब मुझे लगता है कि मैं अगले 24 घंटों में भारत पर लगाए जाने वाले टैरिफ में भारी बढ़ोतरी करने जा रहा हूं। भारत, रूस से तेल खरीदकर उसकी युद्ध की मशीनरी को ईंधन प्रदान कर रहा है।

अगर वो ऐसा करते रहते हैं तो मैं उन्हें खुश नहीं रहने दूंगा। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिकी वस्तुओं, सामग्री पर दुनिया में सर्वाधिक टैरिफ वसूलने वाला देश है। सीएनबीसी को दिए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने यह जानकारी दी है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### कल से लागू होगा 25 फीसदी टैरिफ

यहां बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति की यह नई चेतावनी उनके द्वारा भारत पर 7 अगस्त (गुरुवार) से लागू होने वाले 25 फीसदी टैरिफ के ऐलान के तुरंत बाद दी गई है। जिसमें उन्होंने भारत द्वारा रूस से की जा रही तेल के अलावा हथियारों की खरीद को लेकर उस पर जुर्माना लगाने की बात भी कही थी। बीते 4 अगस्त को ट्रंप, भारत को धमकी देते हुए ये भी कह चुके हैं कि यूक्रेन में हो रही मौतों के मामले पर भारत को कोई चिंता नहीं है। वह रूस की युद्ध मशीनरी को अपनी तेल खरीद से आर्थिक मदद प्रदान कर रहा है। इसके अलावा भारत न केवल रूस से तेल खरीद रहा है। बल्कि वो इसके एक बड़े हिस्से को अपने मुनाफे के लिए वैश्विक बाजार में बेच भी रहा है।



#### अमेरिका भी कर रहा रूस से व्यापारः भारत

रूस से तेल खरीद पर भारत पर लगातार निशाना साधने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति को भारत ने बेहद सख्त लहजे में अपना जवाब दे दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्रंप के तमाम आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि रूस से केवल भारत ही नहीं बल्कि उसकी आलोचना करने वाला अमेरिका भी व्यापार कर रहा है। ऐसे में अमेरिका की आपत्ति अनुचित और तर्कहीन है। भारत अपने देश के राष्ट्रीय और आर्थिक हितों को सुरक्षित रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। रणधीर ने बयान में अमेरिका के साथ ही रूस से बड़े पैमाने पर व्यापार करने वाले यूरोपीय संघ (ईयू) पर भी निशाना साधा। जो कि रूस से जारी तेल की खरीद को लेकर लंबे वक्त से भारत की आलोचना करने में लगा हुआ है।

### अमेरिका ने पाकिस्तान को बेचे 2 अरब डॉलर के हथियार...

#### 1971 के समाचारपत्र की एक पोस्ट से सेना ने खोला अमेरिकी साजिश का कच्चा चिट्ठा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मंगलवार को भारत पर लगाए जाने वाले 25 फीसदी टैरिफ में अगले 24 घंटे में की जाने वाली भारी वृद्धि की चेतावनी के बीच भारतीय सेना का एक बड़ा महत्वपूर्ण खुलासा किया है। जिसमें बल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर करीब 54 साल पुरानी यानी 5 अगस्त 1971 की एक समाचारपत्र की पोस्ट को साझा कर कहा है कि इससे साफ हो जाता है कि कैसे संयुक्त राज्य अमेरिका दशकों से पाकिस्तान का समर्थक रहा है? उस वक्त 5 अगस्त के दिन ही ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### यह है पोस्ट का सार

सेना ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा कि 5 अगस्त 1971 को आज के ही दिन युद्ध की तैयारी चल रही थी। अखबार के प्रकाशित पन्ने पर तत्कालीन रक्षा मंत्री वीसी शुक्ला का बयान मौजूद है। जिसमें उन्होंने संसद के उच्च सदन में कहा कि बांग्लादेश में भड़के विद्रोह के मद्देनजर नाटो देश और सोवियत संघ से पाकिस्तान को हथियार देने के लिए कहा गया था। अखबार में लिखा है कि अमेरिका ही नहीं बल्कि चीन ने भी पाकिस्तान को हथियार दिए। जिनकी मदद से उसने 1971 में भारत के खिलाफ युद्ध लड़ा था। पाकिस्तान के प्रति अमेरिका के प्रेम का प्रमाण इस बात से भी मिल जाता है कि जहां अमेरिकी राष्ट्रपति एक ओर भारत समेत दुनिया के तमाम देशों को टैरिफ की धमकी दे रहे हैं। वहीं, पाकिस्तान को लेकर उनका ऐसा कोई बयान अब तक सामने नहीं आया है। उलटा उन्होंने पाकिस्तान पर लगाया गया 29 फीसदी का टैरिफ घटाकर 19 फीसदी कर दिया है।

### ऑपरेशन सिंदूर पर एनडीए संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी को सम्मानित किया



**पहलगाम हमले के जवाब में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एनडीए की बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल पार्टियों की संसदीय दल की बैठक में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्मानित किया गया। आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सभी लोगों की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सम्मानित किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए बैठक में अमित शाह की प्रशंसा करते हुए कहा, वह अब सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले केंद्रीय गृह मंत्री बन चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद पुस्तकालय भवन में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल की बैठक को संबोधित किया। यह महत्वपूर्ण बैठक संसद में चल रहे गतिरोध के बीच हुई जहाँ विपक्षी दल बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर बहस की माँग कर रहे हैं और इसे वापस लेने की माँग कर रहे हैं।

पहलगाम आतंकी हमले और इसके जवाब में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एनडीए की बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया गया। इसमें एनडीए संसदीय दल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'ऑपरेशन महादेव' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण को सलाम किया। ज्ञात हो कि ऑपरेशन सिंदूर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान-समर्थित आतंकवादी संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट ने इसी साल 22 अप्रैल को जघन्य और कायराना आतंकी हमला किया था। एनडीए के प्रस्ताव में कहा गया कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों को धर्म के आधार पर निर्ममता से मार डाला गया। प्रस्ताव में ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति शासन की अवधि 6 महीने बढ़ी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को राज्यसभा में एक महत्वपूर्ण



प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव में मणिपुर में लागू राष्ट्रपति शासन की अवधि छह महीने और बढ़ाने की अनुमति मांगी गई। मणिपुर में पहले से राष्ट्रपति शासन लागू है अब इसे अगले छह महीने तक के लिए और आगे बढ़ाने की अनुमति मांगी गई। भारी हंगामे के बीच सदन ने यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। प्रस्ताव 13 फरवरी को राष्ट्रपति द्वारा अनुच्छेद 356 के तहत जारी अधिसूचना से जुड़ा है।

### टैरिफ टेंशन से रुपए में गिरावट, 29 पैसे लुढ़का

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल



खरीदने पर भारतीय वस्तुओं पर कड़े टैरिफ लगाने की नई धमकी के बाद 5 अगस्त को रुपया 29 पैसे की गिरावट के साथ खुला। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को 16 पैसे टूटकर 87.82 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपया दबाव में है और इस सप्ताह भी यही स्थिति रह सकती है।

### केंद्रीय सचिवालय के पहले आधुनिक भवन का आज उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज, बुधवार को राजधानी दिल्ली में कर्तव्य भवन 3 का उद्घाटन करेंगे। यह भवन केंद्र सरकार की बहुप्रतीक्षित 'साझा केंद्रीय सचिवालय परियोजना का पहला प्रमुख हिस्सा है। उद्घाटन समारोह सुबह 12:15 बजे निर्धारित है। कर्तव्य भवन 3 के उद्घाटन के साथ ही केंद्र सरकार के कई मंत्रालयों और विभागों को अब पुराने भवनों से स्थानांतरित किया जाएगा। इसे नवीन भारत के प्रशासनिक ढांचे का पहला मील का पत्थर माना जा रहा है।

#### भवन की विशेषताएं

यह भवन करीब 1.5 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। इसमें ग्राउंड सहित छह मंजिलें और दो भूमिगत तल शामिल हैं। गृह मंत्रालय, ग्रामीण विकास, पेट्रोलियम, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग, कार्मिक मंत्रालयों सहित कई विभागों के लिए कार्यालय कक्ष बनाए गए हैं। भवन में सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट प्रबंधन, और ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह भवन ग्रीन बिल्डिंग है, जिससे यह ऊर्जा दक्षता ▶▶ शेष पेज 5 पर

**जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल मलिक का निधन**

### पीएम मोदी ने बनाया था 'राज्यपाल' और उन्हीं के खिलाफ हो गए थे खड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक (79) का मंगलवार 5 अगस्त को निधन हो गया। सत्यपाल मलिक लंबे समय से बीमार चल रहे थे और राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्यपाल मलिक के निधन पर दुख जताया है- सत्यपाल मलिक के निधन से दुखी हूं। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं। ओम शांति।



गौर हो कि सत्यपाल मलिक को पीएम मोदी ने ही राज्यपाल बनाया था। पर, वे बाद में पीएम के खिलाफ ही खड़े हो गए थे। सत्यपाल मलिक का राजनीतिक सफर काफी अच्छा रहा, लेकिन वह एक दल में अधिक समय तक ▶▶ शेष पेज 2 पर

**सशस्त्र सेनाओं की बढ़ेगी मारक क्षमता**

### पाकिस्तान संग तनाव के बीच डीएसी ने दी 67 हजार करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ पश्चिमी सीमाओं पर बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच मंगलवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें तीनों सशस्त्र सेनाओं की युद्धक क्षमता को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए कुल 67 हजार करोड़ रुपए के रक्षा खरीद से जुड़े



प्रस्तावों को मंजूरी (आवश्यकता की स्वीकृति, एओएन) प्रदान की गई है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि रक्षा मंत्री द्वारा स्वीकृत प्रस्तावों में सेना द्वारा प्रयोग किए जाने वाले बीएमपी वाहनों में रात में प्रयोग ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### नौसेना, वायुसेना की यूं बढ़ेगी ताकत

मंत्रालय ने कहा कि डीएसी ने बैठक के दौरान नौसेना के लिए कांपैक्ट ऑटोनॉमस सरफेस क्राफ्ट, ब्रह्मोस फायर कंट्रोल सिस्टम और लांचर, बराक-1 पाइंट डिफेंस मिसाइल सिस्टम के उन्नतीकरण से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सरफेस क्राफ्ट भारतीय नौसेना को खतरों को ढूंढने, उनका वर्गीकरण करने और पनडुब्बी रोधी युद्ध कौशल से जुड़े मिशन के दौरान उन्हें नेस्तनाबूद करने में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अभिषेक बनर्जी बने तृणमूल संसदीय दल के नए नेता, काकोलि घोष दस्तीदार मुख्य सचेतक

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में तृणमूल संसदीय दल के नेता सुदीप बनर्जी लंबे समय से बीमार चल रहे हैं। सांसद महुआ मोइत्रा और मुख्य सचेतक कल्याण बनर्जी के बीच सार्वजनिक रूप से ठन गई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को मौका मिल गया। लंबे समय से संसदीय लीडरशिप में परिवर्तन की बाट जोह रही ममता ने वरिष्ठतम नेताओं में शुमार पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदीप बनर्जी की जगह अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को लोकसभा में संसदीय दल के नेता के रूप में बडी जिम्मेदारी दे दी। 34 वर्षीय अभिषेक बनर्जी डायमंड हार्बर से लोकसभा सांसद हैं और पार्टी के ऑल इंडिया महासचिव भी हैं। अब संसद में उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। वे टीएमसी की रणनीति, बयानबाजी और विपक्षी एकता को मजबूती देने में प्रमुख चेहरा होंगे। संसदीय राजनीति में अपेक्षाकृत युवा नेतृत्व को आगे लाकर शायद पार्टी सुप्रीमो ने बुजुर्ग हो चले नेताओं को सीधा मैसेज दे दिया है। अगले ही साल पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव हैं। इस बीच इंडिया गठबंधन से बेहतर तालमेल के साथ तृणमूल कांग्रेस के लिए फ्लोर मैनेजमेंट की जिम्मेदारी अभिषेक बनर्जी की होगी।

संसद के मॉनसून सत्र के बीच इस बडे बदलाव को अलग नजरिये से देखा जा रहा है। अभिषेक बनर्जी के साथ मुख्य सचेतक के रूप में काकोली घोष दास्तीदार को मुख्य सचेतक की जिम्मेदारी ममता बनर्जी ने दी। बारासात से सांसद डॉ. काकोलि घोष दस्तीदार लंबे समय से पार्टी के साथ जुड़ी रही हैं। उन्हें मुख्य सचेतक बनाकर पार्टी ने अनुभव और संगठन की समझ को ▶▶ शेष पेज 5 पर

**हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक तेवरों से बेपरवाह भारत-फिलीपींस...**

### संबंधों को रणनीतिक भागीदारी का दर्जा देने का लिया गया निर्णय कार्य योजना को दी मंजूरी

## दोनों देशों ने क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और नियम आधारित व्यवस्था के लिए जताई प्रतिबद्धता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत क्षेत्र (आईओआर) में चीन के बढ़ते तल्ख तेवरों और भारत-फिलीपींस की नौसेनाओं के बीच दक्षिण-चीन सागर में हालिया किए गए नौसैन्य युद्धाभ्यास को लेकर उसे लगी मिर्ची के बीच मंगलवार को दोनों देशों ने कड़ा पलटवार किया है।

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर.मार्कोस जूनियर के बीच हुई द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक के बाद दोनों शीर्ष नेताओं ने एकजुटता से आईओआर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, समृद्धि और नियम आधारित व्यवस्था को लेकर अपनी प्रतिबद्धता ▶▶ शेष पेज 5 पर

*यह जानकारी विदेश मंत्रालय द्वारा मंगलवार को हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मार्कोस के बीच हुई बैठक के बाद दी गई*





#### रणनीतिक भागीदारी में तब्दील हुए संबंध

*संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एक ऐतिहासिक दिन है। क्योंकि हमने अपने संबंधों को रणनीतिक भागीदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। भागीदारी की क्षमता को परिणामों में तब्दील करने के लिए 2025 से 2029 तक एक व्यापक पंचवर्षीय योजना को भी मंजूरी दी गई है। जिससे हमारे संबंधों को एक नई गति और गहराई मिलेगी। रक्षा-सुरक्षा क्षेत्र में संबंधों को* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप



### बुराड़ी में खिलौना फैक्टरी में लगी आग

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में मंगलवार को एक खिलौना फैक्टरी में आग लग गई। दमकल विभाग की आधा दर्जन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना दोपहर एक बजे मिली थी। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस आग लगने के कारणों की पड़ताल कर रही है। शुरुआती तौर पर आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी।

### लाल किले के पास से पांच बांग्लादेशी पकड़े

**नई दिल्ली।** राजधानी में अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिकों को लाल किले के पास से हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार ये लोग सोमवार को लाल किला देखने आए थे और परिसर में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि स्वतंत्रता दिवस से पहले बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था के कारण लाल किले को 15 जुलाई से ही आम जनता के लिए बंद कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार लाल किले के पास तैनात सुरक्षाकर्मियों ने नियमित जांच के दौरान 20 से 25 साल की उम्र के पांच लोगों को रोका। इन लोगों को इसलिये रोका गया क्योंकि उनके पास वैध प्रवेश पास नहीं थे। पूछताछ के दौरान पता चला कि ये पांचों बांग्लादेशी नागरिक हैं, जो लगभग तीन-चार महीने पहले अवैध रूप से भारत में घुसे थे। उन्होंने हिरासत में लेकर लोकल पुलिस के हवाले कर दिया गया। पकड़े गये लोगों ने पूछताछ में में बताया कि वे दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करते हैं। जांच के दौरान इन लोगों के पास से बांग्लादेशी दस्तावेज बरामद होने की बात सामने आई है। पुलिस ने इनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### एक सीए छात्र और पूर्व बैंक कर्मचारी भी शामिल

# बैंक अधिकारी बन साइबर धोखाधड़ी करने वाले पांच लोगों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली



साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की साइबर पुलिस ने बैंक कर्मचारी बनकर क्रेडिट कार्ड पर इनामी प्वाइंट्स का लालच देकर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक सीए छात्र और पूर्व बैंक कर्मचारी भी शामिल है।

पुलिस के अनुसार पालम कॉलोनी शख्स ने 20 जून को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति ने खुद को निजी बैंक का कर्मचारी बताकर फोन किया और उसके साथ 96,000 रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस के अनुसार गिरोह बैंक कर्मचारियों का रूप धारण कर क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड प्वाइंट्स भुनाने के बहाने पीड़ितों से संपर्क करता था। फोन करने वाले ने शिकायतकर्ता को उसके क्रेडिट कार्ड की आंशिक जानकारी दी और 'रिवॉर्ड पॉइंट रिडीम' के नाम पर ओटीपी शेयर करने के लिए राजी किया। इसके बाद मोबाइल ऐप्लिकेशन के जरिए धोखाधड़ी से आरोपी के बैंक खाते से पैसे हस्तांतरित कर लिए गए। आरोपी लोगों से क्रेडिट कार्ड का विवरण और ओटीपी एकत्र करते थे और धोखाधड़ी से प्राप्त धन को बैंक खातों के माध्यम से स्थानांतरित कर देते थे। मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई तो पता चला कि धोखाधड़ी की गई रकम एक बैंक से कई बैंक खातों में घुमाई गई। एटीएम से रकम निकाली गई। एटीएम के सीसीटीवी फुटेज में एक आरोपी चेहरा ढंककर नकदी निकालते हुए भी दिखाई दिया। मोहन गार्डन स्थित एक स्थान पर छापेमारी के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों अतुल कुमार, सनी कुमार सिंह और कौशल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से कई बैंक खातों की किट, विभिन्न फर्मों के स्टाम्प, मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल उपकरण बरामद हुए हैं। पूछताछ के दौरान पता चला कि निजी बैंक का पूर्व कर्मचारी कौशल कुमार कई फर्जी खाते खोलने के लिए जिम्मेदार था। उसने मोहन गार्डन में एक किराए का मकान लिया था, जहां उसने चालू और बचत खाते खुलवाए। ये खाते फिर एक महिला के जरिए साइबर अपराधियों को मुहैया कराए गए, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। सीए अंतिम वर्ष के छात्र सनी कुमार सिंह ने जीएसटी और उद्यम प्रमाणपत्र बनाने के साथ-साथ खाते खोलने के लिए ईमेल आईडी बनाने में भी मदद की। अतुल कुमार जिसके नाम पर कंपनी पंजीकृत थी के पास धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए तीन बैंक खाते थे। पांचवां आरोपी मोहम्मद अहमद पहले कॉल सेंटर में काम करता था। वह बैंक अधिकारी बनकर फोन करने वाला मुख्य व्यक्ति था। वह फरार चल रहा था और इस साल की शुरुआत में दर्ज एक अन्य साइबर धोखाधड़ी मामले में वांछित था। पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर अहमद को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों मोहम्मद अहमद, कौशल कुमार, अतुल कुमार, सनी कुमार सिंह और महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# शराब माफिया ने पुलिस पर किया हमला, सिपाही घायल

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

बदरपुर थाना इलाके के गौतमपुरी में सोमवार रात शराब माफियाओं ने स्पेशल स्टाफ की टीम पर हमला कर दिया। इस घटना में एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सिपाही को अपोलो अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस घटना के बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और छापेमारी की जा रही है।

पुलिस के अनुसार स्पेशल स्टाफ की टीम को अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली थी। जैसे ही टीम मौके पर पहुंची, वहां मौजूद शराब माफियाओं और उनके समर्थकों ने पुलिस पर अचानक पथराव और लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले में पुलिस टीम को पीछे हटना पड़ा और एक जवान भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद हमले की खबर मिलते ही आसपास के कई थानों से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर बुलाया गया। देखते ही देखते पूरे गौतमपुरी इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया। दिल्ली पुलिस के सैकड़ों जवानों ने एक साथ पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। घर-घर की तलाशी ली जा रही है। संदिग्धों की पहचान कर



■ बदरपुर में भारी पुलिस बल की तैनाती

उनकी गिरफ्तारी की कोशिश लगातार जारी है।

हालात पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी नजर बनाये हुये हैं। हमले में शामिल कई लोगों की पहचान कर ली गई है। घटना की जानकारी देते हुए साउथ ईस्ट जिले के डीसीपी हेमंत तिवारी ने कहा कि स्पेशल स्टाफ की टीम शराब तस्करों के खिलाफ जांच करने के लिए गई थी। हमले में घायल कांस्टेबल का नाम सतवीर है। उसकी हालत स्थिर है। पुलिस टीम ने रात में कई आरोपियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

**SINDHU TRADE LINKS LIMITED**
Regd. Office: 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi -110035
CIN: L63020DL1992PLC121695

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company will be convened on Wednesday, **13th August, 2025 at 04:30 P.M.** to consider and approve the Standalone & Consolidated Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter Ended on 30th June, 2025 at the Corporate Office of the Company at 15th Floor, 1502, Tower A, Signature Tower, Sector - 30, Gurugram - 122003 through hybrid mode.

This said information is also available on the Company's website at www.sindhutrade.com and may also be available on the website of the stock exchange at www.bseindia.com and www.nseindia.com.

By the order of the Board
For Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Suchi Gupta
Company Secretary & Compliance Officer

Place: Gurugram
Date: 05.08.2025

# 55 लाख चोरी करने वाला नौकर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

केशवपुरम थाने और एटीएस की टीम ने 55 लाख रुपये चुराकर फरार हुये नौकर को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पास से 100 फीसदी बरामदगी हो गई है। पुलिस ने आरोपी तक पहुंचने के लिये कई पड़ोसी राज्यों में लगातार छापेमारी की और 200 से ज्यादा सीडीआर, आईपीडीआर और सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। गिरफ्तार नौकर का नाम नरेंद्र शर्मा बताया गया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी नौकर नरेंद्र शर्मा (27) निवासी भामनवास खेता, महेंद्रगढ़, हरियाणा का रहने वाला है। पुलिस को 27 जुलाई को नंद किशोर निवासी लॉरेंस रोड ने केशवपुरम थाने में चोरी की शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं और उसी पते पर अपना कार्यालय चलाते हैं। उन्होंने बताया कि नरेंद्र शर्मा उनके साथ डिलीवरी ब्वॉय के रूप में काम करता था। 24 जुलाई को शिकायतकर्ता ने नरेंद्र को 55 लाख की नकद राशि सौंपी थी। धनराशि एक संपत्ति की बिक्री और खरीद से संबंधित पार्टी को दी जानी थी। कथित तौर पर नरेंद्र ने नकदी एक बैग में रखी और ऑफिस से निकल गया। बाद में जब शिकायतकर्ता ने नरेंद्र को यह पुष्टि करने के लिए फोन किया कि क्या



भुगतान उनकी पार्टी तक पहुंचा दिया गया है, तो नरेंद्र ने उन्हें बताया कि संबंधित पार्टी अभी तक उस स्थान पर नहीं पहुंची है। कुछ देर बाद जब शिकायतकर्ता ने फिर से उससे संपर्क करने की कोशिश की, तो नरेंद्र का मोबाइल फोन बंद मिला। कई प्रयासों के बावजूद शिकायतकर्ता उससे संपर्क नहीं कर सका था। जांच के दौरान, टीम ने अपराध स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज का व्यापक विश्लेषण किया और आरोपी का पता लगाने के लिए दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में कई तलाशी अभियान चलाए। लेकिन आरोपी बार-बार अपने ठिकाने बदलता रहा। आखिर में उसे रकम के साथ दबोच लिया गया।

# मधु विहार में ट्रांसजेंडर की हत्या के दो आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने मधु विहार में ट्रांसजेंडर की नृशंस हत्या में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के नाम रेहान उर्फ इक्का और मोहम्मद सरवर है। इन्हें पूर्वी दिल्ली से सामेवार देर रात पकड़ा गया। इन्होंने सोमवार को ही दिन में करण उर्फ अन्नू की हत्या की थी। पुलिस के अनुसार आरोपी के ठिकाने के बारे में जानकारी मिलने के बाद एक टीम कमला मार्केट से रवाना हुई। संदिग्ध का पता लगाने के लिए ट्रांस-यमुना, गाजियाबाद और मेरठ के इलाकों में कई छापे मारे गए। हालांकि, विशेष सूचना मिलने पर टीम लगभग आधी रात को लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन पहुंची और आसपास के पार्किंग क्षेत्र और किशन कुंज एसडीएम कार्यालय के पास शकरपुर फ्लाईओवर के नीचे ट्रैप लगाया गया। रात लगभग 12:45 बजे दिए गए विवरण से मिलते



जुलते दो संदिग्ध पैदल आए और फ्लाईओवर के नीचे खड़े हो गए, मानो किसी का इंतजार कर रहे हों। सूचना पर कार्रवाई करते हुए और मुखबिर द्वारा पुष्टि के बाद टीम ने लगभग 1:00 बजे दो संदिग्धों को तुरंत पकड़ लिया। दोनों संदिग्धों ने उसी दिन पहले ट्रांसजेंडर करण उर्फ अन्नू की हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने टेल्को टी-पॉइंट के पास नाले के किनारे झाड़ियों में चाकुओं से वार करके पीड़ित की हत्या कर दी थी। लगातार पूछताछ के दौरान पता चला कि रेहान उर्फ इक्का और मृतक करण उर्फ अन्नू पिछले चार महीनों से लिव इन रिलेशनशिप में थे। समय के साथ रेहान द्वारा पीड़िता से लगातार पैसे ऐंठने के कारण विवाद होने लगे। जैसे ही पीड़िता ने खुद को दूर करना शुरू किया, रेहान ने इसे विश्वासघात समझा। क्रोधित और अधिकार जताने वाले रेहान ने अपने सहयोगी मोहम्मद सरवर के साथ मिलकर पीड़िता की हत्या की साजिश रची।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | डीएलटी–डब्ल्यू/एल नंबर 3, 4 और 5, राजधानी डब्ल्यू/एल नंबर 9 और 10 पर हाई–स्पीड ट्रेन के रखरखाव की सुविधा के लिए वॉशिंग कम पिट–लाइनों पर कवर शेड के प्रावधान सहित रखरखाव सुविधाओं के उन्नयन के लिए दूरसंचार सुविधाओं का प्रावधान। और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर डीएलटी–डब्ल्यू/एल नंबर 1 और 2 का शेष भाग। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 2,71,07,148.57/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 2,85,500.00/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 29.08.2025 15:00 बजे तक। |
| वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्या : 558–सिगनल–16–टेली–ओपनटेंडर–1017
दिनांक : 05.08.2025
2375/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मुख्यमंत्री-महापौर ने तिमारपुर स्थित संजय बस्ती में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह के साथ मंगलवार को तिमारपुर स्थित संजय बस्ती में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में लगातार हजारों जगह स्वच्छता अभियान का कार्य रोज़ाना चल रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि दिल्ली की सभी आर डब्ल्यूए, धार्मिक एवं सामाजिक लोग एवं जनप्रतिनिधि इस अभियान से जुड़े हुए हैं। इस अवसर पर तिमारपुर के विधायक सूर्य



प्रकाश खत्री, सिविल लाइंस क्षेत्र के अध्यक्ष गुलाब सिंह, सिविल लाइंस क्षेत्र के उपायुक्त अंशुल सिरोही, निगम के अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने देखा कि एक लड़का सुबह सवेरे बस स्टैंड की सफाई करता है। दिल्ली की जनता बड़ी संख्या में स्वच्छता अभियान से जुड़ कर अपने घर, गली, कॉलोनी और बाजारों में सफाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर प्रत्येक व्यक्ति आसपास सफाई करेगा तो शहर को साफ, सुंदर एवं हरित बना पाएगा।

दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की लोकप्रिय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में कूड़े के विरुद्ध युद्ध छेड़ा हुआ है। स्वच्छता अभियान में जनता बढ़ चढ़ कर भाग ले रही है जिसका मतलब है कि जनता मन से इस अभियान से जुड़ गई है और मेरा मानना है कि हम सब के प्रयासों से दिल्ली स्वच्छ और सुंदर नजर आएगी।

# नए छात्रों के स्वागत में एनएसयूआई, किसी भी तरह की सहायता के लिए जारी किया हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) दिल्ली विश्वविद्यालय में पहली बार प्रवेश करने यानी नए छात्रों के स्वागत में खड़ी रही। एनएसयूआई ने नए छात्रों के स्वागत के साथ ही उनको किसी भी तरह की परेशानी, सहयोग अथवा जानकारी के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जिस पर केवल मिस कॉल करते ही वापसी कॉल समाधान करेगी। इस बारे में एनएसयूआई दिल्ली द्वारा दी गई जानकारी अनुसार एनएसयूआई ने नए छात्रों का खुले दिल से स्वागत किया। नए छात्रों के लिए हेल्प डेस्क से लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी



किया। एनएसयूआई का कहा है कि पहली बार विवि में कदम रखने वाले छात्रों के लिए एक नया दिन, एक नई शुरुआत के साथ होना चाहिए। इसके लिए एनएसयूआई ने कॉलेज परिसरों में प्रवेश करने वाले सभी नए छात्रों का सीखने, विकास और अविस्मरणीय यादों के सफ़र में जमकर स्वागत किया है। एनएसयूआई ने छात्रों को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी जमकर उपयोग किया। सोशल मीडिया पर छात्रों को बताया गया कि क्या आपके कोई प्रश्न हैं या आपको मदद चाहिए, तो अपने परिसर में स्थित एनएसयूआई हेल्प डेस्क पर जाएँ या 08045682723 पर मिस्ड कॉल दें। इस नई शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत करते हुए, हम आपके आगे के अनुभव को सार्थक और समृद्ध बनाने के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ देते हैं। इस रोमांचक अध्याय की शुरुआत करते हुए एनएसयूआई दिल्ली प्रदेश हर कदम पर आपका साथ देने के लिए तैयार है। एनएसयूआई के इस कदम की नए छात्रों ने भी तारीफ करते हुए कहा कि बहुत डर लग रहा था कि रैगिंग के नाम पर न जाने क्या क्या होता है। लेकिन पहली बार कॉलेज में प्रवेश करते ही सबसे पहले एनएसयूआई ने आगे बढ़कर स्वागत किया और हर प्रकार से सहायता प्रदान की।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **मेघराज छेत्री, पुत्रः** भीम बहादुर, **पताः** मकान न. ए–1506, गली न. 3, वज़ीर नगर, कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली, ने **FIR No. 416/2014, U/s 354/509/323/34 IPC, थानाः** वसंत कुंज, नई दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **मेघराज छेत्री,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **मेघराज छेत्री,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 416/2014, U/s 354/509/323/34 IPC, थानाः** वसंत कुंज, नई दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **मेघराज छेत्री,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कविता बिस्ट, एल.डी.
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
(महिला कोर्ट)–01
11, प्रथम तल, मेन बिल्डिंग
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/10347/SW/2025
(Court Matter)

## 'हेल्पलैस हुई एमसीडी महापौर की हेल्पलाइन'

# जगह-जगह चलाया जा रहा है सफाई अभियान निगम उपायुक्त कार्यालय में फैला पड़ा है कूड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में एक अगस्त से जोर शोर से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। पिछले पांच दिन से दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह सहित अन्य भाजपा निगम पार्षद और भाजपा नेताओं द्वारा स्वच्छता को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि खुद दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन उपायुक्त कार्यालय में ही नियमित सफाई नहीं हो रही है और स्वच्छता को लेकर महापौर हेल्पलाइन नंबर 96430-96430 पर की गई शिकायत पर



भी एक महीना बीतने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। इसे देखते हुए कहा जा सकता है कि महापौर की हेल्पलाइन भी बेबस और "हेल्पलैस" नजर आ रही है। वहीं, निगम जोन कार्यालयों में आने वाले लोगों ने और कुछ कर्मियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जब खुद निगम कार्यालय में ही साफ-सफाई की ये स्थिति है, तो जनता को बाहर कैसे भरोसा दिलाया जाए? इससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि जब राजधानी के प्रशासनिक भवनों की हालत ऐसी है, तो बाकी शहर का क्या हाल होगा? और जब महापौर की हेल्पलाइन ही 'हेल्पलैस' हो जाए, तो जनता की आवाज आखिर कहां सुनी जाएगी?

### नहीं हो रही है शौचालयों की सफाई

इसके अलावा नगर निगम के विभिन्न जोन उपायुक्त कार्यालयों की हालत ऐसी है कि खुद कर्मियों को गंदगी और अव्यवस्था के बीच काम करना पड़ रहा है। निगम सूत्रों ने बताया कि कई जगहों पर शौचालयों की सफाई नियमित नहीं हो रही, फाइलें धूल फांक रही हैं और फर्श पर पान-गुटखा की पीक के निशान आम बात बन गई है।

### शिकायतों का नहीं हो रहा है समाधान

महापौर द्वारा जनता के लिए शुरू की गई व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 96430-96430 का उद्देश्य स्वच्छता से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल करना था। लेकिन, कई लोगों ने शिकायत की है कि यहां बदहाल हालत, कूड़े आदि की शिकायत का वीडियो, फोटो भेजने के बावजूद भी समस्या का कोई जवाब नहीं हो रहा है। शिकायतों का समाधान तो दूर, उसकी जानकारी तक नहीं मिल पाती।

### पहले अपने कार्यालयों को स्वच्छ बनाए निगम

जनता का कहना है कि नागरिकों के साथ भागीदारी की अपील करने वाले दिल्ली नगर निगम नेताओं और प्रशासन को चाहिए कि पहले अपने ही कार्यालयों को स्वच्छ और अनुशासित बनाए, तभी जनता को भी सफाई के प्रति जागरूक किया जा सकेगा। वरना यह पूरा अभियान केवल पोस्टरों और विज्ञापनों तक सीमित रह जाएगा।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड | हैफेड दाल मिल कॉम्पलैक्स, हिसार में मौजूदा पुराने गोदाम, दाल मिल, एम. ऑफिस, चारदिवारी और अन्य क्षतिग्रस्त संरचना के विखण्डन के पश्चात ई.आई. कार्य सहित 5000 एमटी क्षमता गोदाम (रूफिंग के बिना) का निर्माण, मैनेजर ऑफिस, सीसी रोड, लेबर हट, सेप्टिक टैंक और सोक पिट सहित शौचालय ब्लॉक, दाल मिल की चारदिवारी, कोल्ड स्टोरेज कॉम्पलैक्स के गेट केबिन और सामने की चारदिवारी + 2 कार्य। | 04.08.2025 18.08.2025 | 9,19,25,139/- | www.hafed.gov.in | 1722590520 hafed@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/37349/I/88/7 दि. 05.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में लाइसैंस आधार पर छात्र गतिविधि केन्द्र में फोटोस्टेट की दुकान चलाना। | 01.08.2025 25.08.2025 | 12 लाख + जीएसटी | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9812611388 estate.office@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37335/I/88/7 दि. 05.08.25

### आम आदमी पार्टी की सरकार ने 9 अगस्त 2022 को फांसी घर का किया था उद्घाटन

# 'फांसी घर' और सुरंग को लेकर विधानसभा में हंगामा, सत्तापक्ष के सदस्यों ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा में सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को फांसी घर और सुरंग के मुद्दे पर हंगामा हुआ। सत्र की कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा में फांसी घर का इतिहास नहीं है, क्योंकि नेशनल आर्काइव से जब दिल्ली विधानसभा की बिल्डिंग का ऐतिहासिक नक्शा देखा तब पता चला कि जिसे फांसी घर बताकर आम आदमी पार्टी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने उसका उद्घाटन करवा दिया था वो फांसी घर नहीं था बल्कि टिफिन रूम था। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विपक्ष को सदन में बुधवार को अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन में कहा कि जहां डिलिब्रेशन होता है, वहां पार्लियामेंट होती है, जहां असेंबली होती है, उसी प्रांगण में फांसी घर कैसे हो सकता है? यह सवाल स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि जब हमने सुरंग को लेकर इतिहासकारों से बात की, तो उन्होंने बताया कि यह कोई सुरंग नहीं है। असल में यह डक्टिंग है, यानी वेंटिलेशन के लिए बनाई गई जगह। भारत की संसद में भी इसी तरह के स्थान बनाए गए हैं। अध्यक्ष ने कहा कि हमने देखा कि बाकायदा एक शिलापट्ट लगाया गया, जिसमें 9 अगस्त 1942 का उल्लेख है और उस दिन इसका उद्घाटन किया गया, यह कहते हुए कि यह एक दर्शनीय स्थल है और यहां फांसी घर हुआ करता था। जबकि सच यह है कि वहां कोई फांसी घर नहीं था और न है। जो कमरा बताया गया है, वह असल में टिफिन रूम है। उसमें जो लकड़ी की लिफ्ट है, उसे फांसी का फंदा और ट्रेप डोर बताया गया, जबकि वह भोजन आदि उठाने-ले जाने के लिए बनाई गई थी। उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट का जो कमरा है, वह नक्शे में वायसराय रूम के नाम से दिखाया गया है। उसके आगे स्मोकिंग रूम है। इसी तरह मेंबर्स रूम हैं। उस समय सरकार में मंत्री नहीं होते थे, बल्कि मेंबर फाइनेंस, मेंबर एजुकेशन जैसे पद होते थे, उनके कमरे भी हैं। नक्शे पर हर कमरे के उपयोग का स्पष्ट उल्लेख है। जिस स्थान को आज फांसी घर कह कर प्रचारित किया गया, वह कोई साधारण विषय नहीं है, वह इस पूरे परिसर की गरिमा से जुड़ा हुआ मामला है। और जब इस स्थान पर एक शिलापट्ट लगाकर उसका उद्घाटन किया गया, तो यह विषय और भी गंभीर हो जाता है। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इस मामले पर बुधवार को विपक्ष को इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा।

सदन में फांसी के मुद्दे को मुख्य सचेतक अभय वर्मा ने उठाया और कहा कि यह बहुत गंभीर मामला है। इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं इस मुद्दे पर सत्तापक्ष के सदस्य अजय महावर, तरविंदर सिंह मारवाह, करनैल सिंह, मनोज शौकीन, सिखा राय, संजय गोयल,अनिल गोयल, अशोक गोयल, कुलवंत राणा, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने अपना वक्तव्य रखा। वहीं विपक्ष की नेता आतिशी, सदस्य जरनैल सिंह और वीरेंद्र कादियान ने अपना वक्तव्य देकर इस पर विरोध जताया। सत्तापक्ष के सदस्यों ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि इस मामले पर सदन में निंदा प्रस्ताव लाने की बात कही। सत्तापक्ष की सदस्य सिखा राय ने कहा कि यह आपराधिक मामला बनता है इस पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए और झूठ फैलाने के सभी दोषियों पर कार्रवाई की जाए। वहीं विपक्ष के सदस्य वीरेंद्र कादियान के सुझाव पर अध्यक्ष ने नेता विपक्ष को तैयारियों के साथ बुधवार को अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

#### नेता विपक्ष आतिशी ने जताया विरोध

फांसी घर के मुद्दे पर सदन में नेता विपक्ष आतिशी ने विरोध जताया और कहा कि दिल्ली में इतनी समस्याएं हैं। उसपर चर्चा न करते फांसी घर पर बहस हो रही है। हालांकि इस पर अध्यक्ष ने उन्हें रोका और कहा कि यह बहुत गंभीर मामला है।

### यादव ने कहा, जबरन न थोपे कानून

## कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा के बाहर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




मानसून सत्र के दूसरे दिन लगातार दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने छात्रों के अभिभावकों के साथ मिलकर दिल्ली विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर यादव ने भाजपा की रेखा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह जबरन बिना किसी सार्वजनिक सलाह के दिल्ली स्कूल शिक्षा विधेयक को लोगों पर थोप रही है। जिससे छात्रों और अभिभावकों के हितों को धत्ता बताकर स्कूलों को लाभ पहुंचाया जा सके। यादव ने कहा कि दिल्ली स्कूल शिक्षा विधेयक भी मोदी सरकार द्वारा पारित काले कृषि विधेयकों के समान दिल्ली भाजपा सरकार को वापस लेना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दिल्ली के अभिभावको की आवाज बनकर दिल्ली सरकार के प्रस्तावित दिल्ली स्कूल शिक्षा (शुल्क निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता) अधिनियम, 2025 के खिलाफ खड़ी है। क्योंकि यह विधेयक छात्र विरोधी, जनविरोधी विधेयक है जिसके बाद अभिभावकों पर फीस वृद्धि के रुप में आर्थिक बौझ बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों के खिलाफ मनमानी फीस वृद्धि और दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम के खिलाफ सबसे पहले कांग्रेस पार्टी ने आवाज उठाई है। यादव ने कहा कि फीस वृद्धि को वापस लेने के प्रावधान का न होना अभिभावकों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। क्योंकि विधेयक में 2025 से पहले निजी स्कूलों द्वारा लागू की गई फीस वृद्धि को वापस लेने के उपाय शामिल नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अप्रैल से जुलाई के बीच विधेयक पेश करने में देरी के कारण स्कूलों को अनियंत्रित रूप से फीस बढ़ाने की अनुमति मिल गई।

### मुख्यमंत्री ने किया डीयू के सोशल सेंटर स्कूल के नए शैक्षणिक भवन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** आजादी के इतने सालों बाद भी ढेरों कमियां देश में चल रही थी। बदलाव की कुछ कुछ बयार बहने लगी, थोड़ा-थोड़ा फर्क हमने 2014 के बाद से देखा, शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम हुआ है, पर बहुत सारा काम होना अभी बाकी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय के सोशल सेंटर स्कूल के नए शैक्षणिक भवन के उद्घाटन के बाद मंगलवार को डीयू के वाइस रीगल लॉज स्थित कोन्वेंशन हाल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह संबोधन दिया। इस अवसर पर उन्होंने बड़ी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय लगातार ऊंचाइयों के परचम लहरा रहा है। एक स्कूल जो दिल्ली विश्वविद्यालय ने बनाया और संभाला, वह स्कूल 1947 से लेकर 2025 तक आजादी की उम्र के बराबर बढ़ता गया। यहां दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे जबकि समारोह की अध्यक्षता डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। समारोह के दौरान घोंडा विधानसभा के विधायक अजय महावर, तिमारपुर विधानसभा के विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, डीयू दक्षिणी दिल्ली परिसर की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी एवं डीयू रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहे।
बता दें कि स्कूल के भवन का उद्घाटन मौरिस नगर स्थित स्कूल परिसर में किया गया जबकि उद्घाटन समारोह सभा का आयोजन डीयू के वाइस रीगल लॉज स्थित कोन्वेंशन हाल में हुआ। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि भारत एक समय में अपनी शिक्षा के लिए जाना जाता था, हमारे विश्वविद्यालय विश्व के सबसे पुराने विश्वविद्यालयों में थे। हमारी शिक्षा में वो ग्रंथ, वो किताबें आज भी ब्रह्मांड का पूरा फिजिक्स, इकोनॉमिक्स सब कुछ लिए बैठी हैं।

### छात्राओं व भाजपा पदाधिकारियों ने सचदेवा को बांधी राखी

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में रक्षा बंधन त्योहार का आयोजन किया। इसमें प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पांडे मिश्रा सहित अन्य मोर्चा पदाधिकारियों ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को हर्षोल्लास के साथ राखी बांधी। इस मौके पर महिला मोर्चा की प्रभारी श्यामबाला, मोर्चा महामंत्री प्रियल भारद्वाज, सरिता तोमर और वैशाली पोद्दार सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी वीरेंद्र सचदेवा को राखी बांधी। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों से आई छात्राओं ने भी दिल्ली भाजपा अध्यक्ष को राखी बांधी। सचदेवा ने कहा कि यह राखियां केवल कलाई पर नहीं, दिल पर बंधती हैं और ये सेवा, समर्पण और अपनत्व के अद्भुत बंधन है और इसका अपना एक महत्व है। रक्षाबंधन का त्योहार एक पवित्र और भावनात्मक त्योहार है, जो भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के बंधन का प्रतीक है। यह पर्व न केवल पारिवारिक संबंधों को मजबूत करता है, बल्कि समाज में आपसी विश्वास, प्रेम और समर्पण की भावना को भी बढ़ावा देता है।

### आय प्रमाण पत्र के लिए अब जरूरी हुआ आधार कार्ड, एलजी ने लगाई मुहर

नई दिल्ली। अब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आय प्रमाण पत्र बनवाना है तो इसके लिए आधार कार्ड होना जरूरी है, सरकार इस नियम को जल्द लागू करने वाली है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार के इस प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगा दी है। राजनिवास सचिवालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार दिल्ली सरकार द्वारा भेजे गए उस प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है, जिसमें आय प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आधार संख्या को अनिवार्य किया गया है। सचिवालय के बयान के अनुसार इसी क्रम में उपराज्यपाल ने आधार अधिनियम, 2016 की धारा 7 के तहत आय प्रमाण पत्र जारी करने की सेवा को अधिसूचित करने की मंजूरी दी है। इसके तहत केंद्र या राज्य सरकार की निधि से वित्त पोषित सब्सिडी के लिए आधार-आधारित प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। उपराज्यपाल ने राजस्व विभाग को निर्देश दिए हैं कि आधार की अनिवार्यता और योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जाए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति इससे वंचित न रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा अनुमोदित इस प्रस्ताव के अनुसार, राजस्व विभाग द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र का उपयोग विभिन्न योजनाओं के लिए पात्रता तय करने में किया जाता है। आधार के उपयोग से लाभार्थियों की पहचान प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और कुशल बनाया जाएगा। साथ ही, आधार अनिवार्य होने से लाभार्थियों को अपनी पहचान साबित करने के लिए कई दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। आय प्रमाण पत्र दिल्ली में विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे एससी, एसटी, एवं ओबीसी छात्रों के लिए ट्यूशन फीस के इंतजाम, पेंशन और दिल्ली आरोग्य कोष के तहत वित्तीय सहायता के लिए पात्रता निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### एससी बस्तियों का होगा कायाकल्प : इंद्राज

नई दिल्ली। दिल्ली के एससी/एसटी कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने बवाना विधानसभा क्षेत्र के कटेवरा गांव में एससी बस्तियों में गलियों, सड़कों और नालियों के पूर्ण हुए निर्माण कार्यों को आमजन को समर्पित किया। इस दौरान मंत्री इंद्राज ने कहा कि एससी बस्तियों में सभी बुनियादी सुविधाएं विकसित कर उनका कायाकल्प किया जाएगा। मंत्री इंद्राज ने कहा कि कटेवरा गांव की एससी बस्तियों में लंबे समय से बुनियादी ढांचे की कमी थी, जिसे दूर करने पर लगातार काम हो रहा है। उन्होंने स्थानीय निवासियों के साथ गांव में चल रहे अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया और निर्माणाधीन चौपाल का कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये। मंत्री इंद्राज ने ग्रामीणों के साथ संवाद में दिल्ली सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि सभी एससी बस्तियों में सड़कें, पेयजल, बिजली, पार्क, बेहतर जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाएं विकसित हों।

### अस्पताल में देर से आ रहे और जल्दी जा रहे डॉक्टर

नई दिल्ली। दिल्ली देहात के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल की ओपीडी और आपातकालीन वार्ड में करीब एक दर्जन विशेषज्ञ डॉक्टर देर से आ रहे हैं और निर्धारित समय से जल्दी जा रहे हैं। जिसके चलते उपचार कराने के लिए यहां आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों का कहना है कि देरी से आने की पुष्टि बॉयोमेट्रिक मशीन और सीसीटीवी कैमरों से भी हो सकती है। देरी से आने के चलते ओपीडी में लंबी लाइन लग जाती है और फिर मरीजों को भी सही से नहीं देखा जाता है। सूत्रों की माने तो इसके चलते मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं नहीं मिल पा रही है और साथ ही जूनियर डॉक्टर भी विशेषज्ञ डॉक्टरों से मिलने वाले अनुभव से वंचित रह जाते हैं। अस्पताल प्रशासन को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। इस संबंध स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह का कहना है कि किसी भी दिन सुबह औचक निरीक्षण किया जाएगा साथ ही इस मामले की जांच की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### द्वारका एक्सप्रेसवे को जाम करने वाले 3 काबू

**गुरुग्राम।** रील बनाने के लिए अपर द्वारका एक्सप्रेसवे को जाम करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने काबू कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने दो थार व एक फॉर्च्यूनर गाड़ी को बरामद कर लिया है। मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस ने यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो को देखने के बाद उठाया है। आरोपियों की पहचान हिमांशु, सागर तथा कौशल के रूप में हुई है।

### भारी मात्रा में चाइनीज मांझा बरामद



**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उड़न दस्ता व अग्रसेन चौकी की पुलिस टीम ने मिलकर तीन दुकानदारों को छापा मारकर चाइनीज मांझा बेचने के आरोप में पकड़ा है। सहायक उप निरीक्षक अमन ने बताया कि उन्हें सीएम फ्लाइंग ने सूचना दी कि नितिन वधवा, पंजाबी मोहल्ला के रहने वाले समीर और मनोज दुआ अपनी दुकान पर चाइनीज मांझा बेचते हैं।

### छीनाझपटी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** छीनाझपटी के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने दो आरोपियों को काबू किया है। थाना सुरजकुण्ड में सिम्मी निवासी विश्वकर्मा कॉलोनी दिल्ली ने दी शिकायत में बताया कि 9 जुलाई को जब वह मानव रचना स्कूल के पास खडी थी, तभी एक मोटरसाईकिल पर दो लडके आये और उसके हाथ से मोबाईल फोन छीन कर भाग गये। जिस शिकायत पर थाना सुरजकुण्ड में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### सोशल मीडिया पर धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** सोशल मीडिया पर धमकी व गाली-गलौच करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साइबर थाना सेंट्रल में एक लडकी ने शिकायत देकर आरोप लगाया कि उसे लगातार सोशल मिडिया व कॉल पर धमकी और गाली गलौच किया जा रहा है और वह उसके फोन नम्बर को वायरल करने की धमकी भी दे रहा।

# लिंग जांच करने वाले अपराधियों पर कड़ी निगरानी व कार्रवाई के निर्देश

भ्रूण जांच और कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराधों की रोकथाम के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग एवं सतर्क है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में नियमित रेड की संख्या में वृद्धि की जाए, ताकि लिंग परीक्षण करने वाले अपराधियों की प्रभावी ढंग से धरपकड़ की जा सके।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिले में लिंगानुपात सुधार की दिशा में प्रशासनिक स्तर पर ठोस कदम उठाते हुए उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि भ्रूण लिंग जांच और कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराधों की रोकथाम के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग एवं सतर्क है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में नियमित रेड की संख्या में वृद्धि की जाए, ताकि लिंग परीक्षण करने वाले अपराधियों की प्रभावी ढंग से धरपकड़ की जा सके।

डीसी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि अवैध रूप से एमटीपी किट बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि ऐसी गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए। यह निर्देश उपायुक्त ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला में लिंगानुपात सुधार हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि नैतिक जिम्मेदारी के साथ लिंगानुपात में सुधार की दिशा में चल रहे प्रयासों को निरंतर गति मिलनी चाहिए। विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां लिंगानुपात असंतुलित है, वहां केंद्रित अभियान चलाए जाएं।

**खास बातें**

- लिंगानुपात सुधार के लिए स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक
- लिंगानुपात सुधार के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध




### निगरानी प्रणाली मजबूत करें विभाग

डीसी ने कहा कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में संबंधित विभाग निगरानी प्रणाली को मजबूत करें और नियमों की अवहेलना करने वालों पर तुरंत कार्रवाई करें। इसके साथ ही इस सामाजिक पहल में योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रशासनिक स्तर पर प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना को सफल बनाने हेतु समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना होगा। बेटी के जन्म से लेकर उसकी शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और सम्मान तक सभी पहलुओं पर सजगता से कार्य किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लिंग जांच और कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम सिर्फ प्रशासनिक नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है, जिसमें समाज के प्रत्येक नागरिक का योगदान आवश्यक है।

## सदरपुर वासियों ने तालाब के सौंदर्यकरण पर ननि का किया धन्यवाद

# ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों के माध्यम से जल संचयन के कार्यों को बढ़ावा

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कवि नगर जोन स्थित सदरपुर के तालाब का निरीक्षण किया गया तथा मौके पर सदरपुर निवासियों से वार्ता करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम द्वारा जहां शहर में जल निकासी के प्रबंध किए जा रहे हैं। वही गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों के माध्यम से जल संचयन को बढ़ाया जा रहा है। जिसके क्रम में जलकल विभाग द्वारा तालाबों के सौंदर्यकरण तथा तालाबों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कवि नगर जोन स्थित सदरपुर के तालाब का निरीक्षण किया गया तथा मौके पर सदरपुर निवासियों से वार्ता करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद भी मौके पर उपस्थित रहे। सदरपुर वार्ड संख्या 30 से ओमवीर भी मौके पर उपस्थित रहे नगर आयुक्त सहित सभी निगम अधिकारियों तथा निवासियों द्वारा तालाब पर पौधारोपण कर जन-जन को पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया गया।

**नगर आयुक्त ने स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया**

**खास बातें**

- तालाबों पर स्वच्छता का अभियान
- अच्छे वातावरण का लाभ उठा रहे लोग
- गांव के बुजुर्ग यहां सुबह-शाम टहलते भी हैं



महा प्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद ने बताया गया कि माननीय महापौर तथा नगर आयुक्त के निर्देशन में गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले अनेकों तालाबों पर स्वच्छता का अभियान चलाते हुए कार्यवाही की जा रही है तथा उनके सौंदर्य करण तथा उनका व्यवस्थित करने का कार्य भी तेजी से चल रहा है। सदरपुर गांव स्थित तालाब जो की पांच एकड़ है नेचररूट्स इनोवेशंस के द्वारा तालाब की सफाई का कार्य, तालाब के चारों तरफ वाकिंग ट्रेक का कार्य, तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य, तालाब पर जल शोधन हेतु ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का कार्य तथा तालाब के चारों तरफ प्लांटेशन का कार्य भी कराया गया है जिसमें क्षेत्र वासियों द्वारा भी विशेष रुचि दिखाते हुए सहयोग किया गया, मौके पर नेचररूट्स इनोवेशंस से डॉक्टर कल्पना अरोड़ा तथा नमस्ते इंडिया फूड से ममता भी उपस्थित रही, जलकल विभाग से आस कुमार द्वारा कार्यक्रम में विशेष सहयोग किया गया। नगर आयुक्त ने सदरपुर क्षेत्र वासियों से वार्ता करते हुए तालाब की स्वच्छता और सौंदर्यकरण को बनाए रखने के लिए अपील की गई, क्षेत्र वासियों ने बताया प्रतिदिन तालाब के सौंदर्य करण के बाद क्षेत्रवासियों को लाभ मिल रहा है क्षेत्र वासियों द्वारा मॉर्निंग वॉक भी की जाती है तथा शाम को भी बुजुर्ग युवा तथा बच्चे सभी तालाब के आसपास घूमते हैं और अच्छे वातावरण का लाभ उठाते हैं।

## पुलिस ने सकुशल किया बरामद

# पांच साल के बच्चे का अपहरण कर 70 हजार में महिला को बेचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

ट्रॉनिका सिटी थाने की पूजा कालोनी में बदमाशों ने एक पांच वर्षीय बच्चे का अपहरण कर लिया। पुलिस ने जांचपड़ताल की और अपहृत बच्चे को बरामद कर लिया। पुलिस का कहना है कि बदमाशों ने बच्चे का अपहरण करने के बाद 70 हजार रुपए में एक महिला को दे दिया था। पुलिस दो युवकों को हिरासत में लिया है, जबकि महिला की तलाश कर रही है। डीसीपी ट्रॉनिका सिटी एसएन तिवारी ने बताया कि राशिद अपनी पत्नी राशिदा व तीन बच्चों के साथ पूजा कॉलोनी स्थित खालिद के मकान में किराए पर रहते है।

### महिला की तलाश की जा रही है

सोमवार शाम वह काम पर गए थे। पत्नी राशिदा बच्चों के साथ घर में थी। खेलते खेलते गली में चला गया। उसकी काफी तलाश की लेकिन नहीं मिला। शिकायत मिलने पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फोटोजोन को खंगाल और चला कि बच्चों को एक युवक गोद में ले जाता जा रहा था इसके बाद जांच पड़ताल की गई तो पता लगा कि युवक ने एक महिला को एक बच्चे को साथ 70000 बेच दिया था। उन्होंने बताया कि महिला की तलाश की जा रही है। बच्चे को महिला के घर से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

**विषय : विज्ञापन सं. 72 से 87 ऑफ 2024 के प्रत्युत्तर में उच्चतर शिक्षा विभाग (तकनीकी शिक्षा निदेशालय) में विभिन्न विषयों में लैक्चरर और फोरमैन इंस्ट्रक्टर के 237 पदों की भर्ती।**

विज्ञापन सं. 72 से 87 ऑफ 2024 दिनांक 06.11.2024 और शुद्धिपत्र-I दिनांक 03.02.2025 क्रमशः के प्रत्युत्तर में उच्चतर शिक्षा विभाग (तकनीकी शिक्षा निदेशालय) में विभिन्न विषयों में लैक्चरर और फोरमैन इंस्ट्रक्टर के पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि घोषणा दिनांक 01.05.2025 के अनुरूप, आयोग ने विषय ज्ञान परीक्षा हेतु सभी विषयों का पाठ्यक्रम अधिसूचित कर दिया था। आगे आयोग ने निम्नलिखित पदों के लिए एक स्क्रीनिंग टेस्ट लेने का निर्णय लिया है।

| क्र.सं. | विज्ञा. सं. | पद का नाम |
|---|---|---|
| 01 | 75/24 | सिविल इंजीनियरिंग में लैक्चरर |
| 02 | 76/24 | कंप्यूटर इंजीनियरिंग में लैक्चरर |
| 03 | 77/24 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में लैक्चरर |
| 04 | 80/24 | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में लैक्चरर |
| 05 | 82/24 | फार्मेसी में लैक्चरर |
| 06 | 84/24 | फोरमैन इंस्ट्रक्टर |

स्क्रीनिंग टेस्ट का पाठ्यक्रम निम्नानुसार है :-

| स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए पाठ्यक्रम |
|---|
| सामान्य विज्ञान |
| राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व की समसामयिक घटनाएँ |
| भारत का इतिहास |
| भारतीय और विश्व भूगोल |
| भारतीय संस्कृति, भारतीय राजनीति और भारतीय अर्थव्यवस्था |
| सामान्य मानसिक योग्यता (तार्किक और विश्लेषणात्मक योग्यताएं) |
| मूलभूत संख्यात्मकता (संख्याएँ और उनके संबंध, क्रम और परिमाण इत्यादि - कक्षा 10 स्तर), आँकड़ा व्याख्या (चार्ट्स, ग्राफ्स, तालिकाएँ, आँकड़ा पर्याप्तता आदि - कक्षा 10 स्तर)। |
| हरियाणा सामान्य ज्ञान - इतिहास, भूगोल, राजनीति, अर्थव्यवस्था, संस्कृति आदि। |

हस्ता/- उप सचिव
दिनांक : 05.08.2025 हरियाणा लोक सेवा आयोग
संवाद-1156/13/342/2026/37358/88/7 दि. 05.08.25 पंचकूला

# ओखला बैराज से छोड़ा गया 27 हजार क्यूसिक पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बल्लभगढ़

## यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने से अलर्ट जारी

## सिंचाई विभाग द्वारा जलस्तर की निगरानी

**ओखला बैराज से छोड़े जाने के बाद पानी की हर घंटे की रिपोर्ट**

यमुना में ओखला बैराज से मानसून मौसम में अब तक सबसे ज्यादा 27 हजार क्यूसिक पानी छोड़ा गया है। अभी तक किसी गांव की आबादी या फसल में पानी नहीं भरा है। प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और किनारे बसे गांवों में मुनादी करा दी है कि कोई भी व्यक्ति अपने पशुओं को लेकर नदी की तरफ न जाएं।

फरीदाबाद की सीमा में ओखला बैराज से पानी छोड़ा जाता है। सोमवार सुबह से यमुना का जलस्तर बढ़ने लगा। सभी गांवों में सरपंचों ने इसके बारे में सूचना दे दी कि सभी अपने परिजन को खेतों से घर बुला लें। कोई भी व्यक्ति अपने खेतों पर जाने के लिए नाव का प्रयोग न करें।



पानी का बहाव तेज होने के कारण नाव बह सकती है और कोई दुर्घटना घट सकती है। ग्रामीण खेतों पर रहने वाले परिजन के लिए नाव से भोजन लेकर जाते हैं। प्रशासन को किनारे बसे गांवों के सरपंचों ने जलस्तर बढ़ने के बारे में अपनी रिपोर्ट दे दी। कंट्रोल रूम हर घंटा में जल स्तर की रिपोर्ट चंडीगढ़ में बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन को देता है।

अधिकारी सिंचाई विभाग के उपमंडल अधिकारी अरविंद शर्मा का कहना है कि अब तक का सबसे ज्यादा 27412 क्यूसिक पानी छोड़ा गया। इससे पहले 22 हजार और 18 हजार क्यूसिक पानी छोड़ा गया था। छोड़े गए पानी से फरीदाबाद की सीमा में किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं है। यहां पर एक लाख क्यूसिक पानी छोड़ने तक किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं है। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग ओखला बैराज से छोड़े जाने पानी हर घंटे की रिपोर्ट दे रहा है।

### क्या कहते है बल्लभगढ़ एसडीएम

बल्लभगढ़ के एसडीएम के मयंक भारद्वाज यमुना में छोड़े जाने वाले पानी की सूचना के साथ ही हमने सभी सरपंचों को गांव में मुनादी कराने के लिए कह दिया कि कोई भी व्यक्ति नदी की तरफ न जाएं। सभी पंचायत सचिव और पटवारियों से हर स्थिति पर ध्यान रखने के लिए कहा है। किसी भी तरह की घटना दुर्घटना के बारे में तुरंत प्रशासन को सूचना दें। ताकि स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पाया जा सके।

**बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, एसडीएम बल्लभगढ़**

**ध्यानार्थ**

**फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रहों के पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु स्पेशल विंडो**

सेबी सरकुलर SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांक 02 जुलाई 2025 के अनुसरण में, शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि, केवल 01 अप्रैल 2019 से पूर्व प्रस्तुत किए गए और जो **दस्तावेजों / प्रक्रिया / अथवा अन्यथा में कमी की वजह से निरस्त कर दिये गये / वापस लौटा दिये गये / ध्यान नहीं दिया गया**, ट्रांसफर डीड्स के पुनः प्रस्तुतीकरण के लिए एक स्पेशल विंडो खुली है।

पुनः प्रस्तुतीकरण की यह सुविधा 07 जुलाई 2025 से 06 जनवरी 2026 तक उपलब्ध है।

शेयरधारकों से आग्रह किया जाता है कि ऐसे मामले आरटीए के पास 06 जनवरी 2026 तक निम्नलिखित पते पर पुनः प्रस्तुत करें :-

**मै. स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा. लि.**
डी-153 ए, प्रथम तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-I,
नई दिल्ली-110020
ईमेल आईडी: admin@skylinerta.com
अथवा कंपनी के पास
ईमेल आईडी: compliance@kotiaenterprises.com

**कृते कोटिया एंटरप्राइजेज लिमिटेड**
हस्ता/-
अंकित भटनागर,
कंपनी सचिव
एसीएस 42170

## बिजली कर्मियों के बड़े पैमाने पर ट्रांसफर हुए तो एक्सीडेंट बढ़ेंगे

# आनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ बिजली कर्मचारियों ने किए विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत मंगलवार को बिजली कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी के खिलाफ डिवीजन स्तर पर विरोध प्रदर्शन किए। प्रदर्शनों में सर्व सम्मति से तबादला नीति और एसई आपरेशन की तानाशाही तथा लंबित मांगों का समाधान न करने के खिलाफ 12 अगस्त को सेक्टर 23 सर्कल कार्यलय पर प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनों के बाद बिजली मंत्री और अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, विद्युत विभाग को संबोधित ज्ञापन कार्यकारी अभियंताओं को सौंपा गया। बल्लभगढ़ में प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के प्रधान रामकेश साहरण व वेद प्रकाश कर्दम, ग्रेटर फरीदाबाद में मनोज जाखड़, दिनेश शर्मा, असरफ खान, मनवर, एनआईटी में भूप सिंह कौशिक, दिगंबर सिंह, सुरेन्द्र शर्मा, सुबोध कुमार, ओल्ड फरीदाबाद डिजाइन में करतार सिंह व प्रवेश बैंसला आदि नेताओं ने किया।

प्रदर्शनों को एएचपीसी वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी सहित अनेक नेताओं ने संबोधित किया।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 19 मदों तक मदें निहित सूची (19 मदों का सिंगल लॉट)। | 06.08.2025 02.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 2 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 34 मदों तक मदें निहित सूची (34 मदों का सिंगल लॉट)। | 06.08.2025 02.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 05 मदों तक मदें निहित सूची (05 मदों का सिंगल लॉट)। | 06.08.2025 02.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज रोहतक | लाढौत में एडब्ल्यूसी का निर्माण, जैडपी। | 01.08.2025 07.08.2025 | 12.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprrohtak134@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज कैथल | गांव चंदाना, ब्लॉक कैथल में एसएचसी का निर्माण। | 01.08.2025 07.08.2025 | 46.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज कलानौर | गांव खेरड़ी, ब्लॉक कलानौर जिला रोहतक में ओबीसी चौपाल को पूरा करना। | 04.08.2025 18.08.2025 | 8.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015118527 sdokalanour@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज गन्नौर | गांव पट्टी ब्राह्मणा में शैड (शमशान घाट में बरामदा) का निर्माण, स्कीम का नाम डी प्लान 2025-26, ब्लॉक गन्नौर डिवीजन का नाम सोनीपत। | बंद होने की तिथि 11.08.2025 | 5.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 8 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां, सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में पेस्ट कंट्रोल सर्विसेज के लिए ई-निविदा + चार कार्य। | 05.08.2025 18.08.2025 | ईएमडी 2.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 9 | सिविल सर्जन, जीन्द | जिला जीन्द में औषधियों और अन्य मदों की खरीद के लिए ई-निविदा सूचना का प्रकाशन। | 02.08.2025 18.08.2025 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015444191 cds.jind@gmail.com |
| 10 | नियंत्रक मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग, हरियाणा, पंचकूला | प्रेस सामग्री की खरीद। | 06.08.2025 04.09.2025 | 11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9872020766 printing@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/200/37373/I/88/7 दि. 05.08.25

## खबर संक्षेप

### तेज प्रताप यादव का वीवीआईपी से गठबंधन



**पटना।** बिहार चुनाव से पहले एक और नया मोर्चा तैयार हो गया है। टीम तेज प्रताप और प्रदीप निषाद की विकास वंचित इंसान पार्टी का गठबंधन हो गया है। जिसकी घोषणा खुद तेज प्रताप यादव ने की है। कहा कि अब मिलकर अपनी लड़ाई लड़ेंगे। हमने महुआ से चुनाव लड़ने का बिगुल फूंका है, आगे की लड़ाई हम साथ लड़ेंगे। मुझे विश्वास है कि हम आगे बढ़ते रहेंगे।

### दिवाली-छठ पर बिहार आना होगा आसान



**पटना।** देश के तमाम राज्यों से दुर्गा पूजा, दिवाली, छठ समेत अन्य त्योहारों पर बिहार आने वाले लोगों को सुविधा के लिए पीपीपी मोड पर अंतरराज्यीय बस परिवहन कराया जाएगा। नीतीश कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लग गई है। इसके लिए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम और निजी बस ऑपरेटरों से बस परिचालन के लिए 5 वर्ष के लिए एकरारनामा किया जाएगा।

### पुलिस के बूते का नहीं है पीडीए पाठशाला बंद कराना



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार पढ़ाई को लेकर एफआईआर लिखा रही है। सरकार सोचती है कि पुलिस के बल पर पीडीए पाठशाला बंद कर देगी। हमने संकल्प लिया है कि जब तक सरकार बंद किए स्कूलों में अध्यापक, प्रधानाचार्य नहीं पहुंचा देगी, तब तक पीडीए पाठशाला व पीडीए ट्यूशन चलती रहेगी।

## पेज एक का शेष

### जल-प्रलय....

हादसे की सूचना मिलते ही उत्तराखंड पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और भारतीय सेना की टीमें मौके पर पहुंच गईं। बचाव कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है, लेकिन भारी बारिश और अवरुद्ध रास्तों ने राहत कार्यों में मुश्किलें पैदा की हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस घटना पर दुख जताया और कहा कि हम स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उत्तरकाशी के धराली में हुई इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही सभी पीड़ितों की कुशलता की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से बात कर मैंने हालात की जानकारी ली है। राज्य सरकार की निगरानी में राहत और बचाव की टीमें हर मुमकिन कोशिश में जुटी हैं। लोगों तक मदद पहुंचाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मुख्यमंत्री धामी से बात की और केंद्र की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौसम विभाग ने उत्तराखंड में 10 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। खासकर पहाड़ी इलाकों में तेज बारिश और भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। लोगों से नदियों और नालों से दूर रहने की अपील की गई है। धराली गांव, यह गांव गंगोत्री धाम से सिर्फ 7 किलोमीटर दूर है। यह एक खूबसूरत पर्यटक स्थल है।

**सेना के 10 जवान सहित जेसीओ लापता:** ये आर्मी कैंप भी इसकी चपेट में आया, यहां पर आर्मी मेस और कैफे है। कई जवानों के हादसे में लापता होने की आशंका है। हर्षिल में सेना की 14 राजरिफ़ यूनिट की तैनाती है। इसके अलावा उत्तरकाशी से 18 किमी दूर नेतला में भी लैंड स्लाइड आने से धराली तक नहीं पहुंचा जा सकता है। धराली हादसे में सेना के 10 जवान और एक जेसीओ लापता बताए जा रहे हैं। वहीं एक हेलीपैड भी बह गया है। इसके बावजूद, सेना की 14 राजरिफ यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर और जवान राहत और बचाव कार्य में लगे हुए हैं।

### भारत पर अगले ...

ट्रंप के बयान को रूस ने बताया अवैध: वहीं, इन सबके बीच ट्रंप की बयानबाजी को लेकर 5 अगस्त को रूस की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। जिसमें रूस के राष्ट्रपति भवन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हम कई ऐसे बयान सुनते हैं जो महज धमकियां हैं और जिनका उद्देश्य देशों को रूस के साथ व्यापार संबंध समाप्त करने के लिए मजबूर करने की कोशिश करना है। रूस ऐसे बयानों को वैध नहीं मानता है। पेस्कोव ने अपनी प्रतिक्रिया में हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति या अमेरिका के नाम का कहीं कोई जिक्र नहीं किया। उन्होंने कहा कि रूस का मानना है कि संप्रभु देशों को अपने व्यापारिक भागीदारों और व्यापार व आर्थिक सहयोग के लिए ऐसे भागीदारों को चुनने का अधिकार होना चाहिए। जो उनके हित में हो।

### 1971 के समाचारपत्र की ...

अमेरिका पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत के खिलाफ साजिश रच रहा था। सेना की ये पोस्ट अमेरिका द्वारा दशकों से पाकिस्तान को जारी हथियारों की सप्लाई पर केंद्रित है। जिसमें उसने ये भी कहा कि अमेरिका ने 1954 से 1971 तक पाकिस्तान को करीब 2 अरब डॉलर के हथियार भी बेचे हैं। इस पोस्ट को सेना की पूर्वी कमांड द्वारा एक्स पर पोस्ट किया गया है। जिसमें प्रकाशित लेख यह भी साफ करता है कि अमेरिका दशकों से पाकिस्तान को हथियारों की सप्लाई कर रहा है। साथ ही इसमें तत्कालीन रक्षा मंत्री वीसी शुक्ला का राज्यसभा में दिया गया बयान भी शामिल किया गया है।

**पाक ने की भारत के खिलाफ युद्ध की तैयारी:** सेना की पोस्ट के मुताबिक, अमेरिका द्वारा दशकों से पाकिस्तान को की गई हथियारों की सप्लाई की वजह से भारत का पड़ोसी शत्रु देश उससे युद्ध की तैयारी कर रहा था। वर्ष 1965 और 1971 का युद्ध इसी का परिणाम था। जिसका बीजारोपण अमेरिका ने दशकों पहले ही कर दिया था।

### पहलगाम हमले...

कहा गया, पहलगाम में दहशतगर्दों की कायराना करतूत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अप्रैल को बिहार की धरती से आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत आतंकियों और उनके समर्थकों को पहचान कर सज़ा देगा। इसी संकल्प के तहत 6-7 मई की दरम्यानी रात 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया गया। यह एक सटीक और सीमित सैन्य अभियान था, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। एनडीए में शामिल सांसदों ने इस प्रस्ताव में प्रधानमंत्री मोदी की निर्णायक नेतृत्व शैली, दूरदर्शिता और आतंक के खिलाफ उनके 'नए भारत' के संकल्प की सराहना की। इस प्रस्ताव के मुताबिक सेना के ऑपरेशन सिंदूर को महिलाओं से विशेष समर्थन मिला। इसका नाम भारतीय संस्कृति में 'सिंदूर' के प्रतीकात्मक महत्व को भी दिखाता है। आतंकियों ने महिलाओं से उनका सुहाग और सम्मान छिना, जिसका सेना ने बदला लिया।

सत्ताधारी गठबंधन में शामिल सभी दलों और नेताओं ने इस बात को भी रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में रक्षा सुधार, स्वदेशीकरण और ड्रोन तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर रहा। इससे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में भी मदद मिली। इसके अलावा, प्रस्ताव में सर्वदलीय शिष्टमंडल के विदेश दौरे का भी जिक्र किया गया। इसमें कहा गया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 59 सांसदों को 32 देशों में भेजकर भारत की आतंकवाद-विरोधी स्थिति को वैश्विक मंचों पर मजबूती से रखा गया। साथ ही दहशतगर्दों के पनाहगाह पाकिस्तान को पूरी दुनिया के सामने बेनकाब भी किया गया।

### भवन की विशेषताएं...

के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी भूमिका निभाएगा। कर्तव्य भवन 3, शास्त्री भवन, कृषि भवन, निर्माण भवन जैसे पुराने कार्यालय परिसरों के स्थान पर विकसित किया गया है। यह भवन न केवल कार्यालयों के केंद्रीकरण को बढ़ावा देगा, बल्कि मंत्रालयों के बीच बेहतर समन्वय और नीति निर्माण की प्रक्रिया को भी तेज करेगा।

**सुरक्षा और यातायात प्रबंध:** दिल्ली पुलिस और ट्रैफिक विभाग ने उद्घाटन समारोह के मद्देनज़र कर्तव्य पथ, राष्ट्रपति भवन, जनपथ, और मॉल रोड जैसे क्षेत्रों में विशेष ट्रैफिक प्रतिबंध और सुरक्षा व्यवस्था की घोषणा की है। आमजन को सलाह दी गई है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

### पीएम मोदी ने....

नहीं टिक पाए। सत्यपाल मलिक पहली बार बागपत विधानसभा सीट से चुनाव लड़े थे और विधायक बने थे। उस समय उन्होंने भारतीय क्रांति दल के टिकट पर जीत हासिल की थी, जिसकी अगुवाई चौधरी चरण सिंह करते थे। वहीं जब चौधरी चरण सिंह ने राष्ट्रीय लोक दल बनाई तब सत्यपाल मलिक इसके जनरल सेक्रेटरी बन गए और इसी के टिकट पर 1980 में राज्यसभा गए। हालांकि 1984 में उन्होंने कांग्रेस का दामन थाम लिया, लेकिन जैसे ही बोफोर्स घोटाले में पूर्व पीएम राजीव गांधी का नाम आया, तब सत्यपाल मलिक ने पार्टी छोड़ दी। इसके बाद वह जनता दल में शामिल हो गए।

**1989 के बाद कभी चुनाव जीत नहीं पाए:** 1989 में जनता दल के टिकट पर सत्यपाल मलिक अलीगढ़ से लोकसभा चुनाव जीत कर सांसद पहुंचे थे। हालांकि, इसके बाद सत्यपाल मलिक कभी चुनाव नहीं जीत पाए। मलिक ने 1996 का चुनाव समाजवादी पार्टी के टिकट पर लड़ा, लेकिन हार गए। वहीं 2004 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा के टिकट पर बागपत से लोकसभा चुनाव लड़ा। यहां भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2012 में भाजपा ने पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बना दिया और 2017 में उन्हें बिहार का राज्यपाल बना दिया गया। इसके बाद सत्यपाल मलिक को जम्मू कश्मीर का राज्यपाल बनाया गया और उन्हीं के रहते अनुच्छेद 370 को भी हटाया गया। हालांकि बाद में सत्यपाल मलिक को गवर्नर के रूप में मेघालय भेज दिया गया। सत्यपाल मलिक ने मोदी सरकार कई आरोप लगाए, जिसको लेकर जांच भी हुई।

### पाकिस्तान संग तनाव...

किए जाने वाले थर्मल इमेजर बेस्ड ड्राइवर नाइट साइट शामिल है। जिससे बीएमपी की रात्रि संचालन क्षमता बढ़ेगी। साथ ही इससे सेना के मैकेनाइज्ड दस्ते को उच्च स्तर की गतिशीलता और रणनीतिक बढ़त भी हासिल होगी। परिषद द्वारा स्वीकृत किए गए प्रस्तावों में रूस से की गई भारत की एस-400 लांग रेंज एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम का व्यापक वार्षिक मरम्मत से जुड़ा हुआ प्रस्ताव भी शामिल है।

### नौसेना, वायुसेना...

कारगर साबित होगी। जबकि वायुसेना के लिए डीएसी ने माउंटेन रडार, सक्षम/स्पाइडर वेपन सिस्टम के उन्नतीकरण को मंजूरी दी है। माउंटेन रडार की खरीद से बल की पर्वतीय क्षेत्रों में हवाई निगरानी क्षमता बढ़ेगी। साथ ही सक्षम, स्पाइडर सिस्टम एकीकृत एयर कमांड और कंट्रोल सिस्टम से जुड़ा हुआ है, जिससे वायुसेना की हवाई रक्षा क्षमता में इजाफा होगा। इन प्रस्तावों के अलावा डीएसी ने सेना, नौसेना और वायुसेना के लिए मीडियम अल्टीट्यूड लांग एंडुरेंस मानव रहित यानी रिमोट से संचालित विमानों की खरीद के लिए भी एक एओएन को अपनी मंजूरी दी है। यह अपने साथ बहुत अधिक भार और उपकरणों को लेकर लंबी दूरी व अधिक समय तक मिशन को अंजाम दे सकेंगे। साथ ही इनकी मदद से सेनाओं की चौबीसों घंटे निगरानी और युद्धक क्षमता बढ़ेगी। उक्त प्रस्तावों के अलावा बैठक में सी-17 और सी-130जे फ्लीट के लिए भी एक एओएन प्रदान किया गया है।

### अभिषेक बनर्जी बने...

प्राथमिकता दी है। संसद में पार्टी लाइन पर सांसदों को एकजुट रखने की जिम्मेदारी अब उनके पास होगी। महुआ मोइत्रा के साथ तीखी नोकझोंक के बाद मुख्य सचेतक के पद से कल्याण बनर्जी का कल, सोमवार को ही इस्तीफा हुआ था। उनका इस्तीफा स्वीकार कर कोकोली को मुख्य सचेतक बनाया गया। उनके नाम की घोषणा जैसे ही एक्स पोस्ट के जरिये पार्टी ने की महुआ मोइत्रा ने लिखा, अपनी वरिष्ठ साथी को मैं मुख्य जिम्मेदारी के लिए बधाई देती हूं। इस बडे बदलाव के बाद कल्याण बनर्जी ने मंगलवार को महुआ मोइत्रा पर फिर सोशल मीडिया के मार्फत बडा हमला बोला। उन्होंने लिखा कि जब संसद में महुआ मोइत्रा चौतरफा घिरी हुई थी तब उन्होंने साथ दिया था। उसका सिला उन्होंने अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर दिया। मैं देश से क्षमा मांगता हूं कि मैंने उनका साथ दिया। लोकसभा संसदीय दल में तो बदलाव कर दिया गया लेकिन राज्यसभा में पार्टी संसदीय दल के नेता के रूप में डेरेक ओ ब्रायन पर ममता बनर्जी ने अभी भरोसा रखा है। वे अपने पद पर पूर्ववत कायम रहेंगे।

### दोनों देशों ने क्षेत्र में...

जताई। साथ ही कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों के तहत बनाए गए अंतरराष्ट्रीय कानूनों के हिसाब से समुद्री क्षेत्र में आवाजाही की स्वतंत्रता का समर्थन करते हैं। वहीं, विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी.कुमारन ने कहा कि भारत की दक्षिण चीन सागर को लेकर स्थिति बिलकुल साफ और सुसंगत है। क्षेत्र में शांति और स्थिरता में भारत का स्थायी हित है। हम इस क्षेत्र को वैश्विक साझा अधिकार का क्षेत्र मानते हैं। संबंधित पक्षों के बीच किसी भी मतभेद को कानूनी, कूटनीतिक प्रक्रियाओं का सम्मान करते हुए बिना किसी धमकी या बल प्रयोग किए हुए शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाना चाहिए। दोनों नेताओं की बैठक में द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए व्यापार, रक्षा, समुद्री सुरक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, विकास भागीदारी समेत क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई। यह जानकारी दोनों देशों के शीर्ष नेताओं की बैठक के बाद विदेश मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संयुक्त प्रेस वक्तव्य से मिली है। गौरतलब है कि फिलीपींस के राष्ट्रपति बीते सोमवार से भारत के पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। जिसके तहत उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ यह बैठक हुई। वार्ता के केंद्र में 2025 में दोनों देशों के बीच 1949 में स्थापित राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ का विषय भी शामिल रहा। जिसे लेकर एक विशेष डाक टिकट जारी किया गया। राष्ट्रपति मार्कोस ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की।

**भारत बना पांचवां रणनीतिक साझेदार:** फिलीपींस के राष्ट्रपति मार्कोस ने बैठक में भारत को अपना एक प्रमुख भागीदार बताते हुए कहा कि हमारी सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण में वह अहम योगदान निभा सकता है। अब भारत फिलीपींस का पांचवां रणनीतिक साझेदार बन गया है। जो हमारे संबंधों में एक नया युग है। रक्षा सहयोग के लिए राष्ट्रपति ने भारत को धन्यवाद दिया। दोनों देश साझा हितों, क्षेत्रीय स्थिरता, समुद्री सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती, खाद्य सुरक्षा और आतंकवाद जैसे पारंपरिक और अप्राकृतिक खतरों से निपटने के लिए साथ मिलकर काम करेंगे। यूएन समुद्री कानूनी और 2016 के दक्षिण चीन सागर पर अंतरराष्ट्रीय पंचाट के निर्णय के पालन जैसे मुद्दों पर भी आपस में समर्थन प्रदान किया है।

**ट्रंप के टैरिफ पर नहीं हुई कोई बात:** बैठक के बाद आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी.कुमारन ने कहा कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति मार्कोस की बैठक में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दुनिया के करीब 70 देशों पर 7 अगस्त से लगाने जाने वाले टैरिफ की घोषणा के मामले पर कोई चर्चा नहीं की गई है। जबकि बैठक में भारत और फिलीपींस के बीच व्यापार में विविधता लाने और इसे बढ़ावा देने के लिए हमारे उत्पादों की श्रेणी का विस्तार करने सहित उन विशिष्ट क्षेत्रों की पहचान करने के उद्देश्यों पर व्यापक चर्चा हुई। जो दोनों देशों के बीच संभावित तरजीही व्यापार समझौते में योगदान दे सकते हैं। पीएम ने कहा कि दोनों देशों का व्यापार लगातार बढ़ रहा है। ये 3 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर चुका है। इसे और अधिक मजबूत बनाने के लिए भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा को जल्द पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। इसके अलावा हमने द्विपक्षीय वरीयता व्यापार समझौते की दिशा में काम करने का निर्णय भी लिया है। धरती के अलावा अब हमने अंतरिक्ष पर भी मजबूत तैयारी की साझेदारी शुरू कर दी है।

**आपसी पसंद पर कायम मित्रता:** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और फिलीपींस की मित्रता आपसी पसंद पर आधारित है। दोनों देश नियति से भागीदार बने हैं। हिंद से लेकर प्रशांत महासागर तक हम साझा मूल्यों से एकजुट हैं। हमारी केवल भूतकाल की दोस्ती नहीं है। बल्कि ये भविष्य के लिए किया गया एक वादा है। भारत की पूर्व की ओर देखो और महासागर नीति में फिलीपींस अहम साझेदार है। अगले साल फिलीपींस आसियान की अध्यक्षता करेगा। उसकी सफलता में हम पूरा सहयोग देंगे। साझा कानूनी सहायता और सजा पाए लोगों के स्थानांतरण जैसे विषय पर दोनों देशों के बीच हुए समझौते से सुरक्षा भागीदारी और मजबूत होगी।

**1 अक्टूबर से शुरू होगी सीधी उड़ान सेवा:** उन्होंने कहा कि भारतीय पर्यटकों को वीजा फ्री एंट्री देने के लिए फिलीपींस के निर्णय का हम स्वागत करते हैं। भारत ने भी फिलीपींस के पर्यटकों को फ्री ई-वीजा सुविधा देने का फैसला किया है। इस साल 1 अक्टूबर से नई दिल्ली और मनीला के बीच सीधी उड़ान सेवा की शुरुआत की जाएगी। भावी गंतव्यों और संभावित बदलावों पर चर्चा जारी है। आईओआर के लिए बनाए गए भारत के वैश्विक फ्यूजन सेंटर से जुड़ने के लिए भारत ने फिलीपींस का स्वागत किया। सूचना, डिजिटल तकनीक, स्वास्थ्य, ऑटोमोबाइल्स, इंफ्रास्ट्रक्चर, मिनरल्स जैसे तमाम क्षेत्रों में हमारी कंपनियां सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। विज्ञान-तकनीक के क्षेत्र में वॉयरोलॉजी से लेकर एआई, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग तक संयुक्त शोध जारी है। भारत ने फिलीपींस को नॉन बासमती चावल का निर्यात भी किया है।

**दोनों देशों के बीच हुए कुल 13 समझौते:** बैठक के बाद दोनों देशों के बीच कुल 13 समझौतों और समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर के अलावा 5 घोषणाएं की गई हैं। जिनमें समझौतों में संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने की घोषणा की गई, साझेदारी से जुड़ी कार्य योजना, दोनों देशों की तीनों सशस्त्र सेनाओं के बीच वार्ता से जुड़े विषयों को लेकर किए गए समझौते, दोनों सरकारों के बीच आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता संधि समझौता, सजायाफ्ता दोषियों के स्थानांतरण पर संधि, दोनों तटरक्षक बलों के बीच समुद्री सहयोग बढ़ाने के लिया गया समझौता मुख्य है। इसके अलावा घोषणाओं में इसी अगस्त महीने से फिलीपींस के नागरिकों को निःशुल्क ई-पर्यटक वीजा की सुविधा प्रदान करना, फिलीपींस के संप्रभु डेटा क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना के लिए प्रायोगिक परियोजना में सहायता, दोनों देशों के बीच प्राथमिकता व्यापार समझौते पर वार्ता के लिए संदर्भ शर्तों को अपनाने की घोषणा शामिल है।

### रणनीतिक भागीदारी में ...

बढ़ावा मिलेगा। दोनों नेताओं की बातचीत में सुपरसोनिक ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल के निर्यात, संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास और क्षमता विकास का मुद्दा भी शामिल रहा। पीएम ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करने और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत का समर्थन करने के लिए फिलीपींस की सरकार और राष्ट्रपति के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा, समुद्री देशों के रूप में दोनों के बीच समुद्री सहयोग स्वाभाविक और आवश्यक है। मानवीय सहायता, आपदा राहत, बचाव-राहत अभियान में हम मिलकर काम कर रहे हैं। नौसेना के 3 जहाज फिलीपींस में पहली बार संयुक्त युद्धाभ्यास कर रहे हैं। यहां बता दें कि भारत ने वर्ष 2022 में फिलीपींस के साथ ब्रह्मोस मिसाइलों के निर्यात को लेकर 375 मिलियन डॉलर का एक समझौता किया था। भारत द्वारा दुनिया के किसी अन्य देश को की गई ब्रह्मोस मिसाइल की बिक्री का यह पहला ऑर्डर था।






# ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं बलिदान भी मांगती है

**मुंबई।** अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म में फरहान परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह भाटी का रोल निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में भारतीय सैनिकों की जांबाजी की झलक देखने को मिल रही है। इस टीजर को जोया अख्तर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। साथ ही उन्होंने कैप्शन दिया है- 'ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं, बलिदान भी मांगती है'। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि फिल्म इस साल 21 नवंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर में दिखाया गया है कि साल 1962 में भारत-चीन की जंग के दौरान 18 नवंबर को क्या-क्या हुआ था।

## लाइफ Style



# वामिका

## जी2 में दमदार किरदार में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इमरान हाशमी, अदिवि शेष और वामिका गब्बी फिल्म 'जी2' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया है। पोस्टर देख कर लगता है कि यह फिल्म एक्शन और सस्पेंस से भरपूर जासूसी थ्रिलर फिल्म होने वाली है।

जारी किए गए पोस्टर में देखा जा सकता है कि इमरान हाशमी और आदिवी शेष गुस्से में नजर आ रहे हैं। एक दूसरे पोस्टर में अदिवि शेष और वामिका गब्बी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्टर में अदिवि शेष एक्शन मोड में शीशा तोड़ते हुए और बंदूक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए अदिवि शेष ने कहा जी2 एक ऐसा सफर रहा है जिसे हमने वर्षों से जिया और महसूस किया है। निर्देशक विनय कुमार सिरिगिनीदी के साथ, हमने बड़े सपने देखने की हिम्मत की है। इस कहानी को वैश्विक स्तर पर ले जाते हुए इसकी असलियत को बनाए रखा है। इमरान और वामिका वाकई दमदार किरदार में नजर आएंगे। उनके अभिनय ने इस फिल्म के पैमाने को एक पायदान ऊपर उठा दिया है। अब यह हमारे लिए सिर्फ एक फिल्म से कहीं बढ़कर बन गई है। फिल्म जी2 साल 2018 में रिलीज हुई गुडाचारी से संबंधित है। यह हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म जी2 फिल्म में बनिता संधू, मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागद्दा और मधु शालिनी जैसे दमदार कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अदिवि शेष एजेंट गोपी के रूप में वापसी कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# द ग्लोरी का ट्विस्ट हिला देगा दिमाग

**नई दिल्ली।** 3 साल पहले नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई द ग्लोरी कोरियन थ्रिलिंग वेब सीरीज अगर आप एक बार देख लेंगे, तो बार-बार इसे देखने का मन करेगा। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसे देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे, लेकिन दिल को सुकून भी मिलेगा। तो अगर आप भी बिंज वॉच करना पसंद करते हैं, तो 16 एपिसोड की नेटफ्लिक्स की ये ट्रेंडिंग वेब सीरीज देख सकते हैं। द ग्लोरी नेटफ्लिक्स की एक साउथ कोरियन वेब सीरीज है, इस वेब सीरीज में स्कूल में बुरी तरह से बुलिंग का शिकार हुई लड़की की कहानी को बताया गया है।




# द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म का आजकल लोगों को बहुत ज्यादा क्रेज है। अब सबसे ज्यादा डरा देने वाली हॉरर फिल्म नए पार्ट के साथ वापस आ गई है। एक बार फिर भूत वापस लौट रहे हैं और उसे देखकर जो हालत खराब होने वाली है उसका अंदाजा ट्रेलर से ही लगाया जा सकता है। द कॉन्ज्यूरिंग सीरीज का आखिरी पार्ट आने वाला है। इस सीरीज के अब तक चार पार्ट आ चुके हैं और सभी हिट रहे हैं। अब द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स के ट्रेलर की बात करें तो इसकी शुरुआत आम लोगों से होती है। जासूसों के इंटरव्यू होते हैं। जिसमें दिखाया गया है कि शैतान पेंसिलवेनिया वहां पहुंच गया है और बुरी शक्तियां उसमें घुस गई हैं और उसे ही अपना घर बना लिया है।



# तलाक के बाद मृणाल को कर रहे डेट

**मुंबई।** एक्टर धनुष का पत्नी ऐश्वर्या रजनीकांत से अप्रैल 2024 में तलाक हो गया था। हालांकि, कुछ महीने पहले दोनों बड़े बेटे यत्र के स्कूल की ग्रेजुएशन सेरिमनी में साथ दिखे थे। धनुष और ऐश्वर्या अपनी-अपनी जिंदगी में बिजी हैं, पर बच्चों के लिए साथ आ जाते हैं। इसी बीच खबरें हैं कि धनुष एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई इवेंट्स में साथ में स्पॉट किया गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गईं। एक्टर धनुष हाल ही मृणाल ठाकुर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे, और अब उस पार्टी का अंदर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धनुष ने मृणाल ठाकुर का हाथ पकड़ा हुआ है और बात कर रहे हैं। इसी वीडियो को देख फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।



# छह किताबों पर बनेंगी वेब सीरीज व फिल्में

**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखक जेफ्री आर्चर की कहानियां अब भारतीय सिनेमा के परदे पर जीवंत होने वाली हैं। भारत की प्रमुख कंटेंट निर्माण कंपनी अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने आर्चर की छह मशहूर किताबों के स्क्रीन एडप्टेशन के अधिकार हासिल किए हैं। इस साझेदारी को भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, क्योंकि यह पहली बार है जब इस तरह किसी विदेशी लेखक की किताबों के राइट्स लिए गए हैं। इस तरह भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में अब स्तरीय विदेशी कॉन्टेंट की दस्तक को शानदार माना जा रहा है। इस डील में जेफ्री आर्चर की छह किताबें द क्लिफ्टन क्रॉनिकल्स, फोर्थ एस्टेट, फर्स्ट अमंग इक्वल्स, द इलेवन्थ कमांडमेंट, सन्स ऑफ फॉर्च्यून और हेड्स यू विन शामिल हैं।

## टीवी मसाला




# विवियन डीसेना का एकता कपूर के शो से होगी वापसी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर एक बार फिर से छोटे पर्दे पर धमाका करने की तैयारी में हैं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी का दूसरा सीजन लाने के बाद वह नागिन 7 के कारण सुर्खियां बटोर रही थीं। दर्शक उसके आने का इंतजार ही कर रहे थे कि प्रोड्यूसर ने विवियन डीसेना के साथ एक प्रोजेक्ट करने का हिंट देकर दर्शकों को कन्फ्यूज कर दिया है। वह एक्टर के कमबैक से खुश भी हैं, लेकिन किस शो में वह आएंगे, ये सोचकर दिमाग की नसों पर जोर भी दे रहे हैं। दरअसल, पहले कुछ हफ्तों तक खबर थी कि विवियन डीसेना नागिन 7 में दिखाई दे सकते हैं। अब एकता कपूर के लेटेस्ट वीडियो से शक यकीन में बदलता दिख रहा है। इसमें दोनों सांप-चमगादड़ जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर दर्शकों को गुमराह कर रहे हैं। वीडियो में, एकता विवियन से पूछती हैं, 'हम क्या कर रहे हैं? क्या हम सांपों के साथ कुछ कर रहे हैं?' तो विवियन कहते हैं, नहीं। बाद में, एकता कहती हैं, शायद चमगादड़ों के साथ कुछ। तो एक्टर जवाब देते हैं, काफी करीब। विवियन डीसेना आखिरी बार बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। वह रनर-अप रहे थे, जबकि करण वीर मेहरा ने ट्रॉफी जीती थी। एक्टर को लीड रोल में आखिरी फिक्शनल शो सिर्फ तुम में देखा गया था, जो 2022 में ऑफ-एयर हुआ था। ऐसे में 3 साल बाद उन्हें पर्दे पर देखना उनके चाहनेवालों के लिए बड़ा सरप्राइज है।

## कपिल के शो में शिल्पा ने उड़ाया छोटी बहन का मजाक


**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे पूरा भारत 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाने की तैयारी कर रहा है, द ग्रेट इंडियन कपिल शो बॉलीवुड की दो सबसे प्यारी बहनों शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी के साथ बाई-बहन हुमा कुरैशी और साकिब



सलीम को एक साथ ला रहा है। सोशल मीडिया पर लीक हुए इस एपिसोड का एक प्रोमो हंसी-मजाक और भाई-बहनों की ढेर सारी नोक-झोंक का वादा करता है, जिसमें मेहमान एक-दूसरे को मजाकिया अंदाज में चिढ़ाते हैं। प्रोमो वीडियो में, शिल्पा शेट्टी कपिल शर्मा के वजन घटाने का मजाक उड़ाती हैं, जिस पर कपिल शर्मा मजाक करते हुए कहते हैं कि उन्होंने यह उनसे ही सीखा होगा। वो मजाक में कहते हैं कि उनका वजन हर साल कम होता जा रहा है। जब कपिल पूछते हैं कि क्या शमिता अपनी बहन से हर बात शेयर करती हैं, तो शिल्पा जवाब देती हैं, वो मुझसे सिर्फ बॉयफ्रेंड वाली बातें छिपाती हैं। शमिता तुरंत जवाब देती हैं कि वो अब कुछ नहीं छिपातीं, और शिल्पा कहती हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वो अब सिंगल हैं।

# ये हॉरर फिल्म अकेले देख ली तो कांप उठेगा कलेजा

**नई दिल्ली।** अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं तो आपको 18 साल पुरानी यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह फिल्म आपको डर की दुनिया ऐसी सैर कराएगी कि आपको हॉरर फिल्मों की दुनिया का नया एक्सपीरियंस मिलेगा। यह फिल्म इतनी डरावनी है कि आप अपने आजू-बाजू देखने से भी डरने लगेंगे। इस फिल्म की हॉररनेस का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं, इसकी कहानी कुछ ऐसी है कि इसमें 30 दिनों तक सूरज नहीं निकलता है और लोग पूरे एक महीने अंधेरे और डर के साए में अपनी जिंदगी की भीख मांग रहे होते हैं। इस फिल्म में रात के इस लंबे अंधेरे में कुछ ऐसे शैतान उतर आते हैं, जिन्हें आदमखोर कहें तो गलत नहीं होगा।




### क्या है फिल्म की कहानी?

वहीं, वैंपायर्स के सरदार का रोल डैनी हस्टन ने किया है, जिसकी एक्टिंग देखने के बाद किसी का भी पसीना छूट जाएगा। फिल्म का हर किरदार दर्शकों को डराने का काम करता है। फिल्म की कहानी पर नजर डाले तो यह अलास्का के बैरो नाम शहर की है, जो पूरी तरह बर्फ से ढका है। जैसे ही इस शहर पर रात का अंधेरा छाता है, वैंपायर्स एक्टिव हो जाते हैं और तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। इस शहर का अन्य शहर से संपर्क टूट जाता है और यहां बसे लोग एक-एक कर अपनी जान गंवा देते हैं।

**कौन सी डरावनी फिल्म है ये?** : इस फिल्म की कहानी रात होने के बाद शुरू होती है और 30 दिन सवेरा होने के बाद खत्म। इसलिए इस फिल्म का नाम, '30 डेज ऑफ डार्क नाइट' है। फिल्म के नाम से पता चलता है कि इसकी कहानी रात के काले अंधेरे पर बेस्ड है, जहां सूरज का तीस दिनों तक कोई अता-पता नहीं है। फिल्म कहानी में एक शेरिफ और उसकी पत्नी है, जो इन पिशाचों से मुकाबला करते हैं, जो रात के योद्धा हैं। पिशाचों के खिलाफ इस लड़ाई में इस महिला का पति अपनी जान गंवा बैठता है। फिल्म में जोश हार्टनेट और मेलिसा जॉर्ज ने पति-पत्नी का रोल प्ले किया है।

# 3 साल तक सिनेमाघरों में छाई रही ये फिल्म 80 साल बाद शोले ने तोड़ा था रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जुबली स्टार की बात करें, तो जो नाम जुबान पर सबसे पहले आता है, वो नाम है राजेंद्र कुमार का। उनकी फिल्मों के लिए कहा जाता था कि वो जो भी करते थे, वो सिल्वर जुबली जरूर मनाती थी। सिर्फ हीरो ही नहीं, हिंदी फिल्म के इतिहास में एक एक्ट्रेस भी ऐसी रही हैं, जो जुबली गर्ल के नाम से जानी गईं। उनकी फिल्मों ने जो इतिहास रचा उसे बॉक्स ऑफिस पर तोड़ने में बॉलीवुड को पूरे अस्सी साल तक इंतजार करना पड़ा। इस एक्ट्रेस का नाम था मुमताज शांति, जिन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया।



***देश की पहली जुबली गर्ल*** : ये बात बंटवारे के दौर से भी पहले की है, जब हिंदी फिल्मों में एक एक्ट्रेस हुआ करती थीं मुमताज शांति। उन्हें जुबली गर्ल का नाम दिया गया था। बात चालीस के दशक के आसपास की होगी, जब मुमताज शांति की खूबसूरती और एक्टिंग का कोई मुकाबला नहीं था। मुमताज शांति ने पंजाबी फिल्मों से इंडस्ट्री में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म थी सोहनी कुमारन। उनकी दूसरी पंजाबी फिल्म थी मंगती, जो 1942 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने डायमंड जुबली मनाई थी। इसके बाद मुमताज शांति का नाम पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार के तौर पर लिया जाने लगा था। पंजाबी फिल्मों में नाम कमाने के बाद मुमताज शांति ने हिंदी फिल्मों का रुख किया।

### पहली हिंदी फिल्म बसंत रही जुबली हिट

मुमताज शांति की पहली हिंदी फिल्म थी बसंत. ये फिल्म भी जुबली हिट रही थी। इस फिल्म में मधुबाला भी नजर आईं थीं। ये फिल्म करीब 76 हफ्ते तक थियेटर्स में रही थी। साल 1943 में वो अशोक कुमार के साथ किस्मत फिल्म में नजर आईं। इस फिल्म को देश की पहली ब्लॉकबस्टर मूवी माना जाता है, जिसने उस दौर में एक लाख के बजट में एक करोड़ की कमाई की थी। ये फिल्म लगातार तीन साल सिनेमा हॉल में लगी रही। 80 साल बाद ये रिकॉर्ड फिल्म शोले ने तोड़ा था।

## रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का लगने वाला है मजेदार मजमा

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये नई वेब सीरीज और फिल्में होंगी रिलीज

***नई दिल्ली।** नया हफ्ता, नई उम्मीदें, नया रोमांच। सिनेमाघरों में इस शुक्रवार, 8 अगस्त को अंदाज 2 रिलीज हो रही हैं। फिल्म को लेकर बहुत ज्यादा बज़ नहीं है। लेकिन ओटीटी के पिटारे में इस हफ्ते एक के बाद एक ऐसी नई सीरीज और फिल्में हैं, जो आपके वीकेंड का मजा कई गुना बढ़ा सकती हैं। अगले सात दिनों में ओटीटी पर रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का मजेदार मजमा लगने वाला है। मौनी रॉय और नवीन कस्तूरिया की जासूसी वेब सीरीज सलाकार जहां अतीत से वर्तमान तक, राष्ट्रीय सुरक्षा के रोमांच को बढ़ाने वाली हैं, वहीं नेटफ्लिक्स की रिकॉर्ड तोड़ सीरीज 'वेडनेसडे' के सीजन 2 का पार्ट 1 भी रिलीज होने वाला है। 'मिकी 17' में जहां रॉबर्ट पैटिंसन दिल लूटने आ रहे हैं, वहीं मायासभा, मामन और अरबिया कदली जैसी साउथ की फिल्में और सीरीज भी आ रही हैं।*

**सलाकार** : सलाकार वेब सीरीज की कहानी साल 1978 और साल 2025 के दो टाइमलाइन में चलती है। यह एक जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एस्पिरेंटस फेम नीन कस्तूरिया ने अधीर का किरदार निभाया है। वह एक सीक्रेट एजेंट है, जिसने शीत युद्ध के दौरान पाकिस्तान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को असफल बनाने में देश की मदद की थी। अधीर अब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर है। देश की सुरक्षा पर फिर से खतरा मंडरा रहा है। राजनीति में तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में अधीर को अपने अतीत के अनसुलझे खतरों का भी सामना करना होगा। इस सीरीज में मौनी रॉय, मुकेश ऋषि, अश्वथ भट्ट, पूर्णेंदु भट्टाचार्य और सूर्या शर्मा भी हैं। सलाकार वेब सीरीज ओटीटी पर शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

**मायासभा** : मायासभा मूल रूप से तेलुगू में बनी पॉलिटिकल-ड्रामा सीरीज है। कहानी 1990 के दशक के आंध्र प्रदेश की अशांत राजनीति की है। यह कॉलेज के



दो आदर्शवादी दोस्तों, ककरला कृष्णमा नायडू (आधि पिनिसेट्टी) और एमएस रामी रेड्डी (चैतन्य राव) की कहानी कहती है। दोनों राजनीति को बदलने का साझा सपना देखते हैं। लेकिन, इस राह में महत्वाकांक्षा की लड़ाई, विश्वासघात और विचारधाराओं का टकराव है। जैसे-जैसे वे आगे बढ़ते हैं, राजनीतिक दिग्गज बनते हैं, उनकी दोस्ती सत्ता संघर्ष, गुपचुप समझौतों और एक भयंकर प्रतिद्वंद्विता में बदल जाती है। उनकी दुनिया में तब और उथल-पुथल मच जाती है, जब कहानी में एक करिश्माई फिल्म स्टार की एंट्री होती है। वह अब राजनेता बन जाता है। इस सीरीज में दिव्या दत्ता, साई कुमार, नासर, रवींद्र विजय, श्रीकांत अयंगर, शत्रु और तान्या रविचंद्रन भी हैं। 'मायासभा' वेब सीरीज ओटीटी पर गुरुवार, 7 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**अरबिया कदली** : अरबिया कदली एक तेलुगू सर्वाइवल ड्रामा वेब सीरीज है। यह समंदर किनारे बसने वाले दो गांव और उनके गांव वालों की कहानी है। ये गांव मछुआरों का है। दोनों गांव में हमेशा से एक-दूसरे को लेकर जबरदस्त कंपीटिशन रहा है। मछुआरों के एक ग्रुप गलती से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में पहुंच जाता है। उन्हें एक विदेशी जमीन पर कैद कर लिया जाता है। बद्री और उसके साथी मछुआरे खतरनाक समुद्र, कैद और अन्याय से जूझते हैं। इधर, इस कहानी के साथ ही एक और कहानी चलती है, जहां गंगा (आनंदी) साहस और दृढ़ विश्वास के साथ सिस्टम को चुनौती देती है। वह शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ मिसाल बनकर उभरती है। सीरीज में सत्य देव और आनंदी लीड रोल में हैं। जबकि साथ में नासर, रघु बाबू, दलीप ताहिल, पूनम बाजवा और हर्ष रोशन भी हैं। अरबिया कदली वेब सीरीज शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होगी।

**मामन** : मामन एक तमिल फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह मई के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कहानी त्रिची में रहने वाले मामन इनबा (सूरी) के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में चाचा-भतीजा हैं। मामन को अपनी बहन गिरिजा के बेटे लड्डू से बहुत प्यार है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब लड्डू की शादी डॉक्टर रेखा (ऐश्वर्या लक्ष्मी) से होती है। यह दिल को छू लेने वाली कहानी जल्द ही तनाव और पारिवारिक संघर्ष में बदल जाती है, क्योंकि लड्डू का बेमेल प्यार इनबा और रेखा के रिश्ते में दरार डाल देता है।

## चिंतन

# यूएस खुद रूस से कर रहा ट्रेड, अपने हित देखे भारत

भारत को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकियों व चेतावनियों को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। इसका कारण है कि एक तो खुद अमेरिका दोहरा मानदंड अपना रहा है, दूसरा भारत को अपने राष्ट्रीय हित की रक्षा करने का हक है। भारतीय निर्यात पर ट्रंप जितना भी शुल्क लगाए, उसका अमेरिकी जनता को ही खामियाजा भुगतना होगा। फौरी तौर पर हो सकता है कि भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात में कमी आए, लेकिन इससे भारत को विचलित होने की जरूरत नहीं है। इसे भारत को एक अवसर के रूप में लेना चाहिए और भारतीय निर्यातकों को वैकल्पिक बाजार की ओर रुख करना चाहिए। राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को चेतावनी दी है कि चूंकि भारत रूस से तेल खरीद रहा है, इसलिए इस दक्षिण एशियाई देश पर अगले 24 घंटों में भारी नया टैरिफ आयद किया जाएगा। ट्रंप ने पिछले हफ्ते ही भारत से आयातित उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी व रूस से तेल एवं गैस खरीदने की वजह से भारत पर अलग से जुर्माना लगाने की बात भी कही थी। भारत ने आंकड़ों के जरिये अमेरिका और यूरोप को आईना दिखाया है कि अमेरिका खुद रूस के साथ व्यापार कर रहा है व भारत-रूस व्यापार पर उंगली उठा रहा है। पिछले साल कड़े प्रतिबंधों और टैरिफ के बावजूद, अमेरिका ने रूस के साथ लगभग 3.5 अरब डॉलर का व्यापार किया था। अमेरिका अब भी रूस से अपने परमाणु उद्योग के लिए यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, इलेक्ट्रिक गाड़ियों की इंडस्ट्री के लिए पैलेडियम, उर्वरक और कच्चे रसायन आयात करता है। यूक्रेन ये युद्ध शुरू होने के बाद भारत ने रूस से इसलिए तेल का आयात शुरू किया था, ताकि वैश्विक आपूर्ति तंत्र बना रहे व कीमतों को नियंत्रित रखा जा सके। तब खुद अमेरिका ने भारत के इस कदम का स्वागत किया था। खुद अमेरिका व यूरोप यूक्रेन की मदद कर रहे हैं, वे वास्तव में युद्ध का अंत चाहते हैं तो यूक्रेन को हथियारों की मदद बंद कर दें। यूरोपीय संघ ने वर्ष 2024 में रूस के साथ 67.5 अरब यूरो मूल्य का वस्तु व्यापार किया। यह भारत के रूस के साथ उस वर्ष अथवा उसके बाद के कुल व्यापार से कहीं अधिक है। 2024 में यूरोप द्वारा रूस से एलएनजी का आयात 1.65 करोड़ टन तक पहुंच गया, जो 2022 में बने 1.521 करोड़ टन के पिछले रिकॉर्ड को भी पार कर गया। अमेरिका व यूरोप के दोहरे रवैये को देखते हुए अमेरिका का भारत को निशाना बनाना अनुचित और तर्कहीन है। किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था की तरह, भारत भी अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाता है। ट्रंप की इस नई चेतावनी के बाद रूस ने भारत का समर्थन करते हुए जवाब दिया है कि 'किसी भी देश को रूस के साथ व्यापार बंद करने के लिए मजबूर करना अवैध है। संप्रभु देशों को अपने व्यापार और आर्थिक सहयोग के लिए साझेदारों को चुनने का अधिकार है। भारतीय सेना ने भी अमेरिका को वर्ष 1971 की याद दिलाते हुए उसका असली चेहरा दिखाया है कि कैसे अमेरिका व चीन ने भारत से युद्ध में पाकिस्तान की मदद की थी। अभी टैरिफ दर में, आईएमएफ से लोन दिलाने में व ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिका ने अपनी पाकपरस्ती दिखाई है। इसलिए भारत को अमेरिका के असली चेहरे को पहचानते हुए अपने राष्ट्रीय हित में कदम उठाना चाहिए और ट्रंप को जैसे को तैसा की तर्ज पर जवाब देना चाहिए। भारत व अमेरिका का संबंध ट्रेड के इर्द-गिर्द ही रहा है, इसमें दोस्ती जैसी कोई बात नहीं है।



श्रद्धांजलि
ओंकारेश्वर पांडे

अलग झारखंड का सपना उठाने वाले कई थे, पर उसे सच करने वाला सिर्फ एक नाम था दिशोम गुरु। लोग कहते हैं, "गुरुजी सिर्फ नेता नहीं थे, आंदोलन की आत्मा थे।" उनके समर्थकों के लिए वे एक विचार थे, एक प्रतिरोध की पहचान। भारतीय राजनीति में झारखंड आंदोलन दरअसल आदिवासी पहचान की वह कहानी है, जिसे दिशोम गुरु ने खून-पसीने से लिखा। "गुरुजी का भरोसा सिर्फ लिखित वादों पर था, शब्दों से नहीं।" उन्होंने कसम खाई "जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ी जाएगी।" सवाल है कि क्या यह नारा सिर्फ झारखंड तक सीमित रहेगा या पिता की राह पर चलते हुए हेमंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा को आदिवासी मुक्ति मोर्चा के रूप में स्थापित कर पाएंगे।

# दिशोम गुरु से गुरुजी का कठिन सफर

दिशोम गुरु शिबू सोरेन चले गए। 10 बार सांसद, 3 बार मुख्यमंत्री, और उससे भी बढ़कर, वो शख्स जिसने तीर-कमान से नहीं, बल्कि संघर्ष और अपनी सियासी चालों से बिहार के आदिवासियों को उनका हक दिलाया। अलग झारखंड का सपना उठाने वाले कई थे, पर उसे सच करने वाला सिर्फ एक नाम था दिशोम गुरु। लोग कहते हैं, "गुरुजी सिर्फ नेता नहीं थे, आंदोलन की आत्मा थे।" उनके समर्थकों के लिए वे एक विचार थे, एक प्रतिरोध की पहचान। भारतीय राजनीति में झारखंड आंदोलन दरअसल आदिवासी पहचान की वह कहानी है, जिसे दिशोम गुरु ने खून-पसीने से लिखा। 11 जनवरी 1944 को रामगढ़ के नेमरा गांव में जन्मे शिबू सोरेन ने बचपन में साहूकारों की लूट देखी, खनन कंपनियों का लालच देखा। 1969 का अकाल, जब सरकारी गोदामों में अनाज सड़ रहा था और आदिवासी भूख से मर रहे थे, ने उनके भीतर ज्वाला भर दी। उन्होंने कसम खाई "जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ी जाएगी।"

नेमरा (रामगढ़) की गलियों से उठी उनकी आवाज़ ने 1960–70 के दशक में आवाम को झकझोरा। जब धनकटनी आंदोलन शुरू हुआ, तब आदिवासी महिलाएं खेतों से धान काटकर ले जाती थीं, पुरुष तीर-कमान लिए पहरे पर खड़े रहते थे। पर सिस्टम भी था, सरेंडर, गिरफ्तारी, गिरफ्तारी वारंट तक जारी। उनकी शुरुआत छोटी थी, पर असर बड़ा। धान जब्ती आंदोलन से शिबू सुर्खियों में आए। साहूकारों के गोदामों से अनाज निकालना, तीर-कमान लिए आदिवासी पहरेदारों का पहरा, यह केवल विरोध नहीं था, यह सिस्टम को सीधी चुनौती थी। एक दिन शिबू सोरेन पारसनाथ के जंगलों में छिप गए, वहीं से आंदोलन चला "बाहरी" लोगों को निकालो, "झारखंड को शोषण से मुक्त करो" सपनों के इस आंदोलन ने उन्हें 'दिशोम गुरु' की पहचान दी। 1973 में उन्होंने ए.के. रॉय और बिनोद बिहारी महतो के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा बनाई। उस समय उनके नारे गूंजते थे "हमारी जमीन हमारी है, कोई दीकु (बाहरी) नहीं छीन सकता।" इसके साथ ही झारखंड आंदोलन तेज होने लगा। उस समय जेएमएम का बनना कोई आसान बात नहीं थी, राजनीतिक विरोध, विभाजन और मानसिक खींचतान के बीच उन्होंने पार्टी को जीवंत रखा। तब लालू यादव ने 1998 में कहा था, "झारखंड मेरी लाश पर ही बनेगा,"। लेकिन शिबू सोरेन ने सभी विरोधों को पार करते हुए, कांग्रेस, आरजेडी और बीजेपी से गठबंधन बनाया और बातचीत से राज्य का मामला संसद तक पहुंचाया। शिबू सोरेन ने समझ लिया था कि झारखंड का सपना सिर्फ जंगलों में धरना देकर पूरा नहीं होगा, इसके लिए दिल्ली की सत्ता के दरवाजे खोलने होंगे। और यही उन्होंने किया। 1989 में वी.पी. सिंह की सरकार को समर्थन, 1993 में नरसिम्हा राव को अविश्वास मत से बचाना, फिर 1999 में वाजपेयी की एनडीए सरकार से डील, शिबू हर बार सही मोड़ पर सही दांव खेलते रहे। कहते हैं, "गुरुजी का भरोसा सिर्फ लिखित वादों पर था, शब्दों पर नहीं।" और हुआ भी वही। 15 नवंबर 2000 को बिहार से अलग होकर झारखंड बना। जयपाल सिंह मुंडा ने आंदोलन की शुरुआत की थी, लेकिन उसे मंज़िल तक पहुंचाने वाला नाम था शिबू सोरेन। शिबू सोरेन की राजनीति का मूल था आदिवासी पहचान और जल-



जंगल-जमीन की रक्षा। उन्होंने सरहुल जैसे त्योहारों को विरोध का मंच बनाया। खदान मजदूरों को संगठित किया और खनन कंपनियों की नाक में दम किया। उनकी पहल पर पेसा कानून आया, जिसने ग्राम सभाओं को जमीन पर फैसला लेने का अधिकार दिया। 2006 का वन अधिकार कानून भी उनकी जिद का नतीजा था। झारखंड से अरबों का कोयला और लौह अयस्क दिल्ली तक गया, पर गांवों तक सिर्फ गरीबी पहुंची। यही विडंबना है राज्य तो बना, पहचान मिली, पर आर्थिक न्याय अब भी अधूरा है। झारखंड देश के सबसे समृद्ध खनिज राज्यों में है। कोयले, लौह अयस्क और अन्य खनिजों से केंद्र को सालाना 40-45 हजार करोड़ से ज्यादा का हिस्सा मिलता है, जबकि राज्य को खुद के टैक्स से करीब 34 हजार करोड़ की आमदनी होती है।

आसान शब्दों में खनिज निकलता है झारखंड से, फायदा जाता है दिल्ली को। यही सबसे बड़ी लड़ाई रही है। और यह लड़ाई आज भी जारी है। दिशोम गुरु का सफर सियासत और मुकदमों की सफेद-स्याह परछाइयों और विवादों से भरा रहा। 1975 में 'बाहरी-विरोधी अभियान', जिसमें 11 मौतें हुईं, उन पर हत्या का आरोप लगा। 1993 के अविश्वास मत में रिश्वत का आरोप, 1994 में उनके निजी सचिव शशिनाथ झा की हत्या का मामला 2006 में सजा हुई, फिर 2007 में बरी हुए। फिर भी जनता ने उनका साथ नहीं छोड़ा। जेल से निकलकर भी चुनाव जीते। तीन बार मुख्यमंत्री बने। दस बार सांसद रहे। पार्टी के एक नेता कहते हैं "एक आदिवासी जब खड़ा होता है, तो उसे राजनीति में फंसाया भी जाता है। हेमंत सोरेन को भी जेल में डाला गया। पर क्या साबित हुआ? जनता अब इन चालों को अच्छी तरह समझने लगी है।" शिबू सोरेन के उपर मुकदमे, सज़ा और विवादों का बोझ था, पर जनता ने उनका साथ नहीं छोड़ा। उनके योगदान को लोग याद करते हैं, उन्होंने झारखंड का सपना रखा, आदिवासी पहचान को राष्ट्रीय विमर्श में रखा, और सबसे बड़ी बात कारपोरेट पावर को चुनौती दी। आज के दौर में विकास की जो रफ़्तार है, वह आर्थिक अधिकारों के सवाल को और गहरा कर देती है, क्या राज्य की खनिज संपदा उसी जनता को लाभान्वित कर पाएगी जिसने इसे जन्म दिया? गुरुजी चले गए, पर सवाल वहीं हैं। शिबू सोरेन ने कभी बीजेपी का समर्थन किया, फिर आरजेडी से हाथ मेला, कभी कांग्रेस से तालमेल किया—हर कदम पर साबित किया कि राजनीतिक दृढ़ता और पहचान की चुनौतियाँ गठबंधन नीति से होकर गुजरती हैं।

"गुरुजी का भरोसा सिर्फ लिखित वादों पर था, शब्दों से नहीं।" भाषणों की नहीं, जमीन की राजनीति की गई। यह उन्हें अलग बनाता है। शिबू सोरेन ने झारखंड का सपना देखा, उसे संसद में गूँजाया, और आखिरकार राज्य के रूप में राजनीतिक हक की लड़ाई जीत ली। "इतिहास उन्हें सिर्फ नेता नहीं, बगावत और पहचान का प्रतीक लिखेगा..." लेकिन गरीबी, बेरोजगारी, और आर्थिक आत्मनिर्भरता का संघर्ष जारी है। हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री हैं। यह भरोसा सिर्फ बेटे पर नहीं, बल्कि उस इतिहास पर है जो शिबू सोरेन ने लिखा। हेमंत कहते हैं "विकास जरूरी है, पर वह हमारी पहचान को मिटाए नहीं।" आदिवासियों को राजनीतिक हक मिला, पर आर्थिक हक का सवाल अब भी अधूरा है। यही वह लड़ाई है जो आज हेमंत को लड़नी है। क्या हेमंत वह कर पाएंगे जो गुरुजी के दौर में अधूरा रह गया? जमीनी राजनीति की बिसात पर सतर्कता और सफलता से चल रहे हेमंत सोरेन के सामने उनका नारा "जल, जंगल, जमीन" अब भी गूँजता है। सवाल है कि क्या यह नारा सिर्फ झारखंड तक सीमित रहेगा या पिता की राह पर चलते हुए हेमंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा को आदिवासी मुक्ति मोर्चा के रूप में स्थापित कर पाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## प्लास्टिक संधि

राज कुमार सिन्हा




# प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्ति के लिए विश्व की उम्मीदें

स्विट्जरलैंड के जेनेवा में 5 से 14 अगस्त तक प्लास्टिक संधि के लिए अन्तरराष्ट्रीय वार्ता समिति के प्रतिनिधिमंडल अंतिम बैठक के लिए एकत्रित हुए हैं। जहां प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय कानूनी रूप से बंधनकारी (आईएलबीआई) समझौता पर अंतिम दौर की बातचीत होगी। इसके पहले मई 2022 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा ने समुद्री पर्यावरण सहित प्लास्टिक प्रदूषण पर एक अंतरराष्ट्रीय, कानूनी रूप से बाध्यकारी उपाय विकसित करने के लिए प्रस्ताव पारित किया था। तब से अब तक पांच दौर की बातचीत पूर्ण हो चुकी है। अंतिम दौर की बातचीत अगस्त में होने जा रही है, जिसमें मुख्यतः प्लास्टिक उत्पादों के पूरे जीवन काल में प्राथमिक पॉलिमर उत्पादन से लेकर निपटान तक को ध्यान में रखें जाने की बात होगी। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, प्लास्टिक की मांग सन् 2000 के बाद से लगभग दोगुनी हो गई है। एक हालिया अध्ययन के अनुसार, 2022 में फीडस्टॉक सहित 436.66 मिलियन टन पॉलिमर और प्लास्टिक का व्यापार हुआ, जिसमें अंतिम प्लास्टिक उत्पादों की मात्रा 111 मिलियन टन थी। आज, 99 फीसदी प्लास्टिक जीवाश्म ईंधन से बनता है। जीवाश्म ईंधनों को परिष्कृत करके मोनोमर्स (निर्माण खंड) और फिर पॉलिमर में संसाधित किया जाता है और उत्पादन के विभिन्न चरणों में मध्यवर्ती पदार्थ और रसायन (अध्ययनों से पता चलता है कि 16,000 से अधिक रसायनों का उपयोग किया जाता है) मिलाए जाते हैं। प्लास्टिक को विनियमित करने का अर्थ अनिवार्य रूप से इन पेट्रोरसायनों को विनियमित करना होगा। प्लास्टिक उत्पादन और उपभोग को विनियमित करने के लिए, इन निर्माण खंडों, जिनमें इनका व्यापार भी शामिल है, पर ध्यान केंद्रित करना अनिवार्य है। विश्व भर के 600 से अधिक नागरिक समाज समूहों ने प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए एक मजबूत संधि की मांग करते हुए एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें प्लास्टिक उत्पादन में महत्वपूर्ण कटौती पर जोर दिया गया है। घोषणापत्र में कहा गया है कि जलवायु, जैव विविधता, मानव स्वास्थ्य, मानवाधिकारों और ग्रह की जीवन को सहारा देने और बनाए रखने की क्षमता पर हानिकारक प्रभाव डालता है। नागरिक समूहों ने वैश्विक प्लास्टिक उत्पादन में उल्लेखनीय कमी सुनिश्चित करने के लिए संधि की माँग की है। प्लास्टिक के जीवनचक्र में हानिकारक रसायनों के उन्मूलन, प्लास्टिक संबंधी जानकारी में पारदर्शिता, कार्यान्वयन के लिए स्पष्ट और पर्याप्त वित्तीय प्रतिबद्धताएं और तंत्र, प्रभावित समुदायों के लिए न्यायोचित परिवर्तन, झूठे समाधानों द्वारा जारी अपशिष्ट उपनिवेशवाद और पर्यावरणीय नस्लवाद का अंत, पुनः उपयोग और पुनः भरने की प्रणालियों को प्राथमिकता देने और मानव अधिकारों के संरक्षण का भी आह्वान किया है। कहा गया है कि प्लास्टिक और खतरनाक अपशिष्ट के उत्पादन में प्रयुक्त खतरनाक रसायनों पर बासेल, रॉटरडैम और स्टॉकहोम द्वारा नियंत्रण किया जाता है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) द्वारा शासित होता है, और प्रस्तावित आईएलबीआई के प्रावधान डब्ल्यूटीओ समझौतों के विपरीत होंगे। इससे विकासशील देश और वे देश जो पॉलिमर व्यापार पर निर्भर हैं, व्यापार पर अंकुश लगाने से प्रभावित होंगे।इधर पर्यावरण पर 20वें अफ्रीकी मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एएमसीईएन-20) ने वैश्विक प्लास्टिक संधि का समर्थन करने की प्रतिबद्धता जताई है, तथा प्लास्टिक प्रदूषण पर अंतरराष्ट्रीय कानूनी रूप से बाध्यकारी साधन विकसित करने के लिए अंतर-सरकारी वार्ता समिति के साथ महाद्वीप की सहभागिता की आवश्यकता की पुष्टि की है। 18 जुलाई को नैरोबी में संपन्न हुई इस बैठक में स्वीकार किया गया कि अफ्रीका अपनी प्राकृतिक पूंजी की रक्षा के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जिसमें विविध पारिस्थितिकी तंत्र, परिदृश्य, वायु, समृद्ध जैव विविधता से लेकर विशाल खनिज संपदा, मीठे पानी और समुद्री संसाधन शामिल हैं। इस कार्यक्रम में सदस्य देशों से पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए 'संपूर्ण सरकार' और 'संपूर्ण समाज' के दृष्टिकोण को अपनाने तथा समुदायों, महिलाओं और युवाओं को शामिल करने और उन्हें सशक्त बनाने का आह्वान किया गया, ताकि पर्यावरणीय संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके। भारत के नागरिक अपने प्रतिनिधिमंडल से आग्रह करते हैं कि इस होने वाले वार्ता में मानव स्वास्थ्य और अपस्ट्रीम समाधानों पर केंद्रित एक मजबूत वैश्विक प्लास्टिक संधि का समर्थन करें। जबकि प्लास्टिक पैकेजिंग, डिज़ाइन और सामग्री के उपयोग पर जीवनचक्र आकलन के आधार पर स्पष्ट लागू करने योग्य दिशानिर्देशों की तत्काल आवश्यकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
## दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# बिन बुलाए किसी के घर न जाए



संकलित
## प्रेरणा

माता सती के पिता प्रजापति दक्ष शिव जी को पसंद नहीं करते थे, क्योंकि शिव जी ने ब्रह्मा जी का पांच में से एक सिर काट दिया था। अपने पिता ब्रह्मा जी के साथ हुई इस घटना की वजह से दक्ष शिव जी को अपमानित करने के अलग-अलग अवसर खोजते रहते थे। दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह कर लिया था और दक्ष इस विवाह को रोक नहीं सके। विवाह के कुछ समय बाद दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया और इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। माता सती को नारद से मालूम हुआ कि उनके पिता दक्ष यज्ञ करवा रहे हैं। सती इस यज्ञ में जाने के लिए तैयार हो गईं। शिव जी ने देवी सती को समझाया कि बिना बुलाए हमें यज्ञ जैसे आयोजन में नहीं जाना चाहिए, लेकिन शिव जी के समझाने पर भी देवी नहीं मानीं और यज्ञ में चली गईं। जब सती यज्ञ स्थल पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि यज्ञ में शिव जी के अतिरिक्त सभी देवी-देवता आए हुए हैं। सती ने पिता दक्ष से शिव जी को न बुलाने का कारण पूछा तो दक्ष ने शिव जी के लिए अपमानजनक बातें कहना शुरू कर दीं। शिव जी का अपमान सती सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने हवन कुंड में कूदकर अपनी देह त्याग दी। जब ये बात शिव जी को मालूम हुई तो वे बहुत क्रोधित हो गए। शिव जी के क्रोध से वीरभद्र प्रकट हुए। इसके बाद शिव जी के कहने पर वीरभद्र ने यज्ञ स्थल को उजाड़ दिया और दक्ष का सिर काट दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कश्मीर से खत्म होगा आतंकवाद

आतंकवाद एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है। तथ्य को नकारना रेत में सिर छिपाना ही होगा। जिस तरह सरकार ने 2026 तक माओवादियों को अल्टीमेटम दे दिया है, उसके भय से आत्म समर्पण की गति तेज हो गई है। सीमापार सरकार की ताकत जानते है। सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति के कारण घाटी में आतंकवादियों का आना कम हो गया है। कश्मीर में अमन है। जिस व्यक्ति के दिमाग पर कोई शक्ति हावी हो जाती है। सामान्य तर्क उसके सामने बेनामी होते है। पहले कश्मीर घाटी के युवाओं को पत्थरबाजी का जुनून सवार था। अब युवा कम्प्यूटर और इंटरनेट से जुड़ाव होने से मुख्यधारा में जुड़ चुके है। जुनून एक जीवन की पथरीली राहो पर ले जाता है और योग्यता वाला जुनून आदमी बनाने में अहम भूमिका बनाता है। पाकिस्तान की भूमिका डरावनी ही रही है। – *कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### बचाव कार्य



उत्तरकाशी में फ्लैश फ्लड की घटना को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से बात कर घटना की जानकारी ली। आईटीबीएस की 3 और एनडीआरएफ की 4 टीमों को घटनास्थल के लिए भेज दिया गया है, जो शीघ्र पहुँच कर बचाव कार्य में लगेंगी।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

### गठबंधन में नहीं बसपा



बहुजन समाज पार्टी ना तो एनडीए गठबंधन के साथ है और ना ही कांग्रेस के इण्डिया समूह (गठबंधन) के साथ है, ना ही अन्य किसी के साथ है, बल्कि अपनी 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' के अम्बेडकरवादी सिद्धान्त व नीति पर चलने वाली पार्टी है।
**-मायावती,पूर्व सीएम, उप्र**

### धर्म विशेष के लोग



जो भी गैर-क़ानूनी हो उसके ख़िलाफ़ कार्रवाई हो क्योंकि अवैध तो अवैध होता फिर क्यों किसी जाति या धर्म विशेष के लोगों को टारगेट किया जा रहा है। हम इसके ख़िलाफ़ कोर्ट जाएंगे।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### मलिक का निधन दुखद



पूर्व राज्यपाल व किसान हितैषी नेता सत्यपाल मलिक के निधन का समाचार बेहद दुखद है। वे बेबाकी और निडरता से सत्ता को सच्चाई का आईना दिखाते रहे। शोकाकुल परिवारजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।
**- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## करंट अफेयर

# जापान में परमाणु बम पीड़ित फैला रहे लोगों में जागरूकता

हिरोशिमा और नागासाकी पर 80 साल पहले हुए परमाणु बम हमले में जीवित बचे लोगों ने बढ़ते परमाणु खतरों और वैश्विक नेताओं द्वारा परमाणु हथियारों को स्वीकार किए जाने पर चिंता जताई है। अमेरिका ने छह अगस्त, 1945 को हिरोशिमा पर और उसके तीन दिन बाद नागासाकी पर परमाणु बम से हमला किया था, जिससे उस वर्ष के अंत तक 2,00,000 से ज़्यादा लोग मारे गए थे। इस घातक हमले में कुछ लोग जीविच बच गए, लेकिन वे विकिरण संबंधी बीमारियों से ग्रस्त हो गए। परमाणु बम हमले के लगभग एक लाख लोग अभी जीवित हैं। उनमें से कई लोगों ने खुद को और अपने परिवारों को आज तक जारी भेदभाव से बचाने के लिए अपने अनुभवों को छिपा रखा है जबकि कुछ लोग खुद के साथ हुई भयावह विभीषिका के चलते अपनी आपबीती नहीं बता पाए। कुछ जीवित बचे लोगों ने अपने जीवन काल के अंतिम दिनों में परमाणु बम हमले के खिलाफ इस उम्मीद के साथ बोलना शुरू किया है, कि उनकी आपबीती सुन कर शायद दूसरे लोग परमाणु हथियारों के खात्मे के लिए दबाव बना सकें। परमाणु बम हमले के पीड़ित 83 वर्षीय कुनिहिको आईडा अनेक स्वास्थ्य समस्याओं के बावजूद अपनी सेवानिवृत्ति के वर्षों में लोगों को अपनी पीड़ा बता रहे हैं।



## ऑफ बीट

# कुछ कपड़े धोने पर सिकुड़ जाते हैं ? कैसे रोका जाए

कपड़े आखिर क्यों सिकुड़ते हैं, यह जानने के लिए हमें पहले यह समझना होगा कि कपड़े बनते कैसे हैं। सूती और लिनन जैसे सामान्य रेशे पौधों से हासिल होते हैं। ये रेशे अपने प्राकृतिक स्वरूप में अनियमित आकार के और झुर्रीदार होते हैं। अगर आप इन रेशों के अंदर गहराई से देखेंगे, तो आपको लाखों छोटे, लंबी–शृंखला वाले सेल्यूलोज अणु नजर आएंगे, जो प्राकृतिक रूप से सर्पिल आकार में मौजूद होते हैं। कपड़ा बनाते समय इन रेशों को यांत्रिक रूप से खींचा और मोड़ा जाता है, ताकि ये सेल्यूलोज शृंखलाएं सीधी हो जाएं और कतार में आ जाएं। इस प्रक्रिया में चिकने, लंबे धागे बनते हैं। रासायनिक स्तर पर, ये शृंखलाएं 'हाइड्रोजन बॉन्ड' से जुड़ी होती हैं, जो रेशों और धागों को मजबूत एवं लचीला बनाते हैं। 'फाइबर मेमोरी' के कारण ही कुछ कपड़ों पर आसानी से सिलवटें पड़ जाती हैं, जबकि कुछ कपड़े धोने के बाद सिकुड़ भी जाते हैं। कपड़े धोने के दौरान, गर्म पानी रेशों के ऊर्जा स्तर को बढ़ाने में मदद करता है–यानी वे तेजी से हिलते हैं, जिससे उन्हें एक–दूसरे से जोड़े रखने वाले 'हाइड्रोजन बॉन्ड' टूट जाते हैं। रेशों को जिस तरह से बुना या पिरोया जाता है, इसकी भी अहम भूमिका होती है। ढीले बुने हुए कपड़ों में धागों के बीच ज्यादा खुली जगह और लूप होते हैं, जो उन्हें न सिर्फ अधिक लचीला और सांस लेने योग्य बनाते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## डेटा सुरक्षा नीति के उल्लंघन पर चुनाव आयोग ने दिखाई सख्ती

# बंगाल के दो ईआरओ-एईआरओ निलंबित, डेटा ऑपरेटर पर केस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोलकता

डेटा सुरक्षा नीति का उल्लंघन करने पर चुनाव आयोग ने बड़ी कार्रवाई की है। चुनाव आयोग ने ईआर डाटाबेस के लॉगिन क्रेडेंशियल साझा करने पर पश्चिम बंगाल के दो ईआरओ (निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी) और दो एईआरओ (सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी) को निलंबित कर दिया है। आयोग ने दोनों अफसरों को गंभीर चूक करने, अपने कर्तव्यों का पालन करने में विफल रहने और अनाधिकृत व्यक्तियों के साथ ईआर डाटाबेस के अपने लॉगिन क्रेडेंशियल साझा करने का दोषी माना है।




### मतदाता सूची में गलत प्रविष्टियां की गईं

सचिव ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिनांक 29 जुलाई को एक वीडियो भेजी है। इसमें विधानसभा संख्या 137 – बारुईपुर पुरबा के ईआरओ और एईआरओ के मतदाता सूची में गलत प्रविष्टियां करने की जानकारी दी गई है। साथ ही अधिकारी आवेदन निपटाने के अपने कर्तव्य का पालन करने में विफल रहे। इसके अलावा उन्होंने ईआर डेटाबेस के अपने लॉगिन क्रेडेंशियल्स अनधिकृत व्यक्तियों के साथ साझा किए।

### आयोग ने बंगाल के मुख्य सचिव को लिखा पत्र

चुनाव आयोग के सचिव सुजीत कुमार मिश्रा ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी मतदाता सूची की तैयारी और पुनरीक्षण का काम करता है। साथ ही मतदाता सूची की तैयारी, पुनरीक्षण, संशोधन और चुनाव संचालन के वक्त इन अधिकारियों को चुनाव आयोग के अधीन माना जाता है।

### एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

आयोग ने कहा कि बारुईपुर पुरबा के ईआरओ देबोताम दत्ता चौधुरी, एईआरओ तथागत मोंडल, ईआरओ मोयला बिप्लब सरकार और एईआरओ मोयना सुदीप्त दास को निलंबित किया जाता है। आयोग ने निर्देश दिए हैं कि ईआरओ-एईआरओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। साथ ही डाटा एंट्री ऑपरेटर सुरोजित हाल्दर के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज कराई जाए।

### डेटा एंट्री ऑपरेटर पर भी कार्रवाई की

*चुनाव आयोग ने डेटा एंट्री ऑपरेटर सुरोजित हलदर के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन में लापरवाही व डेटा सुरक्षा उल्लंघन के गंभीर आरोपों के लिए की गई है। ईसीआई ने इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और जल्द से जल्द रिपोर्ट भेजने का आदेश दिया है। इसे लेकर कहा गया कि यह कदम पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।*

## उधर, कूचबिहार में भाजपा नेता सुवेंदु के काफिले पर हमला, टीएमसी पर आरोप

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के काफिले पर कूचबिहार जिले में हमले की खबर है। बताया गया कि एक विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुवेंदु के काफिले पर हमला किया। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने आरोपों को सुनियोजित नाटक करार दिया। कूचबिहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर भाजपा के प्रदर्शन का नेतृत्व करने उत्तर बंगाल जिले गए अधिकारी को नारेबाजी का सामना करना पड़ा। उन्हें खगराबाड़ी इलाके के पास काले झंडे दिखाए गए।

### प्रदर्शनकारियों ने 'वापस जाओ' के नारे लगाए कार के शीशे टूटे

भाजपा नेताओं के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस पार्टी के झंडे और काले झंडे लिए एक भीड़ दोपहर करीब 12.35 बजे खगराबाड़ी चौराहे पर जमा हो गई, जब अधिकारी का काफिला इलाके से गुजर रहा था। कथित तौर पर प्रदर्शनकारियों ने 'वापस जाओ' के नारे लगाए और उनकी गाड़ी पर जूते फेंके। उनके काफिले की कम से कम एक कार की खिड़कियों के शीशे टूट गए, जिसमें एक पुलिस एस्कॉर्ट वाहन भी शामिल था।

## खबर संक्षेप

### फिल्म 'खालिद का शिवाजी' को बैन करें



**मुंबई।** स्थानीय हिंदू संगठन ने मराठी फिल्म 'खालिद का शिवाजी' पर आपत्ति जताते हुए सेंसर बोर्ड के पास बैन करने की मांग की है। ये फिल्म 8 अगस्त को रिलीज होने वाली है। इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के इतिहास को गलत तरीके से पेश करने का आरोप है।

### साउथ एक्टर बलराज का 34 साल में निधन



**चेन्नई।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री के कलाभवन नवास, सुपरस्टार प्रेम नजीर के बेटे और अभिनेता शानवास के बाद अब कन्नड़ अभिनेता संतोष बलराज के निधन की खबर है। कन्नड़ अभिनेता संतोष बलराज का 34 साल की उम्र में एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।

### लड़की ने 50 घंटे घोड़े पर सवारी कर तोड़ा रिकॉर्ड



**जयपुर।** जयपुर की मान्या शक्तावत ने 50 घंटे तक बिना रुके घोड़े पर सवारी कर युवा पीढ़ी को प्रेरित किया है। 16 वर्ष की उम्र में उन्होंने वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया है, 22 जुलाई की सुबह 4:20 बजे मान्या ने चुनौती की शुरुआत की और 50 घंटे तक घुड़सवारी की।

## राज्यसभा के वेल में आकर हंगामा करने का मामला

# सीआईएसफ की तैनाती पर विपक्ष का सवाल नड्डा बोले-सुरक्षा व्यवस्था के तहत लिया फैसला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एक ने एक मामले को तूल देकर विपक्ष राज्यसभा की कार्यवाही लगातार ठप कराने में मंगलवार को भी सफल रहा। सरकार के कई विधेयक अटके पडे हैं। बुधवार से सरकार की कोशिश की होगी कि हंगामें में ही विधेयकों को पारित कराये जाएं।

मंगलवार को उच्चसदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा के वेल में आने से रोकने के लिए सीआईएसएफ की तैनाती के मामले को फिर से उठाते हुए कहा सरकार को घेरने का प्रयास किया। राज्यसभा में खड़े होकर खरगे ने पूछा, "अब तक राज्यसभा की सुरक्षा की जिम्मेदारी संसद सुरक्षा सेवा और दिल्ली पुलिस के हाथ में थी। फिर अचानक सीआईएसफ को क्यों लगाया गया? क्या इसका मतलब यह है कि संसद की स्वायत्तता को कमजोर किया जा रहा है?" उन्होंने यह भी जोड़ा कि बिना किसी पूर्व सूचना या चर्चा के सुरक्षा बल बदलना "लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति असंवेदनशीलता" को दर्शाता है। इस पर विपक्षी दलों ने हंगामा शुरू कर दिया। विदित हो कि पिछले हफ्ते से विपक्ष के नेताओं को रोकने के लिए सीआईएसफ के जवान घेरा बनाकर खडे हो जाते हैं। पहले जो काम संसदीय सुरक्षा टीम किया करती थी मार्शल का वो काम अब सीआईएसएफ के हवाले कर दिया गया है। समूचे संसदीय परिसर में चूंकि सुरक्षा का काम चूंकि सीआईएसएफ के जिम्मे है लिहाजा संसद के गर्भगृह, वेल में भी बतौर मार्शल उनकी ड्यूटी सुनिश्चित कर दी गई है। ये तकरार का कारण बना। उपसभापति हरिवंश ने फिर दोहराया कि वेल में संसदीय सुरक्षा के जवान थे। सत्तापक्ष की ओर से राज्यसभा में नेता और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस फैसले का बचाव करते हुए कहा कि यह "सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य" से लिया गया है और इसमें किसी भी प्रकार की राजनीतिक मंशा नहीं है।

भाजपा अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने तुरंत जवाब देते हुए कहा, सीआईएसएफ की तैनाती संसद की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए की गई है। इसमें कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं है। सुरक्षा एजेंसियों की सिफारिशों के बाद ही यह कदम उठाया गया है।" नड्डा ने स्पष्ट किया कि संसद भवन पर पिछले वर्षों में हुई घटनाओं (जैसे 2021 और 2023 के घुसपैठ प्रयास) को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। विपक्षी सांसदों ने इसे संसद की निगरानी के नाम पर एकतरफा निर्णय बताया। टीएमसी, डीएमके और कांग्रेस के कुछ अन्य नेताओं ने भी सीआईएसएफ की तैनाती को लेकर सरकार से पारदर्शिता की मांग की।

सीआईएसएफ के पारा मिलिट्री जवान केंद्रीय गृहमंत्रालय के अधीन आते हैं। आमतौर पर एयरपोर्ट, परमाणु संयंत्र, और उद्योगों जैसे संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा में इनकी तैनाती होती है। संसद जैसे संवेदनशील स्थल पर इसकी तैनाती को सरकार सुरक्षा अपग्रेडेशन के रूप में बता रही है, लेकिन विपक्ष इसे विश्वास की कमी और लोकतंत्र के मूल स्वरूप में हस्तक्षेप मान रहा है।



### गोवा में एसटी को आरक्षण पर मुहर लगी

लोकसभा ने मंगलवार को गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को आरक्षण देने वाला बिल पास कर दिया। इस दौरान विपक्ष बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर चर्चा की मांग को लेकर विरोध करता रहा। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गोवा राज्य की विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, 2025 को चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया। हंगामे के बीच यह बिल ध्वनिमत से पास हो गया। आरक्षण को लेकर बिल में बताया गया है कि गोवा में अनुसूचित जनजातियों की आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार काफी बढ़ी है। 2011 में गोवा की कुल आबादी 14,58,545 थी, जिसमें एससी की आबादी 25,449 और एसटी की आबादी 1,49,275 थी। इसके बावजूद, 40 सदस्यीय गोवा विधानसभा में एसटी समुदाय के लिए कोई भी सीट आरक्षित नहीं है, जबकि एससी के लिए एक सीट आरक्षित है। बिल का मकसद इस असमानता को दूर करना है ताकि एसटी समुदाय को भी संविधान में दिए गए आरक्षण का लाभ मिल सके। यह बिल पिछले साल यानी 6 अगस्त 2024 को लोकसभा में पेश किया गया था, लेकिन अब जाकर पारित हुआ है। यह संसद के मौजूदा मानसून सत्र में लोकसभा द्वारा पारित किया गया पहला बिल है। बिल पास होने के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

### उड़ानों में हंगामा, 48 यात्री 'नो-फ्लाई लिस्ट' में

*मंगलवार को केंद्र सरकार ने बताया कि इस साल 30 जुलाई तक 48 यात्रियों को 'नो-फ्लाई लिस्ट' में डाला गया है। यानी अब ये यात्री किसी विमान में सफर नहीं कर सकते। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने राज्यसभा में यह जानकारी दी। पिछले कुछ वर्षों में भी बड़ी संख्या में ऐसे यात्रियों को इस लिस्ट में डाला गया था, जहां 2024 में 82 और 2023 में 110 यात्रियों पर प्रतिबंध लगाया गया। यह कार्रवाई विमान में अनुशासनहीन या हिंसक व्यवहार के कारण की जाती है।डीजीसीए के नियमों के मुताबिक, तीन स्तर पर यात्रियों की बदसलूकी को वर्गीकृत किया जाता है।इसमें लेवल कुछ प्रकार है कि लेवल एक में हल्का व्यवहार, जैसे जोर-जोर से बोलना। इस पर 3 महीने के लिए बैन लगाया जाता है। दूसरे लेवल में शारीरिक, अपमानजनक व्यवहार। 6 माह के लिए प्रतिबंध लगाया है। तीसरे में कम से कम 2 साल या उससे अधिक प्रतिबंध लगाया जाता है।*

### सैनी ने कहा- मुख्यमंत्रियों के बीच बैठक से एक कदम आगे बढ़कर सकारात्मक माहौल में हुई चर्चा

# एसवाईएल पर 13 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय में पॉजिटिव तरीके से दिया जाएगा जवाब



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल की अध्यक्षता में मंगलवार को श्रम शक्ति भवन नई दिल्ली में हरियाणा एवं पंजाब के मुख्यमंत्रियों के साथ पानी के मुद्दे को लेकर बातचीत हुई।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह काफी लम्बे समय से चला आ रहा विषय है। इसको लेकर 9 जुलाई को भी बैठक आयोजित हुई थी जिसमें काफी सकारात्मक चर्चा हुई। इस बार भी एक कदम आगे बढ़कर सकारात्मक वातावरण में चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय में पॉजिटिव तरीके से जवाब दिया जाएगा। हमें पूरा विश्वास है कि इस विषय का बेहतर हल निकलेगा। एक अन्य प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इण्डस ट्रीटी सैकेण्डरी विषय है जिसमें राजस्थान को भी पानी मिलेगा। बैठक में केंद्रीय सचिव देबाश्री मुखर्जी, मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल सहित सिंचाई विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### कल्याण और शिंदे ने किया हमला : मोइत्रा का बचाव किया था, उसके लिए मैं देश से माफी मांगता हूं

**कोलकाता।** ममता बेनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस में आंतरिक कलह थमने का नाम नहीं ले रही है। अब सांसद कल्याण बेनर्जी ने फिर से महुआ मोइत्रा पर हमला बोला है। उन्होंने संसद में उनका बचाव करने के लिए देश से माफी मांगी है। महुआ मोइत्रा पर जब पिछले कार्यकाल में पैसे लेकर गौतम अडाणी से जुड़ा सवाल पूछने का आरोप लगा था और उनकी संसद सदस्यता खत्म की गई थी तो जोर-शोर से कल्याण बनर्जी ने उनका बचाव किया था। अब उसी को लेकर कल्याण का कहना है कि मैं देश से माफी मांगता हूं कि मैंने महुआ मोइत्रा का बचाव किया था। कल्याण ने लोकसभा की कार्यवाही का वह वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वह महुआ का बचाव करते दिख रहे हैं।

# आरएसएस अपने शताब्दी वर्ष में समाज के सभी वर्गों की प्रमुख हस्तियों से करेगा संवाद

### 26, 27, 28 अगस्त को विज्ञान भवन में होगी तीन दिवसीय व्याख्यानमाला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त देश भर में जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में समाज के सभी वर्गों की प्रमुख हस्तियों से संवाद का कार्यक्रम भी होने वाला है। इसके तहत देश के चार प्रमुख महानगरों नई दिल्ली, बेंगलुरू, कोलकाता और मुंबई में होने वाले संवाद के कार्यक्रमों में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत की उपस्थिति रहेगी।इसी श्रृंखला के तहत नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आगामी 26, 27 और 28 अगस्त को आयोजित होने जा रही व्याख्यानमाला के बारे में संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने केशव कुंज में मंगलवार को एक प्रेस वार्ता के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी।



आंबेकर ने बताया कि विज्ञान भवन में आयोजित होने जा रही तीन दिवसीय व्याख्यानमाला में समाज के सभी क्षेत्रों, वर्गों और विचारधाराओं की प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। इसके लिए सामाजिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, खेल, शिक्षा, ज्ञान परंपरा एवं भाषा, इंटरप्रेन्योर और भारत स्थित विभिन्न देशों को राजदूतों सहित 17 मुख्य और 138 सह-श्रेणियों में समाज जीवन के सभी क्षेत्रों की प्रमुख्य हस्तियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान होने वाली चर्चा के विषयों के बारे में बताते हुए आंबेकर ने कहा कि इसमें 100 वर्षों की यात्रा के दौरान संघ की भूमिका एवं अनुभवों के साथ ही भविष्य में जिन क्षेत्रों में संघ और स्वयंसेवकों को आगे बढ़ना है इस पर भी सरसंघचालक जी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। साथ ही पंच परिवर्तन पर संघ की सोच और इसमें समाज की अपेक्षित सहभागिता की योजनाओं पर भी चर्चा होगी। मौजूदा समय में तेजी से विकास एवं प्रगति की राह पर अग्रसर हो रहे देश की लगातार बढ़ रही आशा एवं आकांक्षाओं में स्वयंसेवकों के योगदान पर भी बात होगी और यह पक्ष भी प्रस्तुत किया जाएगा कि नए क्षितिज की ओर भारत को आगे बढ़ना है तो स्व तत्व और अपने पराक्रम से ही आगे बढ़ा जा सकता है। आंबेकर ने बताया गुलामी के कालखंड से चले आ रहे विकास के औपनिवेशिक मापदंडों पर भी चर्चा होगी और अब तक दबी रही भारतीय समाज की असीमित क्षमताओं को उभारने पर भी विचार रखा जाएगा। साथ ही वर्तमान समय में देश-समाज के लिए महत्वपूर्ण विषयों सहित भारत की वैश्विक भूमिका पर भी बात होगी। इसके अलावा तीसरे दिन आयोजन में सम्मिलत होनेवालों के लिखित प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का भी उत्तर दिया जाएगा।

अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख ने बताया कि वर्ष 1925 में आरंभ हुई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रसेवा की यात्रा के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर वर्ष पर्यंत चलने वाले शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत देश भर में 1000 से अधिक गोष्ठियों को आयोजन होगा जिसमें संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। ऐसे कुछ आयोजनों में शामिल होने के लिए सरकार्यवाह जी का भी कार्यक्रम तय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 100 वर्षों की अपनी यात्रा में संघ ने समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने और यह बताने का हमेशा प्रयत्न किया है कि संघ का विचार अलग नहीं बल्कि भारत की स्थापित परंपरा पर ही आधारित है। श्री आंबेकर ने कहा कि संघ का विचार सबके साथ मिलकर देश को आगे बढ़ाने में योगदान करने का रहा है और हम चाहते हैं कि पूरा देश एक साथ मिलकर इस विकास की यात्रा को आगे बढ़ाए। इसमें योगदान करते हुए स्वावलंबी भारत जैसे अभियानों के तहत संघ के स्वयंसेवक विभिन्न क्षेत्रों में सहभागी और सहयोगी की भूमिका भी निभा रहे हैं।

**पैनाफिक इन्डस्ट्रियल्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः 23, द्वितीय मंजिल, नार्थ वेस्ट एवेन्यू, क्लब रोड, वेस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली -110026
CIN: L45202DL1985PLC019746
दूरभाषः 011-25223461
E: panafic.industrials@gmail.com,, W: www.panaficindustrialsltd.in

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः दाखिल कराने के लिए विशेष विंडो**

सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडीपीओडी/पी/सीआईआर/2025/97 दिनांक जुलाई 02, 2025, के अनुसार, कम्पनी भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः प्रस्तुत करने के लिए एक बार की विशेष विंडो 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक खोली जाने की पेसकश करने में प्रसन्न है। यह विशेष रूप से उन मामलों पर लागू होगी जहाँ मूल शेयर हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः प्रस्तुत किया जा सकता है जो अप्रैल 01, 2019 से पहले प्रस्तुत किये गये थे, और दस्तावेजों, प्रक्रिया अथवा अन्य कमियों के कारण अस्वीकार कर दिये गये थे। इस अवधि के दौरान विंडो हस्तांतरण के लिए पुनः दाखिल किये गये शेयरों का हस्तांतरण केवल डीमैट मे ही किया जायेगा। जो योग्य शेयरधारक इस अवसर का लाभ उठाना चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर कम्पनी के रजिस्ट्रार एण्ड शेयर हस्तांतरण एजेन्ट (आरटीए) स्काईलाइन फाईनेसियल सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड, डी-153/ए, प्रथम मंजिल, ओखला इन्डस्ट्रियल एरिया, फेस-I, नई दिल्ली - 110020, (दूरभाषः 011-26812682-83) अथवा ईमेल : admin@skylinerta.com से सम्पर्क करें।

कृते पैनाफिक इन्डस्ट्रियल्स लिमिटेड
हस्ता०/-
सरिता गुप्ता
प्रबन्ध निदेशक
DIN: 00113099

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 05.08.2025

### फसल बीमा में ज्यादा नामांकन और एसएचजी की महिलाओं को अधिक लोन देने बैंकों व राज्यों की बैठक

# फसल बीमा में ज्यादा से ज्यादा किसानों को कवर करने के लिए 16 से 30 अगस्त तक चलेगा अभियान: शिवराज

## सार्वजनिक व निजी बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को शिवराज सिंह ने दिए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत किसानों का खरीफ सीजन में ज्यादा से ज्यादा नामांकन करने और ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की सदस्य बहनों की तरक्की के लिए उन्हें अधिक लोन देने के संबंध में आज सभी बैंकों व राज्य सरकारों की वर्चुअल बैठक ली। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देश दिए कि वे महिलाओं को लोन देने के लिए फोकस कर कवरेज बढ़ाएं, साथ ही दूरदराज व दुर्गम क्षेत्रों पर भी फोकस करके काम करें, ताकि बेहतर नतीजे मिल सकें। सिंह ने निर्णय लिया कि वर्तमान खरीफ सीजन के फसल बीमा में ज्यादा से ज्यादा किसानों को सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए 16 से 30 अगस्त तक देशभर में अभियान चलाया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने बैठक में कहा कि जैसे बिना गांवों के भारत नहीं जाना जा सकता, वैसे ही बिना खेती के हमारे देश की पहचान ही नहीं है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा, प्राण है। किसान कल्याण, विशेषकर गरीब, ग्रामीण और बहनों के कल्याण के लिए मोदी सरकार कृतसंकल्पित है। उन्होंने बैंकों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे इन दोनों विभागों में हम जो उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं, उनमें बैंकों का बहुत अहम योगदान है। अगर हम एनआरएलएम की बात करें तो 90 लाख 90 हज़ार स्वयं सहायता समूह हैं, जिनसे 10 करोड़ से ज़्यादा बहनें जुड़ी हुई हैं। सिंह ने बैंकों की सराहना करते हुए कहा कि 11 लाख करोड़ का लोन इन स्वयं सहायता समूहों को मिल चुका है। शिवराज सिंह ने कहा कि कई राज्यों का प्रदर्शन बहुत बेहतर है, लेकिन कुछ राज्यों व राज्यों में भी कुछ जिले पीछे हैं, कमजोर हैं, इसलिए बैंकों से आग्रह है कि ऋण लिंकेज में जो राज्य पिछड़ रहे हैं या राज्यों में कुछ जिले जो पिछड़ रहे हैं, वहां कैसे हम और बेहतर प्रयास कर सकें ताकि उनका प्रदर्शन भी बेहतर हों और ग्रामीण भारत के कोने-कोने को वित्तीय समावेशन का पूरा लाभ मिलें। कवरेज में वृद्धि तो हुई, लेकिन कुछ बैंक ऐसे हैं, जो राष्ट्रीय औसत से काफी नीचे हैं, जो बैंक बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें चौहान ने बधाई भी दी।

**आईएसएफ लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : खसरा नं. 10/2 समालका, नई दिल्ली, गुड़गांव रोड, दक्षिण पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली, भारत-110037
CIN NO : L74899DL1988PLC076648, Email id: info@isflimited.in, Website: www.isflimited.in

**30 जून 2025 को समाप्त प्रथम तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रु. लाख)

| विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2025 | समाप्त वर्ष 31.03.2025 | समाप्त तिमाही 30.06.2024 |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय | 42.74 | 178.83 | 42.38 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ | 0.38 | -0.65 | 2.33 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण मदों के बाद) | 0.38 | -0.65 | 2.33 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक) | 95000000 | 95000000 | 95000000 |
| पूर्ववर्ती लेखा वर्ष (31.03.2025) की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व्स | | 392.07 | |
| अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) रु. 1/- प्रत्येक के (वार्षिकृत नहीं) | 0.0004 | -0.0007 | 0.0025 |
| अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) रु. 1/- प्रत्येक के (वार्षिकृत नहीं) | 0.0004 | -0.0007 | 0.0025 |

**टिप्पणी : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स www.isflimited.in पर उपलब्ध है।**

1) कम्पनी के वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015 संशोधित अनुसार के तहत अधिसूचित लेखा मानकों (Ind AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।
2) उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और 05 अगस्त, 2025 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर लिये गये और रिकार्ड पर ले लिये गये हैं।
3) IND-AS 108 में परिभाषित अनुसार सेगमेंट रिपोर्टिंग लागू योग्य नहीं है क्योंकि कम्पनी का सम्पूर्ण प्रचालन केवल एक सेगमेंट से सम्बन्धित है।
4) आंकड़े आवश्यकतानुसार रिग्रुप्ड/रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।
5) उपरोक्त प्रस्तुत अवधियों हेतु कोई अन्य व्यापक आय नहीं है।

कृते आईएसएफ लिमिटेड
हस्ता/-
(विशाल डंग)
पूर्ण कालिक निदेशक

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 05.08.2025

# भारत के लिए टैरिफ वॉर के बीच खुशखबरी, 11 माह के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंची मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टैरिफ वॉर के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है। चीन और अमेरिका के दबाव के बावजूद भारतीय मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर ने दमदार प्रदर्शन किया है। एचएसबीसी इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि जुलाई में 11 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। यह उछाल नए निर्यात ऑर्डर और कुल बिक्री में तेज वृद्धि से समर्थन दिखा है। एचएसबीसी इंडिया ने जारी मासिक सर्वेक्षण में बताया कि मैन्युफैक्चरिंग के बाद अब सर्विस सेक्टर ने भी तेजी दिखाई है। एचएसबीसी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में 60.5 रहा जो जून में 60.4 पर था। विस्तार की दर अगस्त 2024 के बाद से सर्वाधिक है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का मतलब इसमें गिरावट है। एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि सेवा गतिविधि सूचकांक के 60.5 पर होने से नए निर्यात ऑर्डर में वृद्धि के दम पर मजबूत वृद्धि की गति का संकेत मिलता है।

## सर्विस सेक्टर की पीएमआई 11 महीने के शीर्ष पर

### कीमतों में उछाल से भी ग्रोथ पर असर नहीं

भंडारी ने कहा कि कीमतों के मोर्चे पर कच्चे व तैयार माल दोनों की कीमतें जून की तुलना में थोड़ी तेजी से बढ़ीं, लेकिन आगे चलकर इसमें बदलाव हो सकता है। जैसा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक व थोक मूल्य सूचकांक के हालिया आंकड़ों से संकेत मिलता है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई फरवरी से 4 फीसदी से नीचे बनी हुई है। जून में यह 2.1 फीसदी थी।




### नए कारोबार में लगातार ग्रोथ

सर्वेक्षण में कहा गया कि नए व्यवसायों में निरंतर वृद्धि उत्पादन वृद्धि का मुख्य कारण रही है। साथ ही भारतीय सेवा प्रदाताओं ने अपनी सेवाओं की अंतरराष्ट्रीय मांग में भी मजबूत सुधार का स्वागत किया है। इसमें कहा गया कि उन्हें एशिया, कनाडा, यूरोप, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका से नए काम मिलने की सूचना मिली है। कीमतों के मोर्चे पर, कच्चे माल व तैयार माल शुल्क जून की तुलना में तेजी से बढ़े। उत्पादन कीमतों में ठोस वृद्धि बढ़ी हुई लागत और मजबूत मांग को दर्शाती है।




## जियोब्लैकरॉक एएमसी लाया एनएफओ

**नई दिल्ली।** जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने नई कोष पेशकश (एनएफओ) के माध्यम से पांच इंडेक्स फंड के अपने पहले समूह को पेश करने की मंगलवार को घोषणा की। जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (जेएफएसएल) और अमेरिका स्थित ब्लैकरॉक के बीच 50:50 संयुक्त उद्यम है। कंपनी ने बयान में कहा कि एनएफओ पांच अगस्त 2025 को शुरू होगा और 12 अगस्त 2025 को संपन्न होगा। इसने कहा कि यह भारतीय निवेशकों को विविधीकरण, लागत दक्षता, विश्वसनीयता, पारदर्शिता एवं डिजिटल रूप से सशक्त निवेश समाधान प्रदान करने के संगठन के मिशन में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इन पांच इंडेक्स फंड में निफ्टी 50 इंडेक्स फंड, निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स फंड और निफ्टी 8-13 वर्षीय जी-सेक इंडेक्स फंड शामिल हैं।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरुजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा होगी

# नीतिगत ब्याज दर पर आज आएगा एमपीसी का फैसला, बदलाव की संभावना कम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा बुधवार को चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करेंगे। विश्लेषकों का मानना है कि हाल ही में तीन बार में रेपो दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती के बाद इस बार नीतिगत दरों में बदलाव की संभावना कम है।

- हाल ही में तीन बार में रेपो दर में कुल एक फीसदी की कटौती हो चुकी

मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में नीतिगत दर पर विचार-विमर्श का सिलसिला सोमवार से ही जारी है। एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसले की घोषणा बुधवार सुबह 10 बजे की जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार रिजर्व बैंक ब्याज दर को लेकर यथास्थिति बनाए रख सकता है।

**खास बातें**

- इस बार नीतिगत दरों में बदलाव की संभावना काफी कम
- आरबीआई अधिक व्यापक-आर्थिक आंकड़ों का इंतज़ार कर सकता है



### उद्योग जगत को 0.25 फीसदी कटौती की उम्मीद

अमेरिका की तरफ से भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के बाद आरबीआई अधिक व्यापक-आर्थिक आंकड़ों का इंतज़ार कर सकता है। हालांकि, उद्योग जगत के एक तबके को उम्मीद है कि बुधवार को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत अंक की कटौती की जा सकती है। इस साल फरवरी से लेकर जून तक हुई तीन एमपीसी बैठकों में कुल एक प्रतिशत अंक की कटौती की जा चुकी है।

### वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अब भी अस्थिर

ग्रांट थॉर्नटन भारत में साझेदार विवेक अय्यर ने कहा कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अब भी अस्थिर है और पिछली दर कटौतियों के असर को पूरी तरह देखने के लिए अभी और समय की दरकार है। उन्होंने कहा, "सीमा शुल्क से जुड़ी अनिश्चितता के पहलू को आरबीआई पिछली दर कटौती के समय ही ध्यान में रख चुका है। ऐसे में हमें नहीं लगता है कि इसका नीतिगत निर्णय पर तत्काल प्रभाव पड़ना चाहिए।"

### दरों को स्थिर बनाए रखने की उम्मीद

आरईए इंडिया (हाउसिंग डॉट कॉम) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रवीण शर्मा ने कहा कि इस साल पहले ही एक प्रतिशत अंक की कटौती हो चुकी है लिहाजा दरों को स्थिर ही बनाए रखने की उम्मीद है। शर्मा ने कहा, "घर खरीदार अब अल्पकालिक ब्याज दरों से कहीं ज्यादा दीर्घकालिक आत्मविश्वास से प्रेरित हैं।

### लचीले भुगतान से घरों की मांग बनी हुई

रियल एस्टेट डेवलपर भी लचीले भुगतान विकल्पों और सूझबूझ भरे प्रोत्साहनों के जरिये घरों की मांग बनाए हुए हैं।" एमपीसी में आरबीआई के तीन सदस्यों के रूप में गवर्नर मल्होत्रा, डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता और कार्यकारी निदेशक राजीव रंजन शामिल हैं जबकि बाहरी सदस्यों में नागेश कुमार, सौरभ भट्टाचार्य और राम सिंह शामिल हैं।

### खुदरा मुद्रास्फीति चार फीसदी के नीचे

केंद्र सरकार ने आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घटबढ़ के साथ चार प्रतिशत के दायरे में बनाए रखने की जिम्मेदारी दी हुई है। इस साल फरवरी से खुदरा मुद्रास्फीति लगातार चार प्रतिशत के नीचे बनी हुई है लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि दरों में बदलाव से पहले आरबीआई को और अनुकूल आंकड़ों का इंतजार रहेगा।

## पेटीएम से खत्म होगा चीन की कंपनी का नियंत्रण

**नई दिल्ली।** देश की जानी मानी फिनटेक कंपनी पेटीएम को लेकर ये खबर सामने आई है कि चीन का एंट ग्रुप अपने शेयर बेचने जा रहा है। वन97 कम्युनिकेशंस के बड़े शेयरधारकों में से एक है चीन का एंट ग्रुप। लेकिन, खबर के मुताबिक, पांच अगस्त को एक ब्लॉग डील के जरिए चीन का यह एंट ग्रुप अपनी पूरी हिस्सेदारी 5.84 प्रतिशत को 3803 करोड़ रुपए यानी 38 अरब रुपए में बेचने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि चीन के अलीबाबा ग्रुप की एक सहयोगी कंपनी है एंटफिन। इसे पहले एंट फाइनेंसिया के तौर पर भी जाना जाता था। पिछले दो सालों के अंदर कई बड़े इन्वेस्टर्स ने पेटीएम में अपने हिस्सेदारी बेची है, जिनमें जापान की सॉफ्ट बैंक ग्रुप और वॉरेन बफेट की कंपनी बर्कशायर हैथवे शामिल है। गोल्डमैन सैक्स इंडिया सिक्योरिटीज और सिटी ग्रुप मार्केट्स इंडिया इस डील को लीड करेंगे। हालांकि, इसको लेकर अभी तक एंट ग्रुप या फिर वन97 कम्युनिकेशंस की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

## चॉइस एएमसी को मिला म्यूचुअल फंड व्यवसाय शुरू करने के लिए सेबी से लाइसेंस

**मुंबई।** विभिन्न प्रकार की वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाले समूह चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी चॉइस एएमसी प्राइवेट लिमिटेड को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से एसेट मैनेजमेंट कंपनी के रूप में काम करने की अंतिम मंजूरी मिली है. यह मंजूरी चॉइस म्यूचुअल फंड के लिए मिली है. इस उपलब्धि के साथ ही समूह निवेश प्रबंधन के क्षेत्र में उतर गया है, जिससे वित्तीय सेवाओं के दायरे में इसकी पेशकशों का विस्तार होगा.चॉइस अब इस नियामकीय मंजूरी के साथ अपनी एसेट मैनेजमेंट कंपनी का संचालन शुरू करेगा. इसमें इंडेक्स फंड और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) जैसे पैसिव इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट के साथ रणनीतिक और चरणबद्ध तरीके से शुरुआत की जाएगी.चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड के सीईओ अरुण पोद्दार ने कहा इस उपलब्धि पर कहा, ''यह मंजूरी हमारे वित्तीय सेवा पोर्टफोलियो के विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और व्यापक एवं सुलभ निवेश समाधान प्रदान करने की हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

## भारत में आसान और सुरक्षित तरीके से पैसे भेजने के लिए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का नया डिजिटल प्लेटफॉर्म रेमिटफर्स्ट2इंडिया लॉन्च

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने रेमिटफर्स्ट2इंडिया (**RemitFIRST2India**) नाम से एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है, जो एनआरआई ग्राहकों को भारत में रहने वाले अपने परिवार को पैसे भेजने की सुविधा देता है, वह भी तेज़, सुरक्षित तरीके से और बिना किसी ट्रांसफर शुल्क के। बैंक के एनआरआई ग्राहक अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप के जरिए आसानी से लॉग-इन कर सकते हैं और ट्रांजेक्शन कर सकते हैं। वहीं, जो लोग फिलहाल आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के ग्राहक नहीं हैं, वे भी एक समर्पित वेब पोर्टल के जरिए पेपरलेस और आसान तरीके से रजिस्ट्रेशन कर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।रेमिटफर्स्ट2इंडिया की शुरुआत सिंगएक्स के साथ साझेदारी में की गई है, जो कि मॉनिटरी अथॉरिटी ऑफ सिंगापुर से लाइसेंस प्राप्त एक अग्रणी मनी ट्रांसफर सेवा प्रदाता है। इस पहल का उद्देश्य है कि लोगों को पूरी तरह से सुरक्षित, पारदर्शी और आसान क्रॉस-बॉर्डर भुगतान करने की सुविधा मिले।

## मौद्रिक नीति पर निर्णय से पहले सेंसेक्स 308 अंक टूटा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 308 अंक टूट गया। वहीं एनएसई निफ्टी में 73 अंक की गिरावट आई। भारतीय रिजर्व बैंक की बुधवार को मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा से पहले बैंक और तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 308.47 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,710.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसमें 464.32 अंक की गिरावट आई थी। निफ्टी भी 73.20 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,649.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 132.45 अंक लुढ़क गया था। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बावजूद घरेलू बाजार एक नकारात्मक दायरे में बने रहे। इस गिरावट में तेल एवं गैस कंपनियां आगे रहीं जिसके पीछे कारण रूसी तेल के आयात को लेकर अनिश्चितता पैदा होना है। दवा और आईटी शेयरों में भी अमेरिकी चिंताओं के चलते कमजोरी बनी रही।''एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग और जापान का निक्की बढ़त में रहे।

- निफ्टी में भी 73 अंक का नुकसान रहा

## सोना 800 रुपये चढ़ा, चांदी में 2,000 रुपये की तेजी

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों की भारी लिवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 98,820 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। राष्ट्रीय राजधानी में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 700 रुपये बढ़कर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। सोमवार को इसकी कीमत 97,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ''सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा अगले महीने होने वाली बैठक में ब्याज दरों में कटौती के चक्र को फिर से शुरू करने को लेकर बढ़ती आम सहमति के कारण मंगलवार को सोने की कीमतों में तेजी आई।'' गांधी ने कहा, ''फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की नरम रुख वाली टिप्पणियों और पिछले हफ्ते की निराशाजनक रोजगार बाजार रिपोर्ट के कारण कारोबारियों के बीच सितंबर में फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक में प्रमुख ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ी है। इससे सोने के कारोबारियों का उत्साह बढ़ा है।'' सराफा संघ के अनुसार, मंगलवार को चांदी की कीमतें 2,000 रुपये बढ़कर 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 1,10,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

- स्टॉकिस्टों की भारी खरीदारी से सोना बढ़कर 98,820 रुपए प्रति 10 ग्राम

## एयरटेल का लाभ 43 प्रतिशत बढ़कर 5,947.9 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 43 प्रतिशत बढ़कर 5,947.9 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 4,160 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था।

PUBLIC NOTICE
I, Bhupesh Sharma, S/o Krishnan Sharma, R/o 530, Kucha Pati Ram, Bazar Sita Ram, New Delhi – 110006, I have purchased a flat bearing No 1403, Tower C7, Eco Village 2, Sector 16B, Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh 201308, I have lost the original allotment letter of the above said property, and I have requested to M/s Supertech Limited , to issue the duplicate allotment letter of the said property, if anybody or financial Institutions have objection, he/she may contact to M/s Suprtech Limited office Plot no-C-2, Sector 96, Noida 201303 UP, Within Fifteen Day.

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## टाइगर श्रॉफ बने एब्रोस शूज़ के नए ब्रांड एंबेसडर: लॉन्च किया ऑटम-विंटर 2025 न्यू कलेक्शन

भारत में प्रमुख फुटवियर ब्रांड, एब्रोस शूज़ ने अपने ऑटम-विंटर 2025 कलेक्शन के लॉन्च की, जिसमें भारतीय बाजार के लिए कई अभिनव उत्पाद शामिल हैं। यह रोमांचक कलेक्शन भारतीय उपभोक्ताओं को फैशन-फॉरवर्ड और उच्च प्रदर्शन वाले फुटवियर प्रदान करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस कलेक्शन के साथ, एब्रोस शूज़ ने प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता और फिटनेस आइकन, टाइगर श्रॉफ को अपना नया ब्रांड एंबेसडर भी घोषित किया है।




टाइगर श्रॉफ, अपनी एनर्जी, स्टाइल और स्वास्थ्य के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं, जो एब्रोस शूज़ के ब्रांड दर्शन के साथ पूरी तरह से मेल खाते हैं। एब्रोस शूज़ के वरिष्ठ प्रबंधक अनिल शर्मा ने इस अवसर पर कहा, "हमें अपने ऑटम-विंटर 2025 कलेक्शन को पेश करते हुए बहुत खुशी हो रही है, जो हमारे ग्राहकों के लिए अत्याधुनिक डिज़ाइन और नवीन तकनीकों को एक साथ लाता है।इस बार हमने कार्बन बूस्ट एवं कार्बन फोम **EVA** टेक्नोलॉजी का इस्तमाल किया है जो भारत में पहली बार कोई स्वदेशी ब्रांड ले कर आया है।

## भारत में बंद की हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी सबसे प्रीमियम बाइक



**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी अब तक की सबसे प्रीमियम मोटरसाइकिल हीरो मारविक को आधिकारिक रूप से बंद कर दिया है। इस बाइक 2024 की शुरुआत में लांच की गई थी और यह हार्ले-डेविडसन एक्स440 के प्लेटफॉर्म पर आधारित एक नेकेड स्ट्रीट बाइक थी। लांच के समय इसे काफी उम्मीदों और प्रचार के साथ पेश किया गया था, लेकिन बिक्री के आंकड़े उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे। हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में मारविक 440 की न तो डिजिटल और न ही ऑफलाइन बिक्री हुई है। यही कारण है कि कंपनी ने इसे अपने पोर्टफोलियो से चुपचाप बाहर करना शुरू कर दिया है। भले ही अभी तक यह बाइक हीरो की वेबसाइट से पूरी तरह से हटी नहीं है, लेकिन देशभर के कई डीलर्स ने इसकी बुकिंग लेना बंद कर दिया है।

**18 महीने में क्यों हुआ सफर का अंत ? :** बाइक लवर्स के लिए यह फैसला थोड़ा चौंकाने वाला जरूर है, क्योंकि आमतौर पर किसी भी नए प्रोडक्ट को बाजार में टिकने के लिए कम से कम 2-3 साल का समय दिया जाता है, लेकिन मारविक 440 को महज 18 महीनों के भीतर ही बंद कर देना इस बात की ओर इशारा करता है कि बाजार में इसे उतना रिस्पॉन्स नहीं मिला जितनी उम्मीद की गई थी। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि यूजर्स ने इसकी जगह हार्ले-डेविडसन एक्स440 को ही ज्यादा पसंद किया।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा


(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बलराम सिंह चौहान पता: सी-356, गुरूनानक गली छज्जुपुर, शाहदरा उत्तरी ईस्ट दिल्ली-32 ने केस संख्या 21227/19 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थाना: बुद्ध विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बलराम सिंह चौहान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बलराम सिंह चौहान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **केस संख्या 21227/19 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थाना बुद्ध विहार, दिल्ली के उक्त बलराम सिंह चौहान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दिव्या अरोड़ा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04
(उत्तर-पश्चिम) कमरा नं.112, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/10139/RD/2025

## शब्द पहेली - 5950




**बाएँ से दाए**
1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

**शब्द पहेली- 5949 का हल**





# वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले विकेटकीपर में धोनी टॉप पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वनडे क्रिकेट में विकेटकीपर बल्लेबाजों की भूमिका अब सिर्फ दस्तानों तक सीमित नहीं रही, बल्कि उन्होंने बल्ले से भी कई बार इतिहास रचा है। जब कोई विकेटकीपर बल्लेबाज बड़ी पारी खेलता है तो वह न केवल मैच की दिशा बदलता है बल्कि कई रिकॉर्ड्स भी अपने नाम करता है। आइए उन विकेटकीपर बल्लेबाजों के आंकड़ों के बारे में जानते हैं जिन्होंने वनडे इतिहास में सबसे बड़ी पारी खेली है।



### भारतीय खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी

(183* रन बनाम श्रीलंका)

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी इस सूची में पहले स्थान पर हैं। उन्होंने साल 2005 में श्रीलंका के खिलाफ 183* रनों की पारी खेली थी। इस खिलाड़ी ने सिर्फ 145 गेंदों का सामना किया था। उनके बल्ले से 15 चौके और 10 छक्के निकले थे। उनकी स्ट्राइक रेट 126.20 की रही थी। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 298/4 का स्कोर बनाया था। जवाब में भारत ने 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया था।



### दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक

(178 रन बनाम ऑस्ट्रेलिया)

दूसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक हैं। उन्होंने साल 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 178 रन की पारी खेली थी। डिकॉक ने सिर्फ 113 गेंदों का सामना करते हुए ये रन बनाए थे। उनके बल्ले से 16 चौके और 11 छक्के निकले थे। उनकी स्ट्राइक रेट 157.52 की रही थी। कंगारू टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 294/9 का स्कोर बनाया था। दक्षिण अफ्रीका ने 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया था।

### बांग्लादेश के लिटन दास

(176 रन बनाम जिम्बाब्वे)

तीसरे स्थान पर बांग्लादेश क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास हैं। उन्होंने साल 2020 में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के खिलाफ 143 गेंदों का सामना करते हुए 176 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 16 चौके और 8 छक्के निकले थे। उनकी स्ट्राइक रेट 123.07 की रही थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 322/3 का स्कोर बना दिया था। बांग्लादेश की टीम ने उस मैच में 123 रनों से अपने नाम किया था।

**क्विंटन डिकॉक (174 रन बनाम बांग्लादेश)**

इस सूची में चौथे स्थान पर भी दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ही हैं। उन्होंने साल 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में 174 रन की पारी खेली थी। उन्होंने 140 गेंदों का सामना करते हुए ये रन बनाए थे। उनके बल्ले से 15 चौके और 7 छक्के निकले थे। उनकी स्ट्राइक रेट 124.28 की रही थी। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 382/5 का स्कोर बनाया था। जवाब में बांग्लादेश 233 रन ही बना पाई थी।



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सब जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप कल से ग्रेटर नोएडा में

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने मंगलवार को कहा कि ग्रेटर नोएडा में सात से 13 अगस्त तक होने वाली सब-जूनियर (अंडर-15) राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 400 लड़के और 300 लड़कियों सहित 700 से अधिक मुक्केबाज भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन 15 भार वर्ग में किया जाएगा। हरियाणा लड़कियों के वर्ग में जबकि चंडीगढ़ लड़कों के वर्ग में गत विजेता है। तकनीकी नियमों के तहत होगी स्पर्धा राष्ट्रीय सब जूनियर चैंपियनशिप से पहले इस साल के शुरू में पुरुष, महिला और जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। मुक्केबाज विश्व मुक्केबाजी के तकनीकी नियमों के तहत प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें 1.5 मिनट के तीन राउंड होंगे तथा राउंड के बीच में एक मिनट का विश्राम होगा। प्रतियोगिता में 10 अंकों की स्कोरिंग प्रणाली अपनाई जाएगी।



### मप्र, हरियाणा , झारखंड व ओडिशा जूनियर महिला चैम्पियनशिप में जीते

**काकीनाडा।** हॉकी मध्यप्रदेश, हॉकी हरियाणा, हॉकी झारखंड और ओडिशा हॉकी संघ ने यहां जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में मंगलवार को अपने अपने पूल मैच जीते। पहले डिविजन ए मैच में हॉकी मध्यप्रदेश ने हॉकी चंडीगढ को 5-0 से हराया। कृष्णा शर्मा ने दो जबकि काजल, आयुषी पटेल और अन्नु ने एक एक गोल किया। अगले मैच में हॉकी हरियाणा ने हॉकी बंगाल को 7-1 से मात दी।हॉकी झारखंड ने हॉकी कर्नाटक को 2-0 से मात दी। ओडिशा हॉकी संघ ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 3-1 से हराया। डिविजन बी में उत्तराखंड ने पुडुच्चेरी को 11-0 से मात दी जबकि तमिलनाडु और दिल्ली ने 3-3 से ड्रॉ खेला।



### भारतीय सेना एफटी ने त्रिभुवन सेना एफसी को हराया

**जमशेदपुर।** पी क्रिस्टोफर कामेइ के पहले हाफ में किये एकमात्र गोल की मदद से भारतीय सेना एफटी ने दस खिलाड़ियों तक सिमटी त्रिभुवन सेना एफसी को डूरंड कप फुटबॉल ग्रुप सी के मैच में 1-0 से हरा दिया। नेपाल की त्रिभुवन सेना एफसी के तीन मैचों में एक ही अंक रहा जबकि भारतीय सेना के दो मैचों में तीन अंक हैं। भारतीय सेना के लिये क्रिस्टोफर ने 21वें मिनट में गोल दागा।

### सब-जूनियर राष्ट्रीय तैराकी में कर्नाटक चैंपियन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक 41वीं सब जूनियर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में मंगलवार को यहां 104 अंक के साथ चैंपियन बना। मणिपुर 81 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। राज्य के तैराक कोइजाम अथोइबा सिंह को 28 अंक के साथ सर्वश्रेष्ठ पुरुष तैराक चुना गया। गोव की पूर्वी रितेश नाईक 19 अंक के साथ सर्वश्रेष्ठ महिला तैराक रहीं। अथोइबा ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन 100 मीटर फ्रीस्टाइल में 58.59 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि लड़कियों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल में पूर्वी ने एक मिनट 4.40 सेकेंड के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।




## नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट

# शीर्ष वरीयता खिलाड़ी ज्वेरेव गत विजेता पोपिरिन को हराकर सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलिया के 18वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मन खिलाड़ी और यहां 2017 के चैंपियन ज्वेरेव ने पिछली बार के विजेता पोपिरिन को 6-7 (8), 6-4, 6-3 से पराजित किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला रूस के कारेन खाचानोव या अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन से होगा। दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव 75वीं बार एटीपी टूर के सेमीफ़ाइनल में पहुंचे हैं। वह अपने कुल 25वें और एटीपी 1000 मास्टर्स टूर्नामेंट में आठवें ख़िताब की तलाश में हैं।



### कनाडा की मबोको सेमीफाइनल में, अब मुकाबला रयबाकिना से

**मॉन्ट्रियल।** कनाडा की किशोरी विक्टोरिया मबोको ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में स्पेन की जेसिका बुजास मानेरो को 6-4, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए टूर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को हराने के दो दिन बाद टोरंटो की रहने वाली 18 वर्षीय खिलाड़ी मबोको को लय हासिल करने में देर लगी लेकिन उन्होंने जल्द ही मैच पर नियंत्रण बना दिया और सीधे सेट में जीत दर्ज की।



#### 6 साल बाद मबोका सेमीफाइनल में पहुंचीं

मबोको 2019 में बियांका एंड्रीस्कू के खिताब जीतने के बाद से इस डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली कनाडा की पहली खिलाड़ी हैं। वह टोरंटो में 2015 में बेलिंडा बेनकिच के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी भी हैं।

#### मुकाबला अब कजाकिस्तानी से

मबोको का सामना अब एलेना रयबाकिना से होगा, जिन्होंने मार्टा कोस्त्युक के हाथ में चोट लग जाने के कारण मैच के बीच में हट जाने के बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई। यूक्रेन की खिलाड़ी ने जब मैच से हटने का फैसला किया तब कजाकिस्तान की नौवीं वरीयता प्राप्त रयबाकिना 6-1, 2-1 से आगे चल रही थी।

## एक टेस्ट सीरीज में

# जडेजा, विराट सहित इन बल्लेबाजों ने इंग्लैंड में बनाए सर्वाधिक 50+ रन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम से 3 बल्लेबाजों ने 500 से अधिक रन बनाए, जिसमें रविंद्र जडेजा भी शामिल रहे। उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ बल्लेबाजी में निरंतरता से रन बनाए। इस अनुभवी ऑलराउंडर ने पहली बार किसी टेस्ट सीरीज में 500 रन का आंकड़ा पार किया। इस बीच इंग्लैंड में खेलते हुए एक टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक 50+ रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

### रविंद्र जडेजा (6 स्कोर, 2025)

जडेजा ने सभी 5 टेस्ट में हिस्सा लिया, जिसकी 10 पारियों में 86 की शानदार औसत से 516 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 5 अर्धशतक और 1 शतक लगाया। वह इस सीरीज में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज रहे। इसके साथ-साथ वह किसी द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में छठे या उससे निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए 500 से अधिक रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए।

### सुनील गावस्कर (5 स्कोर, 1979)

पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने 1979 में इंग्लैंड के दौरे पर जोरदार प्रदर्शन किया था। पारी की शुरुआत करते हुए उन्होंने 77.42 की औसत के साथ 542 रन बनाए थे। उन्होंने एक दोहरा शतक (221) लगाने के साथ-साथ 4 अर्धशतक लगाए थे। उन्होंने उस इंग्लैंड दौरे पर 55 चौके लगाए। हालांकि, वह कोई छक्का नहीं लगा सके थे। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 400 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका था।

### विराट कोहली (5 स्कोर, 2018)

इंग्लैंड ने 2018 में अपने घर पर खेलते हुए भारत को 4-1 से हराया था। भले ही उस सीरीज में भारतीय टीम को शिकस्त मिली थी, लेकिन विराट कोहली ने बल्लेबाजी में अलग स्तर का खेल दिखाया था। उन्होंने 10 पारियों में 59.30 की औसत के साथ 593 रन बनाए थे। कोहली ने 149 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ उस सीरीज में 3 अर्धशतक और 2 शतक लगाए थे।

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट

# एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वालों में मुथैया नंबर वन पर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा विकेट चटकाना किसी भी गेंदबाज के लिए उत्कृष्ट फॉर्म, फिटनेस और निरंतरता का प्रतीक होता है। जब एक गेंदबाज पूरे साल सभी प्रारूप में विपक्षी बल्लेबाजों के लिए चुनौती बन जाता है तब वह आंकड़ों में भी अपना दबदबा दर्ज करता है। ऐसे में आइए जानते हैं उन घातक गेंदबाजों के बारे में जिन्होंने एक साल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट चटकाकर क्रिकेट इतिहास में अपनी अलग पहचान बनाई।

### मुथैया मुरलीधरन (136 विकेट, 2001)

इस सूची में पहले स्थान पर श्रीलंका क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन हैं। उन्होंने साल 2001 में 45 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले थे और इस दौरान उन्होंने 1089.5 ओवर गेंदबाजी की थी। उन्होंने 245 मेडन ओवर के साथ 19.98 की औसत से उस साल 136 विकेट चटकाए थे।

### (128 विकेट, 2006)

दूसरे स्थान पर भी मुरलीधरन ही हैं। उन्होंने साल 2006 में 40 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले थे और 854.2 ओवर में 147 मेडन ओवर थे। वह 128 विकेट लेने में सफल रहे थे।

### शेन वॉर्न (120 विकेट, 1994)

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व महान गेंदबाज शेन वॉर्न इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने साल 1994 में 39 मुकाबले खेले थे और इस दौरान 902.2 ओवर गेंदबाजी की थी। वॉर्न ने 230 मेडन ओवर के साथ 120 विकेट चटकाए थे। उनकी इकॉनमी रेट 3.14 की रही थी। उन्होंने 9 बार 5 विकेट हॉल और 5 बार दोनों पारियों को मिलाकर 10 विकेट लिए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8/71 का रहा था।

### ग्लेन मैक्ग्रा (119 विकेट, 1999)

कंगारू टीम के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने साल 1999 में 41 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले थे और इस दौरान मैक्ग्रा ने 802.2 ओवर गेंदबाजी की थी। 187 मेडन ओवर के साथ उन्होंने 20.23 की औसत से 119 विकेट लिए थे। इस खिलाड़ी ने 6 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए थे और 1 बार दोनों पारियों को मिलाकर 10 विकेट लिया था।

## चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स

# अर्जुन एरिगेसी को गुजराती और गिरि से मिलेगी कड़ी चुनौती

**चेन्नई।** भारत के नंबर एक खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी को सोमवार 11 अगस्त से शुरू हो रहे चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे सत्र में नीदरलैंड के अनीश गिरि और अपने हमवतन विदित गुजराती से कड़ी चुनौती मिलेगी। इस टूर्नामेंट में विजेता को एक करोड़ रूपये मिलेंगे। पहली बार इसमें मास्टर्स और चैलेंजर्स वर्ग में क्लासिकल राउंड रॉबिन प्रारूप में नौ से अधिक दौर खेले जायेंगे। इससे पहले दो सत्र में सात दौर ही खेले जाते थे।



### ये अन्य खिलाड़ी भी लेंगे भाग

इसमें 19 ग्रैंडमास्टर्स भाग लेंगे और फिडे सर्किट अंक भी मिलेंगे जो 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह पाने के लिये अहम होंगे। टूर्नामेंट में निहाल सरीन और जर्मनी के विंसेंट केमेर जैसे खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। चैलेंजर्स वर्ग में डी हरिका , आर वैशाली, हर्षवर्धन जीबी , अभिमन्यु पुराणिक , ग्रैंडमास्टर अधिबान भास्करन भी हिस्सा लेंगे।

# वेस्टइंडीज-पाक के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 8 से, रिजवान संभालेंगे कप्तानी

एजेंसी ▶▶| त्रिनिदाद

पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने हाल ही में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ सम्पन्न हुई टी-20 सीरीज को 2-1 से जीतने में सफलता हासिल की थी। टी-20 सीरीज में पाकिस्तान ने पहला और तीसरा मैच जीता, जबकि दूसरा मुकाबला मेजबान टीम ने जीता था। अब दोनों देशों के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत 8 अगस्त से हो जाएगी। अभी वेस्टइंडीज की टीम का ऐलान नहीं हुआ है। इस सीरीज के लिए दोनों टीमें, शेड्यूल और अन्य अहम जानकारी पर एक नजर डालते हैं।

CRICKET WEST INDIES | PCB Pakistan Cricket Board

### रिजवान करेंगे पाकिस्तान की कप्तानी

मोहम्मद रिजवान पाकिस्तान की वनडे टीम की कप्तानी करेंगे। हसन नवाज वनडे टीम में एकमात्र अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। इनके अलावा बाबर आजम और शाहीन अफरीदी भी वनडे टीम में खेलते दिखेंगे। ये खिलाड़ी टी-20 सीरीज में नहीं खेले थे।

### ऐसा है वनडे सीरीज का शेड्यूल

पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत 8 अगस्त को होने वाले पहले मुकाबले से हो जाएगी। इसके बाद सीरीज का दूसरा मुकाबला 10 अगस्त को और तीसरा मुकाबला 12 अगस्त को खेला जाएगा। ये तीनों वनडे मैच त्रिनिडाड के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारतीय समयानुसार पहला वनडे रात 11:30 बजे से और आखिरी 2 वनडे मैच शाम 7 बजे से खेले जाएंगे।अभी वेस्टइंडीज की टीम का ऐलान नहीं हुआ है।

**वेस्टइंडीज का पलड़ा रहा है भारी**

अब तक दोनों देशों की भिड़ंत में वेस्टइंडीज ने ज्यादा मैच जीते हैं। अब तक दोनों टीमें वनडे प्रारूप में कुल 137 मैच में आपस में भिड़ी थी, जिसमें से वेस्टइंडीज ने 71 मैच जीते थे, जबकि पाकिस्तान ने 63 मुकाबले अपने नाम किए थे। इस बीच 3 मैच टाई भी रहे थे।

## एएफसी अंडर-17 एशिया कप फुटबॉल क्वालीफायर

# एशियाई कप 2026 के क्वालीफायर की मेजबानी करेगा अहमदाबाद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत 22 से 30 नवंबर तब होने वाले एएफसी अंडर-17 एशिया कप फुटबॉल क्वालीफायर की मेजबानी करने वाले सात मेजबानों में शामिल है। अहमदाबाद के 'द एरेना' में सभी मैचों का आयोजन किया जाएगा। क्वालीफायर के ड्रॉ सात अगस्त को होंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, "एएफसी अंडर-17 एशियाई कप सऊदी अरब 2026 क्वालीफायर के मेजबान देशों में शामिल होना भारत के लिए बेहद गर्व की बात है और अहमदाबाद में आयोजन को लेकर मैं काफी खुश हूं।

AFC U17 ASIAN CUP QUALIFIERS

### टीमों को 6 पॉट में किया गया है विभाजित

चौबे ने बताया कि 6 क्वालीफायर में भाग लेने वाली 38 टीम को वरीयता और पॉट आवंटन सिद्धांत के आधार पर छह पॉट में विभाजित किया गया है जो पिछले तीन टूर्नामेंट (2025, 2023 और 2018) में टीम के प्रदर्शन के आधार पर है। भारत पॉट दो में है। ड्रॉ के उद्देश्य से उसे एक अतिरिक्त मेजबान पॉट में रखा जाएगा जिससे कि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी मेजबान अलग-अलग समूहों में हों। चीन, वियतनाम, थाईलैंड, म्यांमार, किर्गिस्तान और जोर्डन अन्य छह मेजबान हैं जिन्हें भारत के समूह में नहीं रखा जा सकता।

### 38 देशों की टीमें ले रहीं भाग

क्वालीफायर में हिस्सा ले रहे 38 देशों को सात ग्रुप (छह टीम के तीन ग्रुप, पांच टीम के चार ग्रुप) में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप का विजेता एएफसी अंडर-17 एशियाई कप सऊदी अरब 2026 के लिए क्वालीफाई करेगा। फीफा अंडर-17 विश्व कप कतर 2025 में खेलने वाली नौ टीम पहले ही सऊदी अरब में होने वाले टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश कर चुकी हैं।

### 2026 क्वालीफायर ड्रॉ के लिए पॉट

**पॉट 1 :** ऑस्ट्रेलिया, यमन, ईरान, ओमान, थाईलैंड।
**पॉट 2:** अफगानिस्तान, मलेशिया, इराक, बांग्लादेश, लाओस, कुवैत।
**पॉट 3:** सिंगापुर, बहरीन, फिलिपींस, तुर्कमेनिस्तान, फलस्तीन।
**पॉट 4:** सीरिया, मंगोलिया, कंबोडिया, हांगकांग, चीनी ताइपे, ब्रुनेई दारुस्सलाम।
**पॉट 5:** नेपाल, उत्तरी मारियाना द्वीप, गुआम, मालदीव, तिमोर-लेस्ते, लेबनान।
**पॉट 6 :** मकाऊ, श्रीलंका, पाकिस्तान।
मेजबान पॉटः चीन, वियतनाम, थाईलैंड, भारत, म्यांमार, किर्गिस्तान और जोर्डन।

उत्तराखंड के धराली में बादल फटा, चारों ओर बर्बादी का मंजर | आपदा टीम द्वारा राहत और बचाव कार्य जारी

# पहाड़ों से आया तेज रफ्तार पानी अपने साथ कई मकानों को भी बहा ले गया


पूरा धराली गांव मलबे की चपेट में आ गया


गांव के घर, होटल और अन्य इमारतें बाढ़ के मलबे में धंस गईं


घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया


देवदूत बनी सेना, आईबेक्स ब्रिगेड के जवान घायलों को बचाने में जुटे

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में धराली गांव में मंगलवार को बादल फटने से पूरा गांव बाढ़ और मलबे की चपेट में आ गया। धराली उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में एक छोटा सा गांव है, जो गंगोत्री के पास हर्षिल क्षेत्र से सिर्फ 2 किमी आगे ही है। यहां से गंगोत्री धाम 8-10 किलोमीटर दूर है। यह देहरादून से 218 किमी दूर है। बादल फटने के बाद पहाड़ों से तेज रफ्तार में पानी नीचे आया, जो अपने साथ कई मकानों को भी बहा ले गया। पानी और मलबा इतनी तेजी से नीचे आ रहा था उससे उठने वाला गुबार पूरे गांव पर छा गया। पूरे गांव में बाढ़ का मलबा आ गया है। घर इस मलबे में डूबे नजर आ रहे हैं। भारतीय सेना ने बताया कि आज दोपहर लगभग 1:45 बजे, हर्षिल स्थित भारतीय सेना शिविर से लगभग 4 किलोमीटर दूर, धराली गांव के पास बादल फटने से लैंडस्लाइड हुआ।

### 10 मिनट में घटनास्थल पर पहुंची भारतीय सेना

सेना ने 150 कर्मियों को तैनात किया जो 10 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गए और तुरंत बचाव कार्य शुरू कर दिया। अब तक 15-20 लोगों को सफलतापूर्वक निकाला जा चुका है, और घायलों को हर्षिल स्थित भारतीय सेना के चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। सर्च और रेस्क्यू का काम चल रहा है। फंसे हुए लोगों का पता लगाने और उन्हें निकालने के लिए सभी संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है। स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है, और भारतीय सेना प्रभावित नागरिकों को हर संभव मदद कर रही है। पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और सेना मौके पर पहुंचकर समन्वय के साथ राहत और बचाव कार्य में जुट गई है।

ट्रंप के टैरिफ दबाव पर भारत के समर्थन में उतरा रूस, कहा-

# संप्रभु देश को व्यापार और आर्थिक सहयोग में साझेदार चुनने का स्वतंत्र रूप से अधिकार

अमेरिका की यह कार्रवाई दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में दखल की कोशिश

एजेंसी ▶▶ मॉस्को



रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया है। सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर टैरिफ की दर बढ़ाने की धमकी दी। वहीं, भारत के उसे 'अनुचित और अविवेकपूर्ण' तरीके से निशाना बनाने को लेकर अमेरिका और यूरोपीय संघ पर पलटवार किया। पलटवार से बौखलाए ट्रंप ने मंगलवार को भारत के फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स पर 250% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। इस दबाव और तनाव के बीच भारत को रूस का समर्थन मिला है। रूस ने कहा कि भारत एक संप्रभु राष्ट्र है। उसे अपने हितों के आधार पर व्यापार और आर्थिक सहयोग में साझेदार देश का चयन करने का अधिकार है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को यह बात कही।

रूस सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने भारत के संबंध में अमेरिका की चेतावनियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हमारा मानना है कि संप्रभु देशों को अपने हितों के आधार पर व्यापार साझेदार, व्यापार और आर्थिक सहयोग में साझेदार स्वयं चुनने और स्वतंत्र रूप से व्यापार और आर्थिक सहयोग के तरीकों को निर्धारित करने का अधिकार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संप्रभु देशों को अपने लिए व्यापार और आर्थिक सहयोग के लिए ऐसे साझेदार को चुनने का अधिकार होना चाहिए जो उनके हित में हो।



## अमरिका अपने घटते प्रभुत्व को स्वीकार नहीं कर पा रहा



दूसरी ओर, रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने अमेरिका द्वारा रूस के सहयोगी देशों पर लगाए जा रहे टैरिफ और प्रतिबंधों की तीखी आलोचना की। रूसी विदेश मंत्रालय ने इसे नव-उपनिवेशवादी एजेंडा करार दिया है। उन्होंने कहा कि राजनीति के चलते आर्थिक दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। जाखारोवा ने कहा कि दुर्भाग्य से प्रतिबंध आज के समय की हकीकत है, जिसका असर पूरी दुनिया के देशों पर पड़ा है। अमेरिका अपने घटते प्रभुत्व को स्वीकार नहीं कर पा रहा है और अब दुनिया में बहुपक्षीय अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था उभर रही है, लेकिन इसके बावजूद अमेरिका नव-उपनिवेशवाद एजेंडा चला रहा है। राजनीति से प्रेरित होकर उन देशों पर आर्थिक दबाव बना रहा है, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्वतंत्र होकर फैसले ले रहे हैं।

### वैश्विक विकास धीमा होने का खतरा

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने कहा कि यह कदम मुक्त व्यापार के उन सिद्धांतों का ही उल्लंघन है, जिसकी वकालत पश्चिमी देश ही करते थे। अब संरक्षणवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है और मनमाने तरीके से टैरिफ और प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। लैटिन अमेरिका में हमारे रणनीतिक साझेदार देश ब्राजील इस नीति का प्रमुख पीड़ित है। अमेरिका की यह कार्रवाई दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में दखल की कोशिश है। इन चिंताओं के अलावा वैश्विक आर्थिक विकास के भी धीमा होने, आपूर्ति श्रृंखला के बाधित होने का भी खतरा है।

### इतिहास के घटनाक्रम को नहीं बदला जा सकता

प्रवक्ता ने कहा कि हमारा विश्वास है कि कोई भी टैरिफ युद्ध या प्रतिबंध इतिहास के प्राकृतिक घटनाक्रम को नहीं रोक सकता। हम हमारे सहयोगियों, समान विचारधारा वाले देशों और खासकर वैश्विक दक्षिण के अपने सहयोगी देशों का समर्थन करते हैं और इनसे ऊपर हम ब्रिक्स का समर्थन करते हैं। हम अपने सहयोगी देशों के साथ सहयोग को बढ़ाने के लिए तैयार हैं ताकि बहुपक्षीय, समान अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को आकार देने में मदद की जा सके।

विमानन सुरक्षा ब्यूरो ने जारी की एडवाइजरी

# आतंकी समूहों से खतरा, पुख्ता करें सभी हवाई अड्डों पर सुरक्षा

22 सितंबर से 2 अक्तूबर 2025 के बीच कुछ खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने एक एडवाइजरी जारी करते हुए सभी संबंधित एजेंसियों और पक्षकारों को निर्देश दिया है कि देश के सभी हवाई अड्डों और हवाई ठिकानों पर सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया जाए। यह कदम 22 सितंबर से 2 अक्तूबर 2025 के बीच आतंकवादी समूह से संभावित खतरे को देखते हुए उठाया गया है। बीसीएएस ने कहा कि हाल ही में केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी से मिली जानकारी के अनुसार 22 सितंबर से 2 अक्तूबर 2025 के बीच कुछ असामाजिक तत्वों या आतंकी संगठनों से हवाई अड्डों को खतरा हो सकता है। इसको ध्यान में रखते हुए सभी हवाई अड्डों, हवाई पट्टियों, हवाई अड्डा क्षेत्रों, वायु सेना स्टेशनों और हेलीपैड जैसी सभी विमानन इकाइयों पर सुरक्षा उपायों को सख्त किया जाए।



### सभी एजेंसियां लगातार समन्वय बनाएं

सूत्रों के मुताबिक, यह एडवाइजरी एक खुफिया जानकारी के आधार पर जारी की गई है। यह जानकारी पाकिस्तान स्थित एक आतंकी संगठन की संदिग्ध गतिविधियों से जुड़ा हुआ है। एडवाइजरी में बीसीएएस ने यह भी कहा है कि स्थानीय पुलिस, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), खुफिया ब्यूरो (आईबी) और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर लगातार समन्वय बनाए रखना जरूरी है। बीसीएएस ने यह भी कहा है कि यदि किसी भी तरह की खुफिया जानकारी या चेतावनी मिलती है, तो उसे तुरंत सभी संबंधित पक्षों के साथ साझा किया जाए, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

### सभी की पहचान की कड़ी जांच की जाए

सुरक्षा उपायों के तहत बीसीएएस ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हवाई अड्डों पर काम करने वाले सभी कर्मचारियों, ठेकेदारों और आगंतुकों की पहचान की कड़ी जांच की जाए। इसके अलावा, सभी सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह से काम कर रहे हों और उनकी लगातार निगरानी की जाए, यह सुनिश्चित किया जाए। यह एडवाइजरी राज्य पुलिस, सभी हवाई अड्डों और एयरलाइंस सहित सभी संबंधित पक्षों को भेजी गई है।

## तख्तापलट के आरोप में पूर्व राष्ट्रपति नजरबंद

**साओ पाउलो।** ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को नजरबंद करने का आदेश दिया। बोल्सोनारो पर आरोप है कि उन्होंने 2022 का चुनाव हारने के बाद कथित तौर पर तख्तापलट करने की कोशिश का नेतृत्व किया



था। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस ने आदेश जारी करते हुए कहा कि बोल्सोनारो ने अपने बेटे के सोशल मीडिया चैनलों पर सामग्री पोस्ट करके उन पर लगाए गए एहतियाती उपायों का उल्लंघन किया है।

राज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकवाद पीड़ितों के परिवारों को सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा

# दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी, कई पीढ़ियों ने झेला दंश

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा मारे गए कश्मीरी नागरिकों के 158 पीड़ित परिजनों को नियुक्ति पत्र सौंपे। एलजी ने कहा कि दशकों से जो जख्म थे, वे अब भर रहे हैं। इस आयोजन ने उन परिवारों को एक राहत का एहसास दिलाया है जो वर्षों से चुपचाप आघात सह रहे थे। तीन दशकों से भी ज्यादा समय से आतंकी देश पाकिस्तान अपने छद्म आतंकी संगठनों के जरिए बेगुनाहों का खून बहा रहा है। उनकी आत्मा पर अदृश्य जख्म महसूस किए जा



सकते हैं और उनकी खामोश आंखें कई अधूरे सपनों की गवाह हैं।

### पुनर्वास के लिए प्रयास करेंगे

सिन्हा ने कहा कि आतंकवाद पीड़ित परिवारों के लिए न्याय और राहत की लंबी प्रतीक्षा समाप्त हुई। हम आतंकवाद पीड़ितों के पुनर्वास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। पीड़ित परिवारों के रिश्तेदारों से मेरा वादा है कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी।

## भारत-फिलीपींस का पहला संयुक्त नौसेनिक अभ्यास



**मनीला।** भारत और फिलीपींस ने विवादित दक्षिण चीन सागर में पहली बार संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया है। फिलीपींस के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रोमियो ब्राउनर ने सोमवार को कहा कि रविवार से शुरू हुआ दो दिवसीय संयुक्त नौसैनिक अभ्यास फिलीपीन के विशेष आर्थिक क्षेत्र के अंदर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने उम्मीद जताई कि फिलीपींस की सेनाएं भविष्य में भारत की सेना के साथ और अधिक संयुक्त युद्धाभ्यास में भाग ले सकेंगी। फिलीपींस से विदेशी नौसेनाओं के साथ समुद्री सहगोगात्मक गतिविधियां संचालित की गई हैं जो जलमार्ग पर चीन के बढ़ते दावों का मुकाबला करने के प्रयासों का हिस्सा हैं। इस अभ्यास में संधि सहयोगी अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और कनाडा के साझा नौवहन शामिल हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना की खास तैयारी

# वायुसेना-नौसेना ने ब्रह्मोस मिसाइलों का दिया बड़ा ऑर्डर, वीर युद्धपोत और सुखोई-30 में होगी तैनाती

जल्द ही उच्च स्तरीय बैठक में दी जाएगी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रह्मोस मिसाइलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अहम भूमिका निभाई थी और पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान पहुंचाया था। भारतीय सेना अब भारत-रूस के ज्वाइंट वेंचर ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों के लिए बड़ा ऑर्डर दे रही है। एक शीर्ष रक्षा विशेषज्ञ ने बताया कि रक्षा मंत्रालय की एक उच्च स्तरीय बैठक जल्द होगी, जिसमें बड़ी संख्या में ब्रह्मोस मिसाइलों के अधिग्रहण को मंजूरी दी जाएगी। ये खरीद भारतीय नौसेना के युद्धक जहाजों और भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के लिए की जाएगी। ब्रह्मोस एक लंबी दूरी की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली है जिसे जमीन, समुद्र और हवा तीनों जगह से प्रक्षेपित (लॉन्च) किया जा सकता है। ब्रह्मोस को डीआरडीओ, भारत और रूस के एनपीओएम द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। नौसेना इन मिसाइलों को अपने वीर-कैटेगरी के युद्धपोतों पर तैनात करने वाली है, जबकि वायु सेना इन्हें अपने रूसी मूल के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों पर लगाएगी।




मिसाइलों के जमीनी और हवाई वैरिएंट खरीदेंगे

## पीएम मोदी ने स्वदेशी हथियारों की तारीफ की

*नौसेना अपने वीर-क्लास युद्धक जहाजों में ब्रह्मोस मिसाइलों का इस्तेमाल करेगी। वहीं वायुसेना अपने लड़ाकू जहाज एसयू-30 एमकेआई के बेड़े में इन खतरनाक मिसाइलों को तैनात करेगी। हाल ही में पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर में भारत में बने हथियारों की तारीफ की थी। पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने हमारे स्वदेशी हथियारों की ताकत देखी। पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने हमारे स्वदेशी हथियारों की ताकत देखी। पीएम ने कहा कि हमारे एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल, ड्रोन्स और खासकर ब्रह्मोस मिसाइल ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत को साबित किया।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109